जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765

• आरा • बुधवार • 11 फरवरी 2026 • वर्ष 10 • अंक 277 • पृष्ठ 12


मूल्य ₹ 2.00

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

## 118 सांसदों के हस्ताक्षर, सचिवालय करेगा नियमों के तहत जांच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की औपचारिक पहल कर दी है। पार्टी ने इस संबंध में लोकसभा महासचिव को नोटिस सौंपा है, जिस पर कुल 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। यह प्रस्ताव लोकसभा के नियम 94(सी) के तहत दाखिल किया गया है। लोकसभा सचिवालय ने नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए कहा है कि नियमों के अनुरूप इसकी जांच के बाद आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब संसद के मौजूदा सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव चरम पर है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का आरोप है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने का अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा, कांग्रेस की महिला सांसदों के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार का मुद्दा भी विपक्ष द्वारा उठाया गया है। विपक्ष का कहना है कि लोकसभा में विपक्षी नेताओं को



अपनी बात रखने से रोका जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के सदस्यों को खुलकर बोलने की छूट दी जा रही है।

**रिजिजू बोले- कोई प्रभाव नहीं पड़ता ऐसे अविश्वास से** : इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ऐसे अविश्वास प्रस्ताव से कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि विपक्ष के पास आवश्यक संख्या बल नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने सदन में अनुशासनहीनता दिखाई और स्पीकर के पद की मर्यादा का उल्लंघन किया। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे स्पीकर से किसी विशेष कार्रवाई की मांग नहीं कर रहे हैं।

**विपक्षी दलों की हुई अहम बैठक** : इससे पहले मंगलवार सुबह संसद परिसर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में विपक्षी दलों की अहम बैठक हुई थी। बैठक में तृणमूल कांग्रेस, वाम दल, डीएमके, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार गुट) सहित कई दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय संसदीय इतिहास में यह चौथा अवसर है, जब लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इससे पहले 1954, 1966 और 1987 में भी ऐसे प्रस्ताव पेश किए जा चुके हैं, लेकिन किसी को भी सदन का समर्थन नहीं मिल पाया था। संविधान के अनुच्छेद 94 के तहत लोकसभा स्पीकर को हटाने के लिए कम से कम 14 दिन का नोटिस और सदन में बहुमत का समर्थन अनिवार्य होता है।

### कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बजट सत्र के दसवें दिन मंगलवार को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने देने की मांग और आठ सदस्यों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस सदस्य लगातार नारेबाजी करते रहे। लोकसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर कांग्रेस के सदस्यों ने नारेबाजी और हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके चलते कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। कार्यवाही जब फिर शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी पीसी मोहन ने सदन को बताया कि उन्हें स्थगन प्रस्तावों के कई नोटिस मिले हैं, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने सभी को नामंजूर कर दिया है। इसके बाद विभिन्न मंत्रालयों के मंत्रियों ने प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सदन के पटल पर रखे। इनमें वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार, केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल, कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर, गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, जलशक्ति राज्यमंत्री वी. सोमन्ना और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री सुरेश गोपी समेत कई मंत्री शामिल रहे। इस दौरान कांग्रेस सदस्यों का हंगामा लगातार जारी रहा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से अपील करते हुए कहा कि बजट सत्र में बजट पर चर्चा होनी चाहिए।

# प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के लोगों को 'बस्तर पांडुम' उत्सव के विशेष आयोजन पर दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ में 7-9 फरवरी तक मनाए गए 'बस्तर पांडुम' उत्सव के लिए राज्य के लोगों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "पहले जब भी बस्तर का नाम लिया जाता था, माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि मन में आती थी लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आज बस्तर न केवल अपने विकास के लिए बल्कि यहां के लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए भी जाना जाता है। मेरी यही कामना है कि आने वाला समय इस क्षेत्र के लिए शांति, प्रगति और सांस्कृतिक गौरव की भावना से परिपूर्ण हो।" गृहमंत्री अमित शाह की एक पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, " छत्तीसगढ़ में 'बस्तर पंडुम' उत्सव के दौरान जंगल की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जन जातीय विरासत का भव्य रूप दिखाया गया। इस प्रयास से जुड़े अपने सभी परिवारजनों को मेरी हार्दिक बधाई! ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। अमित शाह ने सोमवार को कहा था कि वामपंथी उग्रवादियों के भय और हिंसा से बाहर निकलकर बस्तर अपनी संस्कृति तथा धरोहरों को आगे बढ़ा रहा है और विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बन रहा है।




### प्रधानमंत्री ने सुभाषित साझा कर दिया शक्ति, संकल्प और धरती के सम्मान का संदेश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संस्कृत में सुभाषित साझा कर शक्ति, संकल्प, तेज और समृद्धि की कामना का संदेश दिया। उन्होंने धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कृषि, कल्याण और पोषण को जीवन का आधार बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सुभाषित साझा करते हुए लिखाः

**अस्मे वोऽअस्त्विन्द्रियमस्मे नृम्णमुत क्रतुरस्मे वर्चांसि सन्तु वः।**

नमो मात्रे पृथिव्यै नमो मात्रै पृथिव्याऽ इयन्ते राड् यन्तासि यमनो ध्रुवोसि धरुणः कृष्यै त्वा क्षेमाय त्वा रय्यै त्वा पोषाय त्वा॥

(अर्थः मनुष्य के जीवन में शक्ति, साहस, पुरुषार्थ और दृढ़ संकल्प होना चाहिए। व्यक्ति में तेज और आत्मबल बना रहे। मानव की प्रगति धरती के सम्मान, संरक्षण और प्रकृति के संतुलन से जुड़ी है और इसी से समाज का समग्र कल्याण संभव है। धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कृषि, कल्याण, समृद्धि और पोषण की प्रार्थना की गई है।) इस सुभाषित से प्रधानमंत्री ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ और दृढ़ संकल्प की कामना की है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने कई घरों को आग के हवाले किया

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर में नई सरकार के गठन के महज एक सप्ताह बाद ही हालात फिर बिगड़ते दिख रहे हैं। उखरुल जिले के लिटन सरेइखोंग गांव में हिंसा भड़क उठी, जहां उपद्रवियों ने कई घरों को आग के हवाले किया। घटना के बाद प्रशासन ने एहतियातन पूरे क्षेत्र में पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित की हैं। जानकारी के अनुसार, लिटन सरेइखोंग गांव में यह हिंसा तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हाल ही में हुई झड़प के बाद सामने आई है। आगजनी की घटना के बाद गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। स्थिति को काबू में रखने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। मणिपुर सरकार में मंत्री गोविंददास कोंथौजम ने बताया कि हिंसा के दौरान करीब 21 घरों को जलाया गया है। उन्होंने कहा कि हालात फिलहाल तनावपूर्ण बने हुए हैं, लेकिन प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। मंत्री के अनुसार, किसी भी नई घटना को रोकने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजा हैं और शांति बहाली के प्रयास हो रहे हैं।

# एक विधायक के रूप में आज जो उन्हें सम्मान दिया गया, वह उनके लिए भावुक और अविस्मरणीय : नितिन नवीन




**एजेंसी। पटना**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बिहार विधानसभा पहुंचे नितिन नवीन का सदन में विभिन्न दलों के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बिहार विधानसभा में अपने सम्मान के लिए सदन के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक विधायक के रूप में जिस प्रकार आज उन्हें सम्मान दिया गया, वह उनके लिए भावुक और अविस्मरणीय क्षण है। नितिन नवीन ने कहा, मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि आज का दिन इस रूप में आएगा। यह मेरे व्यक्तिगत प्रयास का नहीं, बल्कि आप सभी वरिष्ठ नेताओं और साथियों के मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद का परिणाम है। मैं पूरे सदन को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।उन्होंने मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्रियों तथा विभिन्न दलों के नेताओं का नाम लेकर आभार प्रकट किया और कहा कि सदन में काम करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक मर्यादाओं, अनुशासन और जनप्रतिनिधि के दायित्वों को समझना सीखा है।नवीन ने कहा कि राजनीति में आने वाले नए लोगों के लिए सदन एक शिक्षालय की तरह है, जहां पार्टी की विचारधारा के साथ-साथ जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और सदन की गरिमा बनाए रखने की सीख मिलती है। एक विधायक के रूप में हमें जनता की आवाज भी उठानी होती है और सदन की मर्यादा का भी ध्यान रखना होता है। इन दोनों के संतुलन से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि विधायक बनने के बाद उन्होंने शासन में पारदर्शिता और सुशासन की प्रक्रिया को करीब से देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा भावना और राज्य में सुशासन की स्थापना से प्रेरणा मिलती रही है।नितिन नवीन ने कहा कि सदन और सरकार में रहते हुए छोटी-बड़ी घटनाओं से बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए दायित्व के साथ भी वे लोकतांत्रिक मूल्यों, अनुशासन और जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखेंगे। इस अवसर पर सत्ता पक्ष और सहयोगी दलों के नेताओं ने इसे बिहार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की कामना की। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की ज्योति मांझी ने 45 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने को उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन ने विधायक और मंत्री के रूप में राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इसे सदन के लिए गौरवशाली क्षण बताते हुए कहा कि नितिन नवीन का चयन पार्टी की कार्यकर्ता आधारित संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी उन राज्यों में भी विस्तार करेगी, जहां अभी संगठन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सदस्यों ने भी उनके सरल, सहज और कुशल व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि बिहार की प्रतिभा और राजनीतिक चेतना का प्रमाण है।

### राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन का चयन सदन के लिए विशेष गौरव का विषय : डॉ प्रेम कुमार

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने वाले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन का चयन सदन के लिए विशेष गौरव का विषय है। उन्होंने विधानसभा की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में इस सदन के एक सदस्य का चयन होना पूरे सदन और बिहार की जनता के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन लंबे समय से सदन के सक्रिय सदस्य रहे हैं और अपनी कुशलता, सरलता तथा सुलभ व्यवहार से उन्होंने अलग पहचान बनाई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि साधारण कार्यकर्ता से शीर्ष नेतृत्व तक की उनकी यात्रा लोकतांत्रिक व्यवस्था में समर्पण और ईमानदारी के साथ किए गए कार्य का परिणाम है। यह भारतीय जनता पार्टी की उस कार्यसंस्कृति को भी दर्शाता है, जहां सेवा भाव से कार्य करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पहली बार इस सदन का कोई सदस्य विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व द्वारा बिहार को यह जिम्मेदारी देना राज्य के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने नितिन नवीन के मंत्री के रूप में किए गए कार्यों विशेषकर पथ निर्माण एवं निवेश के क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। लोजपा (रामविलास) के विधायक राजू तिवारी ने चिराग पासवान की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के माधव आनंद ने उपेंद्र कुशवाहा की ओर से बधाई देते हुए कहा कि यह सदन के लिए ऐतिहासिक दिन है।

# तेजप्रताप यादव की कथित लव लाइफ और बच्चे की खबरों पर मचा बवाल, कानूनी पचड़े में फंसे!

**एजेंसी। पटना**


बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर विवादों के केंद्र में हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कथित प्रेमिका अनुष्का यादव और एक नवजात बच्चे की खबरों ने बिहार की राजनीति और सोशल मीडिया पर हंगामा खड़ा कर दिया है। इंटरनेट पर दावा किया जा रहा है कि तेजप्रताप की कथित प्रेमिका रहीं अनुष्का यादव ने एक बच्चे को जन्म दिया है। इन खबरों के फैलते ही तेजप्रताप यादव ने तुरंत प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और इन सभी दावों को कोरी अफवाह बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनका अनुष्का यादव से किसी भी प्रकार का कोई रिश्ता नहीं है और यह उनके खिलाफ एक सोची-समझी साजिश है। यह विवाद इसलिए भी गंभीर हो गया है क्योंकि तेजप्रताप यादव कानूनन अभी भी शादीशुदा हैं। साल 2018 में उनकी शादी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा राय की पोती ऐश्वर्या राय के साथ हुई थी। हालांकि, शादी के कुछ महीनों बाद ही दोनों के बीच अनबन शुरू हो गई और तेजप्रताप ने तलाक की अर्जी कोर्ट में दाखिल कर दी थी। साल 2026 तक यह तलाक का मामला अभी भी अदालत में लंबित है और कानूनी रूप से फैसला आना बाकी है। ऐसी स्थिति में, बिना तलाक लिए दूसरी शादी करना या किसी अन्य के साथ ऐसे संबंध रखना जिससे बच्चा हो, उन्हें कानूनी रूप से बेहद मुश्किल स्थिति में डाल सकता है। तेजप्रताप और अनुष्का के संबंधों की चर्चा पहली बार साल 2025 में शुरू हुई थी, जब सोशल मीडिया पर दोनों की कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं। उन तस्वीरों में अनुष्का एक विवाहित महिला के रूप में नजर आ रही थीं और दावा किया गया था कि दोनों ने गुप्त रूप से शादी कर ली है। उस समय तेजप्रताप के सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट भी साझा की गई थी जिसमें 13 साल पुराने रिश्ते का जिक्र था।

अनजान लिंकों के जरिए केवाईसी जानकारी दर्ज न करें।




केवाईसी धोखाधड़ी से सावधान रहें!

अनजान लिंक = अनजान जोखिम




क्लिक करने से पहले सोचें

- फर्जी लिंकों से रहें सावधान।
- किसी लिंक पर क्लिक करने से पहले उसे भेजने वाले के बारे में पता करें।
- बैंक व्यक्तिगत जानकारी/ केवाईसी अपडेट के लिए कभी कोई लिंक नहीं भेजते।
- कभी भी ओटीपी, पिन, पासवर्ड, या गोपनीय जानकारी किसी को न बताएं।
- ऐसे मेसेजों को अनदेखा करें जिनमें दबाव की बनावटी परिस्थिति बताई गई हो।

सावधान रहें - सुरक्षित रहें

वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना तुरंत दें

cybercrime.gov.in पर या कॉल करें 1930 पर।

जागरूकता ही आपका सबसे मज़बूत रक्षा कवच है।

अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in

अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।

क्यूआर कोड स्कैन करें।

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935




जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA


www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### रजौली पुलिस की दबिश,लंबे समय से फरार एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**रजौली**। जिला पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रजौली पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम घासियाडीह में छापेमारी की। इस अभियान के दौरान पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे गैर-जमानती वारंटी सुरेश प्रसाद को उसके पैतृक आवास से विधिवत गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त सुरेश प्रसाद पिता रामेश्वर महतो, पुलिस की पकड़ से बचने के लिए लंबे समय से ठिकाने बदल रहा था, जिसे आखिरकार पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तारी के पश्चात पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं, जिसके बाद आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच माननीय न्यायालय में पेशी हेतु भेज दिया गया है।पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में हड़कंप व्याप्त है।

### खुरपका-मुंहपका रोग के विरुद्ध 15 हजार से अधिक पशुओं का हुआ टीकाकरण



पशुओं को टीका लगाते पशु चिकित्सक व अन्य

**रजौली**। पशुधन को घातक संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखने की दिशा में रजौली प्रखंड में इन दिनों खुरपका-मुंहपका मुंहपका रोग के विरुद्ध व्यापक टीकाकरण अभियान पूरी गति से चलाया जा रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित इस मुहिम के अंतर्गत 09 फरवरी 2026 तक प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में चार माह से अधिक आयु की लगभग 15,200 गायों और भैंसों को सफलतापूर्वक सुरक्षा चक्र प्रदान किया जा चुका है। विभाग ने इस बार प्रखंड के कुल 50,000 पशुओं के टीकाकरण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए स्वास्थ्य टीमें दिन-रात प्रयासरत हैं। इस वृहद अभियान को धरातल पर प्रभावी बनाने के लिए विभाग द्वारा 19 दक्ष निजी टीकाकर्मियों की सेवाएं ली जा रही हैं। ये टीकाकर्मी न केवल सुगम पंचायतों, बल्कि रजौली के चुनौतीपूर्ण पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में भी घर-घर जाकर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण सुनिश्चित कर रहे हैं। अभियान की कमान भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रेषु कुमार के हाथों में है, जो नोडल पदाधिकारी के रूप में पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। उनके सहयोग के लिए डॉ. नीरज कुमार सिंह और डॉ. अभय कुमार को सहायक नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है, जो टीकाकरण की गुणवत्ता और कवरेज पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। विभागीय अधिकारियों ने स्थानीय पशुपालकों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर टीकाकरण ही इस संक्रामक बीमारी से बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय है, जो न केवल पशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा करता है बल्कि पशुपालकों को होने वाले बड़े आर्थिक नुकसान से भी बचाता है।

### सदन में गूंजा पूर्णिया का विकास एजेंडा, विधायक विजय खेमका ने उठाए कई बड़े मुद्दे

#### एग्रो मॉडल पार्क से लेकर सड़क, शिक्षा और छात्रावास तक विकास की जोरदार पैरवी

**पटना ।** बिहार विधानसभा के चालू सत्र में पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों को विधायक विजय खेमका ने मजबूती से सदन के पटल पर रखा। उन्होंने गुलाबबाग स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति की भूमि (मेला ग्राउंड) पर आधुनिक सुविधाओं से लैस "एग्रो मॉडल पार्क" बनाने की मांग करते हुए कहा कि यह परियोजना कृषि विकास के साथ पर्यटन को भी नई दिशा देगी। विधायक ने प्रस्तावित एग्रो मॉडल पार्क में अत्याधुनिक क्रॉप एवं फूड जोन, प्लांट और ग्रीन एरिया, कैफेटेरिया, मिनी ऑडिटोरियम तथा बच्चों के लिए प्लेग्राउंड जैसी सुविधाएं विकसित करने की बात कही। उनका तर्क था कि सीमांचल के प्रमुख कृषि केंद्र पूर्णिया में ऐसी पहल से किसानों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी।

सदन में विजय खेमका ने दानवीर भामाशाह की जयंती को पूर्णिया में सरकारी महोत्सव का दर्जा देने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि भामाशाह का त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा का इतिहास नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है, इसलिए राज्य सरकार को इस आयोजन को संरक्षण देकर भव्य रूप देना चाहिए। इसके अलावा विधायक ने बांग्ला भाषी छात्र-छात्राओं के हित में पाठ्यक्रम की पुस्तकों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने पूर्णिया विश्वविद्यालय परिसर में तीन वर्ष पूर्व निर्मित 10 कमरों के आधुनिक भवन को जर्जर छात्रावास में रह रहे छात्रों को स्थानांतरित करने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि छात्रों की सुरक्षा और बेहतर सुविधा सर्वोपरि है, इसलिए नए भवन का उपयोग जल्द शुरू होना चाहिए।

विधायक ने पूर्णिया ईस्ट ब्लॉक के एमआर रोड बिलरिया काला दियरा से संथाल टोला तक की कच्ची सड़क को पक्की करने का भी निवेदन किया। साथ ही फार्मासिस्ट भर्ती में सेवा अवधि के आधार पर आयु सीमा और अंकों में अधिमान्यता देने संबंधी आग्रह पत्र मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंपने की जानकारी दी। विजय खेमका ने कहा कि पूर्णिया सहित सीमांचल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और राज्य सरकार के सहयोग से कई योजनाओं पर सकारात्मक कार्रवाई हो रही है। "सरकार की संकल्पित नीतियों से पूर्णिया का निरंतर विकास सुनिश्चित होगा," उन्होंने विश्वास जताया।

एक ही दिन में कृषि, शिक्षा, पर्यटन, सड़क और रोजगार जैसे मुद्दों को सदन में उठाकर विधायक ने साफ संकेत दिया कि पूर्णिया के विकास पर अब बहुआयामी फोकस रहेगा।

एग्रो मॉडल पार्क का प्रस्ताव सिर्फ किसानों के लिए बाजार नहीं, बल्कि परिवारों के लिए आकर्षण केंद्र भी बन सकता है—जहां खेती, हरियाली और पर्यटन का अनोखा संगम देखने को मिले।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि एग्रो मॉडल पार्क और बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाएं धरातल पर उतरती हैं, तो पूर्णिया सीमांचल का ग्रोथ हब बन सकता है। बेहतर सड़क, शिक्षा संसाधन और रोजगार के अवसर क्षेत्रीय पलायन को कम करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

# तकनीकी विभागों से संबंधित योजनाओं/परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में तकनीकी विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाओं/परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के क्रम में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल नालंदा द्वारा एनएच-31 के 97वें किलोमीटर पर कादिरगंज एसएच-08 से सादीपुर रेलवे हॉल्ट के समीप रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण कार्य की प्रगति से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया।पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान गोविंदपुर–दर्शन नाला पथ एवं एनएच-20 से गोपालपुर मोड़ होते हुए कुलना तक पथ निर्माण कार्य को प्रगति में बताया गया। साथ ही समीक्षा के क्रम में यह भी बताया गया कि लेघा-कझिया-नाद-कुलना पथ एवं नवादा स्टेशन रोड से गोसाईबीघा,जहाना, सुपौल पथ दोनों योजनाएं निविदा उपरांत तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया में हैं।

इसके साथ ही समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि लघु सिंचाई विभाग अंतर्गत कोशडीह पईन सिंचाई योजना का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा अंतिम छोर पर अतिक्रमण की समस्या को दूर करते हुए कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य सिंचाई योजनाओं



एवं चेक डैम निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) अंतर्गत विभिन्न पथ एवं पुल निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल रजौली द्वारा बताया गया कि गोविंदपुर प्रखंड में पीएमजीएसवाई योजनान्तर्गत चोरडीहा से नावाडीह एवं खखंदुआ से अवनैया पथ निर्माण योजनाओं के लिए प्रतिपूरक वनीकरण (Compensatory Afforestation) हेतु आवश्यक भूमि अंचल कार्यालय द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। जिला पदाधिकारी ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने पीएचईडी, नवादा को निर्देश दिया कि मेसकौर प्रखंड के सीतामढ़ी क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए आवश्यकतानुसार पानी टैंकर की उपलब्धता कराई जाए। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कनीय अभियंता से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए आगामी ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए जल समस्या के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त बैठक में विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में 20 सूत्री की बैठक में उठाए गए मामलों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आज की बैठक में निदेशक डीआरडीए, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल नवादा, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग नवादा एवं रजौली सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय में सीएससी सेवा शुरू,बीडीओ व सीओ ने फीता काटकर किया उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का उद्घाटन किया गया। बीडीओ संजीव झा और सीओ मो. गुफरान मजहरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीएओ रौशन कुमार, सीएससी जिला प्रबंधक कुंदन कुमार और सीएससी संचालक नीतीश कुमार भी मौजूद थे।

सीएससी जिला प्रबंधक कुंदन कुमार ने बताया कि इस सेंटर के माध्यम से अंचल के विभिन्न ग्राम पंचायतों के रैयतों को जमीन की रसीद, परिमार्जन, जमीन दाखिल-खारिज, एलपीसी समेत अन्य सेवाएं बाजार के अपेक्षाकृत कम खर्च में मिलेंगी। इसके अलावा जाति, आवासीय, आय, ओबीसी, एनसीएल, ऑनलाइन टिकट



फीता काटकर उद्घाटन करते बीडीओ व सीओ

बुकिंग, बिजली बिल पेमेंट, वाहनों के इंश्योरेंस, वृद्ध पेंशन केवाईसी समेत अन्य दर्जनों सुविधाएं किफायत दर पर आमलोगों को दी जाएंगी।

इस सेंटर के खुलने से ग्रामीण लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए निजी सायबर कैफे जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने अंचल में ही इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इससे उनका समय और पैसा दोनों बचेंगे।

सीएससी संचालक नीतीश कुमार ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि सेंटर में सभी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी, जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

## उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन पर पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में मंगलवार को उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसका उदघाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह व विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे,रौशन कुमार,अंगद कुमार,रजत रंजन,कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ० शशांक शेखर सिंह,सुमिताप रंजन,अनिल कुमार,मनोज कुमार,राजेश कुमार दास ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले शुरू हुए इस प्रशिक्षण में बिहार राज्य के विभिन्न जिलों (गया,



नवादा,शेखपुरा, जहानाबाद, जमुई, नालंदा) के 100 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उदघाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं को केवल विक्रेता नहीं,बल्कि कृषि तकनीकी सलाहकार की भूमिका में सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया और प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को किसानों तक पहुंचाएं और टिकाऊ कृषि की दिशा में सहयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों और उपयोगिताओं पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को वैज्ञानिक उर्वरक प्रबंधन के महत्व को समझने और उसे खेत स्तर पर लागू करने हेतु प्रोत्साहित किया। वैज्ञानिकों ने कहा कि उर्वरक विक्रेता किसानों के सबसे पहले संपर्क बिंदु होते है। अतः उनका तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। मौके पर सहयोगी पिंटू पासवान,श्रवण कुमार आदि मौजूद थे।

## उत्पाद विभाग की टीम ने नदी मार्ग से हो रही शराब तस्करी का किया पर्दाफाश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**◆ प्रति ट्रिप 1100 रुपये के लालच में महुआ शराब ढो रहे तस्करों के सिंडिकेट पर कसा शिकंजा, भारी मात्रा में खेप बरामद**

**रजौली**। थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरहेना पंचायत के पीपरपाती गांव के पास उत्पाद विभाग की टीम ने एक साहसिक कार्रवाई करते हुए नदी के रास्ते बाइक से ले जाई जा रही भारी मात्रा में महुआ शराब जब्त की है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, विभाग को पहले ही गुप्त सूचना मिली थी कि तस्करों द्वारा इस गुप्त मार्ग का उपयोग कर बड़ी खेप खपाने की योजना है, जिसके बाद मद्य निषेध अवर निरीक्षक न्यूटन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन कर इलाके की घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान जब दो बाइक सवार उस स्थल पर पहुंचे, तो उत्पाद टीम की मौजूदगी देख वे वाहनों को वहीं पटक कर भागने लगे। सक्रियता दिखाते हुए टीम ने पीछा कर एक बाइक सवार को दबोच लिया, जिसकी पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के रामदेव मोड़ निवासी 21 वर्षीय विकास कुमार के रूप में हुई है, जबकि उसका साथी गुड्डू कुमार अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा।

तलाशी के दौरान बिना निबंधन संख्या वाली पहली बाइक और दूसरी बाइक बीआर 01ईजे 9810 से कुल 260 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसे बोरों में बड़ी ही सावधानी से पैक किया गया



शराब धंधेबाज के साथ उत्पाद पुलिस

था। गिरफ्त में आए विकास कुमार ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह मात्र 1100 रुपये प्रति ट्रिप के लालच में शराब कारोबारियों के लिए इस जोखिम भरे काम को अंजाम दे रहा था। उसने तस्करी के इस खेल में शामिल मुख्य चेहरों के नामों का भी खुलासा किया, जिनमें रजौली के मोहकामा निवासी उदय कुमार एवं मुकेश कुमार और अकबरपुर के हाजीढाब निवासी मैगर यादव शामिल हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बाद उत्पाद थाना नवादा में कांड संख्या 148/25 दर्ज कर फरार अभियुक्तों की तलाश तेज कर दी गई है।इस सफल अभियान में सहायक अवर निरीक्षक सुमन भारती के साथ सिपाही मोहम्मद इरफान अंसारी और लवली सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके बाद अब पुलिस इस पूरे सिंडिकेट को ध्वस्त करने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

## बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई, 06 मामलों का ऑन-स्पॉट निष्पादन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। आज की सुनवाई में कुल 08 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 06 मामलों का ऑन-स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद में प्रखंड रजौली के रौनक कुमार द्वारा पुस्तकालय निर्माण के संबंध में, वारिसलीगंज के विश्वमोहन प्रसाद द्वारा कचरा एवं सफाई हेतु एग्रीमेंट तथा एकरारनामा के विरुद्ध कार्य करवाने के संबंध में, अंचल अकबरपुर के अंकित कुमार एवं अमित कुमार पांडेय द्वारा दखल-कब्जा दिलाने के संबंध में, अंचल अकबरपुर अंतर्गत ग्राम कुहिला के पिंटु कुमार द्वारा सोलर लाईट लगाने के संबंध में तथा पार नवादा रेलवे लाईन के राजेश कुमार द्वारा सरकारी रास्ते पर अवैध रूप से ठेला लगाकर किए गए अतिक्रमण के





संबंध में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर की गई थी।संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर परिवादों का निष्पादन किया गया।

उल्लेखनीय है कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर अधिकतम दो माह के भीतर निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है। वहीं जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय परिसर में मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है।विवादों की सुनवाई एवं निवारण की प्रक्रिया में दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष रूप से निर्णय लिया जाता है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं है। शिकायत दर्ज करने, निवारण कराने तथा आदेश से असंतुष्ट होने की स्थिति में निःशुल्क अपील की व्यवस्था उपलब्ध है। अब शिकायतों एवं अपीलों को ऑनलाईन माध्यम से भी दर्ज किया जा सकता है, जिससे शिकायत निवारण की प्रक्रिया और अधिक सरल एवं सुलभ हो गई है। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

## वाहन स्वामी ने बिहार के अधिकारियों पर लगाया गाड़ी चोरी और साजिश का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। बिहार के नवादा और झारखंड के कोडरमा जिले की सीमा पर अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई अब एक बड़े कानूनी विवाद में तब्दील हो गई है। नवादा के खनन निरीक्षक संतोष कुमार झा के बयान पर जहां एक ओर एफआईआर दर्ज कर ट्रकों को जब्त किया गया है, वहीं दूसरी ओर वाहन स्वामी राजेंद्र मेहता ने बिहार के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले को नया मोड़ दे दिया है।

वाहन स्वामी राजेंद्र मेहता का दावा है कि उनके वाहन जेएच12एम 0059 और जेएच 12एस 6326 गत 8 फरवरी की रात लगभग 12:30 बजे डोमचांच के एक स्टोन क्रेशर से गिट्टी लादकर वैध चालान के साथ जा रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उनके चालक काली मंदिर, मेघातरी (झारखंड) के पास ट्रक खड़ा कर भोजन कर रहे थे, तभी खनन निरीक्षक ने पुलिस व प्रशासन के सहयोग से झारखंड की सीमा में घुसकर ट्रकों के लॉक तोड़ दिए और दूसरे ड्राइवरों के जरिए जबरन गाड़ियों को बिहार के रजौली बॉर्डर पर ले आए। राजेंद्र मेहता का सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि अधिकारियों ने झारखंड से उनके वाहनों की 'चोरी' की और फिर बिहार की जांच चौकी पर ले जाकर उनमें अपनी मर्जी से अतिरिक्त गिट्टी और पत्थर का चूरा डाल दिया ताकि उन्हें 'ओवरलोडेड' दिखाया जा सके। दूसरी ओर, नवादा खनन विभाग के थाने में दर्ज कांड संख्या



वाहन के समीप वाहन स्वामी

76 /26 दस्तावेजों के अनुसार, यह कार्रवाई बिहार-झारखंड सीमा पर अवैध परिवहन रोकने के लिए किए गए संयुक्त छापेमारी का हिस्सा थी। विभागीय रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस बल को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। हालांकि, वाहन स्वामी ने इसे महज परेशान करने और वसूली करने की नीयत से की गई 'साजिश' करार दिया है। मेहता ने इस कृत्य को कानून के दायरे से बाहर बताते हुए कोडरमा के उपायुक्त और नवादा के जिलाधिकारी को साक्ष्य के साथ लिखित शिकायत सौंपी है।उन्होंने मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज और लोकेशन की जांच कर दोषी अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज की जाए और उनके अवैध रूप से जब्त किए गए वाहनों को मुक्त किया जाए। दो राज्यों के बीच सीमा विवाद और भ्रष्टाचार के इन आरोपों ने अब प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है।हालांकि इस संबंध में खनन विभाग के इंस्पेक्टर संतोष प्रकाश झा से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बोला कि इस मामले के बारे एसडीएम रजौली से बात किजिये। तत्पश्चात जब एसडीएम रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने कहा हमलोग मिडीया में ब्यान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं, डीएम साहब जबाब देंगे।

# समारोहपूर्वक सेवा निवृत्त एएनएम को दी गई भावभीनी विदाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज**। नगर परिषद अंतर्गत माफ़ी गढ़ पर स्थित रेफरल अस्पताल के सभागार में मंगलवार को बहेरा एवं महदीपुर उपस्वास्थ्य केंद्र से सेवा निवृत्त एएनएम श्रीमती शीला देवी एवं श्रीमती रेणु देवी के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मियों ने उनके दीर्घकालीन सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।एवं अंग बस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरती अर्चना एवं डॉ. राम कुमार ने कहा कि दोनों एएनएम ने अपने सेवाकाल के दौरान निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से कार्य करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया। ग्रामीण क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा।उन्होंने कहा की जिले में वारिसलीगंज का स्थान हमेशा श्रेष्ठ रहा है जिसमें यहाँ के स्वास्थ्य कर्मियों के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। विदा हो रही शीला देवी एवं रेणु देवी का भी काफ़ी सहयोग मिला।

कार्यक्रम में श्री मति शीला देवी ने अपने 37बर्षो के सेवा में आये किसी भी परस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन एवं





घर की जिम्मेवारियों को बखूवी निभाते हुए अपने वक्तव्य के दौरान भावुक हो गयी।

कार्यक्रम में सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवादा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने सेवा निवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मियों का अनुभव स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए प्रेरणास्त्रोत होता है।

विदाई समारोह का संचालन डॉ. गोविन्द जी तिवारी ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सेवा निवृत्त एएनएम को सम्मानित किया। समारोह का वातावरण भावुक हो उठा और उपस्थित कर्मियों ने उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। गिरजानंदनी कुमारी ने विदाई गीत गाकर माहौल को भावुक बनाया दिया।मौके पर कौआकोल स्वास्थ्य प्रबंधक राजेश कुमार,अरूंजय मेहता,अजय कुमार, चंदन कुमार सहित सैकड़ो स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मध्य रेल की सख्त कार्रवाई: जनवरी में 1030 लोग चेन पुलिंग के आरोप में, 3567 पुरुष महिला डिब्बे में यात्रा करते पकड़े गए

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल ने जनवरी माह के दौरान रेलवे नियमों के उल्लंघन के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। 'ऑपरेशन समय पालन' और 'ऑपरेशन महिला सुरक्षा' के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने हजारों लोगों को हिरासत में लिया है। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों की समयबद्धता बनाए रखना और महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। रेल प्रशासन के अनुसार बिना पर्याप्त कारण चेन पुलिंग कर ट्रेनों को बीच मार्ग में रोकना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे रेल संचालन बाधित होता है और हजारों यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक विशेष निगरानी अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर 1030 लोगों को चेन पुलिंग करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। सभी के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। सर्वाधिक मामले दानापुर मंडल में सामने आए, जहां 496 लोग पकड़े गए। इसके अलावा समस्तीपुर मंडल में 200, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 108, सोनपुर मंडल में 130 तथा धनबाद मंडल में 96 लोगों पर कार्रवाई की गई।

इसी अवधि में महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 'ऑपरेशन महिला सुरक्षा' भी चलाया गया। महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ सख्त धर-पकड़ अभियान चलाया गया। जनवरी माह में 3567 पुरुष यात्रियों को महिला डिब्बे में यात्रा करते हुए पकड़ा गया और उनके खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत कार्रवाई की गई। इस मामले में भी दानापुर मंडल में सर्वाधिक 1797 पुरुष यात्री पकड़े गए। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 656, समस्तीपुर मंडल में 488, सोनपुर मंडल में 396 तथा धनबाद मंडल में 230 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ट्रेनों को अनावश्यक रूप से रोकना और महिला कोच में अवैध रूप से यात्रा करना गंभीर अपराध है। ऐसे कृत्य न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। पूर्व मध्य रेल ने यात्रियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रेल यात्रा में सहयोग दें। आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियानों को और अधिक सख्ती से जारी रखा जाएगा।

### पत्नी से मारपीट का आरोपी पति गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया




**मसौढ़ी**। लहसुना थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव में घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है।लहसुना पुलिस ने पत्नी से मारपीट के आरोपी पति चंदन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि मंगलवार को रिमु देवी ने अपने पति चंदन कुमार के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने पति पर मारपीट का आरोप लगाया था.शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 96/26 दर्ज किया।मंगलवार को ही आरोपी चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रिमु देवी ने पुलिस को बताया कि उनका पति उन्हें पीट-पीटकर प्रताड़ित कर रहा था। इस प्रताड़ना से तंग आकर उन्होंने पुलिस की मदद लेने का फैसला किया। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने यह भी बताया कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए छापामारी और गश्ती अभियान तेज कर दिया गया है।पुलिस का यह कदम महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने में प्रभावी साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

### जब्त देसी शराब को थाना परिसर में किया गया नष्ट



**मसौढ़ी**। लहसुना थाना परिसर में दो कांडों में जब्त की गई शराब का विधिवत विनष्टीकरण किया गया।यह कार्रवाई थानाध्यक्ष खुशबू खातून एवं उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ।इस दौरान कुल 160 लीटर देशी शराब को नष्ट किया गया।अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब दो कांडों से संबंधित था, जिसे न्यायालय के आदेश के आलोक में विनष्ट किया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।वहीं पुलिस लगातार छापेमारी भी कर रही है। साथ ही थानाध्यक्ष ने बताया कि राज्य में लागू मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत अवैध रूप से शराब में संलिप्त लोगों के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है।

### वैशाली इंजीनियरिंग कॉलेज में 5 दिवसीय संगोष्ठी का समापन

**हाजीपुर**। बिदुपुर के चकसिकंदर स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, वैशाली में बिहार विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित पांच दिवसीय संगोष्ठी का समापन हो गया। "स्मार्ट कम्युनिकेशन और ऊर्जा प्रौद्योगिकियों" पर आधारित इस संगोष्ठी के सफल प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार के संबोधन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बीटेक के छात्र प्रकाश कुमार ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों के साथ-साथ महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित रहे। बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि विकसित बिहार का उद्देश्य आईटी के क्षेत्र में अग्रणी बनना है, जिसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

# फतुहा के एसकेएमवी कॉलेज में छात्रवृत्ति को लेकर हंगामा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

### तकनीकी त्रुटि बनी भुगतान में बाधा



**पटना**। पटना जिले के फतुहा स्थित एसकेएमवी कॉलेज में मंगलवार को स्नातक के छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और परिसर में घंटों तक हंगामा करते रहे। स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गई, जिसके बाद कॉलेज कर्मियों को हस्तक्षेप कर छात्रों को समझाना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद माहौल शांत कराया जा सका।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि उनकी वैध छात्रवृत्ति की राशि जानबूझकर रोकी गई है। उनका आरोप था कि राशि नहीं मिलने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कई छात्रों के खाते में अब तक छात्रवृत्ति की रकम नहीं पहुंची थी, जिससे असंतोष बढ़ गया।

छात्रों के बीच यह चर्चा भी फैल गई थी कि पूर्व में कॉलेज बंद रहने के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) द्वारा किए गए औचक निरीक्षण की प्रतिकूल रिपोर्ट के कारण भुगतान रोका गया है। इसी आशंका के आधार पर नाराज छात्र कॉलेज परिसर से निकलकर प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन पहुंच गए और वहां भी विरोध जताया। उनकी मुख्य मांग थी कि रुकी हुई छात्रवृत्ति की राशि का अविलंब भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुजीत कुमार ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति रोके जाने का कारण कोई निरीक्षण रिपोर्ट नहीं है, बल्कि कॉलेज के अंदरूनी प्रशासनिक विवाद के चलते तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई थी। पूर्व में दो प्राचार्यों के बीच चले विवाद के दौरान सिस्टम कोड में त्रुटि दर्ज कर दी गई थी, जिससे डेटा सत्यापन की प्रक्रिया बाधित हो गई और छात्रवृत्ति की राशि अटक गई।

उन्होंने जानकारी दी कि नए प्राचार्य द्वारा संबंधित तकनीकी त्रुटि को हटवा दिया गया है और पोर्टल को अपडेट करने की प्रक्रिया चल रही है। तकनीकी सुधार के बाद जल्द ही छात्रवृत्ति की राशि विद्यार्थियों के खातों में भेज दी जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद छात्रों का आक्रोश शांत हुआ और स्थिति सामान्य हो गई।

### पटना डोभी एनएच-22 पर उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई, 221.625 लीटर विदेशी शराब जब्त की



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी**। पटना डोभी एनएच 22 स्थित नदौल चेक पोस्ट पर मंगलवार की अहले सुबह उत्पाद विभाग की टीम ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है. उत्पाद अधीक्षक संजय चौधरी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पटना डोभी एनएच-22 स्थित के रास्ते शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने पटना डोभी एनएच 22 स्थित नदौल चेक पोस्ट के पास घेराबंदी कर जांच शुरू की।इसी दौरान एक कार को रोका गया,जिस पर विदेशी शराब लदा हुआ था। वाहनों की तलाशी लेने पर कुल 221.625 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही शराब को जब्त करते हुए कार को सीज कर दिया।मामले में संबंधित धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्करी से जुड़े तस्करी नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

### स्थानांतरण पर शिक्षक को दी गई विदाई




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी**। धनरूआ प्रखंड के मध्य विद्यालय सोनमई के प्रधानाध्यापक उमेश प्रसाद के स्थानांतरण के अवसर पर विद्यालय परिसर में समारोहपूर्वक विदाई कार्यक्रम हुआ. विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें सम्मान के साथ विदा किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक बास्किनाथ प्रसाद एवं संचालन शिक्षक संघ के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार हिमांशु ने की.

मौके सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से माला पहनाकर उन्हें विदाई दी.प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश कुमार ने कहा कि अपने सेवाकाल में जो छाप शिक्षक छोड़ जाते हैं,वही उनकी असली पहचान होती है।इस अवसर पर पूर्व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नवल किशोर एमडीएम प्रभारी बिंदा प्रसाद लेखपाल नदीम अहमद सुरेन्द्र प्रसाद आरिफ जलाल विनोद कुमार वर्मा सूर्यकांत कुमार विश्वजीत पंडित बीरेंद्र कुमार राम कुमार शबनम शबाना कल्पना मंजू कुमारी अदिति कुमारी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# बियाडा की पीसीसी बैठक में 13 औद्योगिक इकाइयों को 11.52 एकड़ भूमि आवंटित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

### 139.57 करोड़ निवेश से 1010 रोजगार सृजन का अनुमान




**पटना**। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) की प्रोजेक्ट क्लीयरेंस कमिटी (पीसीसी) की महत्वपूर्ण बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडीए के प्रबंध निदेशक श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न आवेदनों पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद योग्य उद्यमियों को औद्योगिक भूखंड और शेड आवंटित करने का निर्णय लिया गया तथा नियमानुसार प्रक्रिया पूरी की गई।

बैठक में कुल 13 औद्योगिक इकाइयों को पटना, बेगूसराय, पूर्णिया, दरभंगा, औरंगाबाद, बक्सर और वैशाली सहित राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 11.52 एकड़ भूमि आवंटित की गई। इन इकाइयों का संबंध टेक्सटाइल एवं लेदर, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, प्लास्टिक, सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) तथा सामान्य विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्रों से है। इससे राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

जिन प्रमुख कंपनियों को भूमि आवंटित की गई है, उनमें मेसर्स सीएफ बायोटेक गुजरात प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स जे एंड जे एग्रोवेट प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स बरौना फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स केम्प्टी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड तथा मेसर्स ओलट्रेडी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन इकाइयों ने कुल मिलाकर लगभग 139.57 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। प्रस्तावित निवेश से करीब 1010 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है, जिससे राज्य के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी।

बियाडा द्वारा पारदर्शी और नीतिगत व्यवस्था के तहत औद्योगिक भूमि आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। उद्यमियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचना और सुविधाओं का भी लगातार विस्तार किया जा रहा है। समिति के इस निर्णय को बिहार में औद्योगिक विस्तार, निवेश माहौल को प्रोत्साहन और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राज्य सरकार और बियाडा के संयुक्त प्रयासों से बिहार को देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में स्थापित करने की दिशा में यह पहल एक अहम उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है।

# सुनील सिंह बोले-टपोरी मंत्री ने मुझे सदन में गालियां दीं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



- अशोक चौधरी के साथ तीखी बहस, विधान परिषद में हंगामा, विपक्षी एमएलसी एक दिन के लिए सस्पेंड

**पटना**। लंच ब्रेक के बाद विधानसभा में पथ निर्माण विभाग के बजट पर चर्चा हुई। राजद विधायक सुरेंद्र राम ने तेजस्वी यादव को नौकरी मैन ऑफ द बिहार की उपाधि दी। इधर, बिहार विधान परिषद में मंगलवार को भी जमकर हंगाामा हुआ। कल हुए विवाद पर राजद के MLC ने सवाल उठाए। जिसके बाद पक्ष-विपक्ष के MLC में बहस हुई। राजद MLC बेल में आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे को देखते हुए सभापति अवधेश नारायण सिंह ने विपक्ष के MLC को पूरे दिन की कार्यवाही के लिए सदन से बाहर कर दिया। सभापति ने सदन में मार्शल को भी बुलाया, ताकि MLC को बाहर किया जा सके। इस दौरान अशोक चौधरी और सुनील सिंह के बीच तीखी बहस हुई। अशोक चौधरी ने सुनील सिंह से कहा, 'तुम क्या हो।' वहीं सुनील सिंह ने बेल में आकर, 'अशोक चौधरी होश में आओ' के नारे लगाए। दोनों ओर से औकात दिखाने देने तक की बातें हुईं। सुनील सिंह ने अशोक चौधरी को टपोरी कहा। उन्होंने कहा, 'टपोरी मंत्री ने मुझे गालियां दीं। प्रोसिडिंग के पेपर से मुझे मारने की कोशिश की गई।' वहीं उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा, 'राजद सदस्य ने लोकतंत्र के मंदिर में दलित मंत्री को गाली दी है। वीडियो फुटेज देखकर कार्रवाई हो और वो माफी मांगे।' इसपर सभापति ने कहा, 'इस पर हमने संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट का जो निर्णय है, उस पर भी विचार होगा।' बीजेपी अध्यक्ष बनने के बाद बांकीपुर विधायक नितिन नवीन पहली बार विधानसभा पहुंचे। एनडीए विधायकों ने उनका स्वागत किया। विधानसभा में उनके आते ही भारत माता जय के नारे लगे। स्पीकर समेत सदन के सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। इधर, बजट सत्र के छठे दिन भी विपक्ष लॉ-एंड-ऑर्डर पर सरकार को घेरने की कोशिश दिखी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया।

**महिला अपराध पर विपक्ष का वॉकआउट**: माले के विधायक संदीप सौरभ ने कहा, विपक्ष एकजुट होकर कार्य स्थगन प्रस्ताव विधानसभा में लाया है। हम सभी चाहते हैं कि सभी मुद्दों को दरकिनार कर महिला उत्पीड़न के मामले पर चर्चा कराई जाए। हंगामे को देखते हुए स्पीकर ने मार्शल को बुलाया है, और पोस्टर हटाने को कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, आपलोगों को मौका मिलेगा शून्यकाल में मुद्दे को उठाइएगा। इधर, संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी सदन में खड़े हुए। उन्होंने कहा, 'विपक्ष नारे लगा रहा है कि सीएम जवाब दें। लेकिन इसकी एक प्रक्रिया है। विपक्ष तय नियमावली के तहत सवाल उठाए। सरकार जब देने के लिए तैयार है।' हंगामे के बाद विपक्ष के विधायकों ने सदन से वॉक आउट किया।

# पटना- 32 लाख कैश के साथ दो युवक पकड़ाए




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। पटना सिटी के मुंगलपुरा में पुलिस ने मंगलवार को दो युवकों के पास से 32 लाख रुपए बरामद किए हैं। ये युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें रोका। पुलिस को देखकर युवकों ने भागने का प्रयास किया, जिसके बाद उन्हें रोककर उनके बैग की तलाशी ली गई। बैग से 500 रुपए के नोटों में 32 लाख रुपए मिले। युवकों ने बताया कि यह पैसा वर्धमान की एक कंपनी का है, जिसे वे पटना के एक बैंक में जमा करने जा रहे थे।

युवकों के जवाब पर पुलिस को संदेह हुआ। इसके बाद उन्हें थाने ले जाकर गहन पूछताछ शुरू की गई है। पुलिस ने इस मामले में आयकर विभाग को भी सूचना दी है। पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि मुंगलपुरा चौकी के पास से गुजरते समय पुलिस ने युवकों को रोका था।

# चेतना, वैराग्य, सृजन और संहार के संतुलन का प्रतीक है- "शिव तत्व" ("शिव तत्व" पुस्तक का हुआ विमोचन)

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। भारतीय सनातन परंपरा में भगवान शिव केवल एक देवता नहीं हैं, बल्कि चेतना, वैराग्य, सृजन और संहार के संतुलन का प्रतीक हैं। इसी गूढ़ और विराट शिव दर्शन को सरल, बोधगम्य और समकालीन संदर्भों में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है लेखक जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने अपनी पहली पुस्तक "शिव तत्व" के माध्यम से। यह पुस्तक न केवल धार्मिक आस्था को पुष्ट करती है, बल्कि पाठकों को आत्मचिंतन और आध्यात्मिक यात्रा के लिए भी प्रेरित करती है। जितेन्द्र कुमार सिन्हा की पुस्तक "शिव तत्व" का लोकार्पण पटना के दो अलग-अलग प्रतिष्ठित स्थानों पर संपन्न हुआ। पहला लोकार्पण चित्रगुप्तनगर स्थित होटल ऑरेंज इन में आयोजित किया गया, जबकि दूसरा लोकार्पण आशियाना दीघा रोड स्थित विशाल आदित्य अपार्टमेंट में हुआ। दोनों ही आयोजनों में साहित्य, धर्म और समाज से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

होटल ऑरेंज इन में आयोजित कार्यक्रम में गुरुदेव श्री ठाकुर अरुण कुमार सिंह ने पुस्तक का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिव की महिमा, उनके तत्वज्ञान और भारतीय जीवन दर्शन में शिव की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। गुरुदेव ने कहा कि शिव तत्व को समझना स्वयं को समझने के समान है। उन्होंने लेखक जितेन्द्र कुमार सिन्हा को उनकी पहली पुस्तक के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह कृति आध्यात्मिक जिज्ञासुओं के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शक सिद्ध होगी। दूसरा लोकार्पण महालेखाकार बिहार से सेवा निवृत्त शशिभूषण प्रसाद द्वारा विशाल आदित्य अपार्टमेंट में किया गया। उन्होंने पुस्तक की विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि "शिव तत्व" में भगवान शिव, रुद्राक्ष और ज्योतिर्लिंग, तीनों का एक साथ समावेश पुस्तक को विशिष्ट बनाता है। उन्होंने इसे शोधपरक होने के साथ-साथ आम पाठक के लिए भी सहज और पठनीय बताया तथा लेखक को उज्ज्वल साहित्यिक भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

पुस्तक विमोचन के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र कुमार रंजन ने धर्म आधारित विचारों के संदर्भ में पुस्तक की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और लेखक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। होटल चित्रगुप्तनगर इन में आयोजित कार्यक्रम में प्रख्यात एंकर शैलेश कुमार, जदयू महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष श्रीमती उषा सिन्हा, संजय कुमार, रविन्द्र कुमार रंजन एवं बिरेंद्र कुमार रंजन सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। वहीं विशाल आदित्य अपार्टमेंट में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में अमित सिन्हा, धर्मेश कुमार, पंकज कुमार, धीरज कुमार और प्रशांत कुमार सिन्हा की सहभागिता रही, जिन्होंने लेखक को बधाई देते हुए पुस्तक को समाज के लिए उपयोगी बताया।

"शिव तत्व" पुस्तक में शिव दर्शन को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उसे जीवन मूल्यों, आत्मशुद्धि और चेतना के विस्तार से जोड़ा गया है। रुद्राक्ष की महत्ता, ज्योतिर्लिंगों का आध्यात्मिक महत्त्व और शिव के विभिन्न रूपों का विवेचन पुस्तक को गहराई प्रदान करता है। यह कृति पाठकों को शिव के बाह्य स्वरूप से आगे बढ़कर उनके आंतरिक तत्व को समझने का अवसर देती है। जितेन्द्र कुमार सिन्हा की पहली पुस्तक "शिव तत्व" का लोकार्पण न केवल एक साहित्यिक उपलब्धि है, बल्कि यह आध्यात्मिक चेतना के प्रसार की दिशा में भी एक महत्त्वपूर्ण कदम है। विद्वानों, पत्रकारों और समाज के विभिन्न वर्गों से मिले सकारात्मक प्रतिसाद ने यह संकेत दे दिया है कि यह पुस्तक पाठकों के बीच अपनी विशेष पहचान बनाएगी।

**स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार**

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- BCECEB/Health/JR/2025/04 दिनांक- 10.02.2026

विज्ञापन संख्या-BCECEB/Health/JR/ 2025/01 एवं 2025/02 दिनांक 14.01.2026 के क्रम में सर्वसाधारण एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त विज्ञापन के आलोक में निर्धारित अवधि में पूर्णरूपेण स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट के (टेन्योर एक वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु Online आवेदन पत्र भरा है, को सूचित किया जाता है कि **Document Verification हेतु कार्यक्रम तिथि, समय एवं अन्य सूचनाएँ पर्षद के website: bceceboard.bihar.gov.in** पर विज्ञापन सं.- **BCECEB/Health/JR/2025/03** दिनांक- **10.02.2026 द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है।**

सम्बन्धित अभ्यर्थी उक्त निर्धारित कार्यक्रमानुसार साक्षात्कार के समय अपने सभी शैक्षणिक सहित वांछित प्रमाण पत्रों / अंक पत्रों एवं NOC आदि के साथ पर्षद कार्यालय में उपस्थित होंगे।

नोडल पदाधिकारी

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल हैक कर 74 हजार रुपये उड़ाया, प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज(रोहतास)**। मोबाइल हैक कर 74 हजार रुपये उड़ाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित शहर के आस्कामिनी नगर निवासी बताया जा रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित ने मंगलवार को बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आस्कामिनी नगर निवासी भागीरथी सिंह पिता स्व.ज्वाला सिंह द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि सोमवार को उनके मोबाइल पर एक अंजान नम्बर से फोन कर बोला गया कि आप दवा का काम करते है।हमारे तरफ से आपको सभी कंपनीयों के दवा के बारे में जानकारी दिया जाएगा। आपके मोबाइल पर एक ऐप्प लिंक भेजा गया है,जिसे आप इनस्टॉल कीजीए।फोन डिस्कनेक्ट कर पीड़ित ने ऐप्प को क्लियर करना चाहा, लेकिन वह क्लियर नहीं हो रहा था, इसी क्रम में वह उसे क्लिक कर दिया। उसे क्लिक करते हीं वह इनस्टॉल होने लगा तथा 10 मिनट के बाद उनका मोबाइल पूरी तरह से गर्म होकर बंद हो गया। वे अपना मोबाइल लेकर कारिगर के पास गए। कारिगर देखकर बताया कि आपका मोबाइल किसी ने हैक कर लिया है। किसी तरह से उसने उसे चालू किया तो उनके पे फोन जिसका खाता स० 40816494948 है से 74 हजार रुपया कट जाने का मैसेज आया। उन्होंने बताया कि तत्काल इसकी सूचना 1930 पर देकर एसबीआई शाखा बिक्रमगंज को इसकी सूचना देने के साथ पुलिस को भी सूचना दिए। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने 400 एम एल देसी शराब के साथ एक को पकड़ा

**कोचस (रोहतास)**। परसथुआ पुलिस ने सोमवार की देर शाम 400 एम एल ब्लू लाइन देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति प्रभु शाह पिता स्वर्गीय देव शाह ग्राम खरहना थाना कुदरा जिला कैमूर का बताया गया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि पुलिस गश्त पर थी तभी एक व्यक्ति को संदिग्ध स्थिति में देखा गया, तलाशी के दौरान उसके जेब से दो पीस ब्लू लाइन देसी शराब बरामद किया गया साथ ही उसको गिरफ्तार कर थाने लाया गया जहां मध्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय अभीरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### पूर्व केस के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**बिक्रमगंज /रोहतास** । नटवार पुलिस ने पूर्व केस के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत नटवार बाजार निवासी आनंद कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 168/25 के आलोक में मामला दर्ज था ।

### शराब सेवन में दो गिरफ्तार,गया जेल

**राजपुर/ रोहतास** । राजपुर पुलिस ने शराब सेवन करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धूपडीहा निवासी लालटन राम के पुत्र अभिषेक कुमार एवं राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिसैनी कला निवासी नरेश राम के पुत्र रवि कुमार को पुलिस ने नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया । जांच के उपरांत मामला सही पाया गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया ।

### पूर्व शराब केस के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**राजपुर / रोहतास** । राजपुर पुलिस ने पूर्व शराब केस के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि स्थानीय थाना कांड संख्या 63/22 के आलोक में धारा 30 ए बिहार एक्साइज एक्ट के अभियुक्त दरोगा सिंह के पुत्र रामसन सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दयालगंज का रहने वाला बताया जाता है ।

### राशनकार्ड पर ठगी करने वाले आनलाइन सेंटर संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज(रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के जोन्हीं पंचायत अंतर्गत सत्यनारायण टोला निवासी एक आवेदिका राशन कार्ड बनवाने के नाम पर आनलाइन सेंटर के संचालक द्वारा रुपए ठगी का मामला प्रकाश में आया है। संबंधित मामले को लेकर जनता दरबार पहुंची आवेदिका के आवेदन पर एसडीएम के आदेश के आलोक में आनलाइन सेंटर संचालक पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि प्रखंड क्षेत्र के जोन्हीं पंचायत अंतर्गत सत्यनारायण टोला निवासी सोनू कुमार की पत्नी लक्ष्मीना कुमारी ने राशनकार्ड के लिए बिक्रमगंज थाना चौक स्थित रिंकू साईबर सेन्टर पर आनलाइन आवेदन कराई थी। संचालन मोहम्मद आरजू द्वारा राशनकार्ड बनवाने के नाम पर उक्त महिला से 3000 रुपए का ठगी किया गया था।जिसकी शिकायत आवेदिका ने जनता दरबार के दौरान एसडीएम से किया।जांचोप्रांत महिला का आरोप सत्य पाया गया। जिसके बाद संचालन पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### वैशाली में भाई पर तलवार से किया हमला

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र में चकमालकानी के वार्ड नंबर 03 में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। 9 फरवरी 2026 को बीमार मां के इलाज का खर्च मांगने पर छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर पर तलवार से हमला कर दिया। पीड़ित शिवनाथ दास (50) ने बताया कि जब वह घर का काम कर रहे थे, तभी उनके छोटे भाई प्रेम कुमार दास (50) लाठी-डंडे और तलवार लेकर मौके पर पहुंचे। प्रेम कुमार दास ने शिवनाथ दास को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से तलवार से उनके सिर पर वार किया। इस हमले में शिवनाथ दास के सिर पर गंभीर चोट आई। जब शिवनाथ दास की पत्नी उन्हें बचाने आईं, तो प्रेम कुमार दास ने उन्हें पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। प्रियंका देवी और रामनाथ दास ने भी शिवनाथ दास की पत्नी को रोकने का प्रयास किया। इस घटना में प्रेम कुमार दास के साथ प्रियंका देवी, रेणु देवी, अनु देवी और प्रभा देवी भी शामिल थीं। ये सभी विशुनदेव दास की संतानें बताई जा रही हैं। स्थानीय लोगों की मदद से शिवनाथ दास को महुआ अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके सिर पर 17 टांके लगाए। शिवनाथ दास ने पुलिस से इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में महुआ थाना अध्यक्ष ने बताया कि थाने में आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे युवक की मौत



**हाजीपुर**। वैशाली के सराय थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। यह घटना सराय टोल प्लाजा के पास हुई, जब युवक अपनी ममेरी बहन की शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहा था। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गरौल थाना क्षेत्र के भटौलिया गांव निवासी मिथिलेश राय के पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। वह मुजफ्फरपुर से अपने मामा की बेटी की शादी के कार्ड बांटकर लौट रहा था और उसके साथ एक साथी भी था। मृतक के चाचा साहेब लाल राय ने बताया कि सराय टोल प्लाजा के पास पवन ने नाश्ता किया था। इसके बाद वह घर लौटने के लिए NH 22 सड़क पार कर रहा था। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सराय थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मद्य निषेध से संबंधित समीक्षात्मक बैठक





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम/ रोहतास**। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक, रोहतास रौशन कुमार की अध्यक्षता में मद्य निषेध से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय, रोहतास स्थित डीआरडीए सभागार में आहूत की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह जनवरी 2026 में 213 शराब में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी।

पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह जनवरी 2026 में 6745.003 लीटर शराब जप्त की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह जनवरी 2026 तक जप्त 297 वाहनों का पुलिस अधीक्षक, रोहतास द्वारा तीनों अनुमण्डल के पुलिस पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है कि प्रत्येक सप्ताह अपने-अपने अनुमण्डल अंतर्गत थाना से संबंधित लंबित अधिहरण प्रस्ताव की समीक्षा कर अविलम्ब वाहन अधिहरण प्रस्ताव जिला विधि को भेजने का निर्देश दिया गया है।

पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा जप्त शराब का विनष्टीकरण प्रस्ताव 15 दिनों के अन्दर भेजने का निर्देश दिया गया है। सभी न्यायालयों से लंबित वाहनों का अधिहरण प्रस्ताव अविलम्ब निष्पादन कराने का निर्देश दिया गया है। सभी पुलिस थानाध्यक्षों एवं उत्पाद थाना को निदेशित किया गया कि अपने-अपने थानान्तर्गत जप्त शराब का विनष्टीकरण प्रस्ताव एवं वाहन अधिहरण प्रस्ताव एक सप्ताह के अन्दर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें।

## डीएवी पब्लिक स्कूल की सामाजिक पहल बनी मिसाल 600 जरूरतमंद बच्चों के सपनों को मिले नए पंख




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास**। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के साथ-साथ सामाजिक दायित्व निभाने की दिशा में बिक्रमगंज आरा रोड स्थित तेंदुनी चौक का डीएवी पब्लिक स्कूल लगातार सराहनीय पहल कर रहा है । इसी कड़ी में विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया के कुशल नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने बिक्रमगंज प्रखंड के मठिया,मोहिनी,इंद्रार्थ खुर्द, महराजगंज एवं ठेकही टोला गांवों में पहुंचकर 600 गरीब एवं असहाय बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपी,कलम,पेंसिल,इरेजर एवं शार्पनर प्रदान किए गए ।अध्ययन सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान दिखाई दी,वह इस आयोजन की सफलता को स्वयं बयां कर रही थी । बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और उमंग देखते ही बन रही थी । इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या कुमारी प्रिया ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बच्चों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाना ही हमारा संकल्प है । जब बच्चों के हाथ में किताब और कलम आती है,तभी उनका भविष्य उज्ज्वल बनता है ।

डीएवी पब्लिक स्कूल न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देता है,बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन करता रहेगा। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन,शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे । स्थानीय लोगों ने डीएवी पब्लिक स्कूल की इस मानवीय पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया ।

# टेंपो से टकराई तेज रफ्तार बाइक दो युवकों की मौत, 6 घायल


सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट / रोहतास**। काराकाट नगर पंचायत के गोडारी मुख्य बाजार में मंगलवार दोपहर भयंकर सड़क हादसा हो गया। नासरीगंज की ओर से तेज रफ्तार में आ रही मोटरसाइकिल ने एनएच-120 पर बिक्रमगंज-डेहरी मुख्य सड़क पर एक टेंपो से जबरदस्त टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की सासाराम सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि टेंपो चालक सहित छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।मिली जानकारी के अनुसार, टेंपो में सवार छह लोग चालक सहित एक ही परिवार के सदस्य थे। ये सासाराम से बिक्रमगंज ट्रेन से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। बिक्रमगंज से ऑटो लेकर काराकाट थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव जा रहे थे। नासरीगंज से दो युवक बाइक पर तेज गति से आ रहे थे, जिन्होंने गोडारी मुख्य बाजार पर टेंपो को जोरदार धक्का दे दिया। टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी गोडारी पहुंचाया।सीएचसी गोडारी के प्रभारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि कुल आठ लोग घायल हुए थे, जिनमें से तीन की हालत गंभीर थी। इनमें डिहरी गांव निवासी सर्वानंद की 57 वर्षीय पत्नी कांति देवी, नासरीगंज निवासी जितेंद्र सिंह के 26 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार और रामजी शाह के 22 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार उर्फ नेचु शामिल थे। इन्हें सदर अस्पताल सासाराम रेफर किया गया, जहां सुजीत और विवेक की इलाज के दौरान मौत हो गई। टेंपो में सवार अन्य महिलाएं- संगीता देवी, रीता देवी, सुचेता देवी व चालक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कांति देवी की हालत अभी चिंताजनक बनी हुई है। मौके पर काराकाट पुलिस पहुंची और वाहनों को कब्जे में लिया। हादसे की भयावहता ऐसी थी कि इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सराहनीय सहयोग किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डॉक्टरों ने तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण बताया। यह घटना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही है।

# कृषि कनेक्शन हेतु पंचायत व प्रखंड स्तर पर आयोजित किया गया शिविर


सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम /रोहतास**। राज्य सरकार हर किसानों के खेत तक सिंचाई का पानी पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी कृषि विद्युत कनेक्शन किसानों को बिल्कुल मुफ्त दिये जा रहे हैं, इसमें किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्रवीम ने बताया की पंचायत व प्रखंड स्तर पर 10 फ़रवरी को शिविर का आयोजन किया गया जो 28 फ़रवरी तक चलेगा। इच्छुक किसान कृषि कनेक्शन हेतु सुविधा ऐप, वितरण कम्पनी के पोर्टल, स्थानीय विद्युत कार्यालयों एवं शिविर के माध्यम से आवेदन दे सकते है। आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए किसानों को आवेदन करने के लिए मात्र अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड) तथा जमीन से जुड़े कागज (खेसरा) समर्पित करना है साथ हीं किसान भाईयों से अनुरोध किया गया है की अपने पम्पसेट अधिष्ठापन के स्थल के सम्बंध में भी पूरा पता आवेदन के साथ दें ताकि सही स्थान पर विद्युत कनेक्शन ससमय दिया जा सके। राज्य सरकार द्वारा कृषि के लिए बिजली बिल में सब्सिडी दिये जाने के बाद डीजल की तुलना में कृषि से पटवन कार्य अब किसानों को दस गुना से भी अधिक सस्ता पड़ता है व अनुदान के कारण किसानों को पटवन कार्य के लिए बिजली बिल मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट पर उपलब्ध कराई जा रही है। आगे बताया गया की 11 फरवरी (बुधवार) को बिक्रमगंज के जमोढ़ी, दावथ के जमोसना, दिनारा के अकोढ़ा, संझौली के उदयपुर, सूर्यपुरा के शिओबाहर, कोचस के सरेया, करहगर के बकसारा, नोखा के नॉनसारी, चेनारी के खुर्माबाद शिवसागर के सोनहर व सासाराम (ग्रामीण) के सिकरिया पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जायेगा। आवेदक पहुँच कर आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

# पप्पू यादव को बेल लेकिन जेल में ही रहेंगे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को मंगलवार को MP-MLA कोर्ट से 31 साल पुराने मामले में जमानत मिल गई। हालांकि, वे फिलहाल जेल में ही रहेंगे। बताया जा रहा है कि कोतवाली थाना और बुद्धा कॉलोनी थाना से जुड़े मामलों में पप्पू यादव को अभी जमानत नहीं मिली है। इन मामलों में बुधवार को सुनवाई होगी। तब तक पप्पू यादव पटना के बेऊर जेल में ही रहेंगे। सुनवाई के दौरान पप्पू यादव ने जज के सामने पटना पुलिस पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। अपनी बात रखते समय वे भावुक हो गए और फूट-फूटकर रोने लगे। पप्पू यादव ने दावा किया कि बेऊर जेल के अंदर उन्हें किसी तरह का इंजेक्शन देकर जान से मारने की साजिश रची जा रही है। सांसद ने जज से गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें पटना पुलिस पर भरोसा नहीं है। जमानत पर सुनवाई के लिए पप्पू यादव करीब 12:30 बजे बेऊर जेल से कोर्ट पहुंचे थे। दोपहर 2 बजे जमानत याचिका पर सुनवाई शुरू हुई। इस दौरान वे कोर्ट में व्हीलचेयर पर बैठे नजर आए। 3 बजे वे वापस जेल चले गए।

# भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक पुराने मामले में मिला जमानत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)**। डिहरी व्यवहार न्यायालय से मंगलवार को भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक पुराने मामले में जमानत मिल गई है। बीते लोकसभा चुनाव के दौरान हीं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिस पर कोर्ट द्वारा उन्हें सम्मन भेजा गया था। हालांकि कोर्ट में पेश होने के बाद भोजपुरी स्टार मीडिया से बचते हुए निकल गये और उन्होंने कुछ भी बोलने से साफ इनकार कर दिया।

दरअसल वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान पवन सिंह के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला सामने आया था। इन पर चुनाव प्रचार के दौरान बिना अनुमति के जुलूस व रैली निकालने को लेकर डेहरी नगर थाने में एक मामला दर्ज हुआ, जिसके बाद कोर्ट ने इन्हें सम्मन भेजा था।

वहीं कोर्ट के सम्मन पर पेश हुए भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह ने बिना अनुमति जुलूस निकालने के आरोपों से इनकार कर दिया है। मामले में पवन सिंह के अधिवक्ता ने बताया कि केस अब गवाही पर चली गई है और सरकार द्वारा अपना प्रमाण कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पवन सिंह को कोर्ट द्वारा जमानत दे दी गई है और दोनों बेलर रोहतास जिले के निवासी हैं। विदित हो कि भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह के खिलाफ बीते लोकसभा चुनाव के दौरान कुल पांच मुकदमे दर्ज हुए थे। जो जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज हुए थे। हालांकि संझौली थाना कांड संख्या 70/2024 में इन्हें बरी कर दिया गया है, लेकिन अब भी इनके खिलाफ चार मुकदमें कोर्ट में विचाराधीन है।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री राम-लक्ष्मण-जानकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, जिसके पावन उपलक्ष्य में यज्ञ स्थल से निकली भव्य शोभायात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



## ◆ अनेको गांवों को भ्रमण करते हुए कुरुर बाजार पर हुआ जलभरी

**काराकाट /रोहतास**। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरडीहा मुरारपुर मंगलवार को केवल एक गांव नहीं रहा,बल्कि वह सनातन धर्म, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक जागरण का जीवंत केंद्र बन गया । अवसर था श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री राम-लक्ष्मण-जानकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव,जिसके पावन उपलक्ष्य में यज्ञ स्थल से निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया । सुबह से ही गांव का कण-कण भक्ति में रंगा हुआ था । शोभायात्रा के पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौ पूजन,ग्राम देवता एवं विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के स्वरूप गजानन की विधिवत पूजा संपन्न कराई गई । विद्वान आचार्यो द्वारा शास्त्रसम्मत परंपरा के अनुसार अनुष्ठान होते ही वातावरण में दिव्यता और पवित्रता का संचार हो गया । इसके उपरांत श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के दिव्य सानिध्य में शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ । शंखनाद,ढोल- नगाड़ों की गूंज,मंगल वाद्य और जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष के बीच निकली शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं में महिलाएं,पुरुष,युवा, युवती और बच्चे आस्था की अविरल धारा बनकर शामिल हुए । भगवा ध्वजों से सजे मार्ग,भक्ति गीतों की स्वर-लहरियां और अनुशासित जनसमूह ने इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया । इस अवसर पर श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने अपने ओजस्वी,विचारोत्तेजक और समाज को दिशा देने वाले उद्बोधन में कहा कि यज्ञ वह अग्नि है,जिसमें समाज की नकारात्मकता भस्म होती है और संस्कारों का प्रकाश फैलता है । श्रीराम,लक्ष्मण और जानकी की प्राण प्रतिष्ठा केवल मूर्ति स्थापना नहीं,बल्कि मर्यादा,धर्म और मानव मूल्यों की पुनर्स्थापना है । जब गांव- गांव में राम बसते हैं,तभी राष्ट्र सशक्त और संस्कारित बनता है । महाराज के इस संदेश ने उपस्थित जनसमूह को गहराई से उद्वेलित कर दिया । श्रद्धालुओं ने इसे आज के समय में सनातन मूल्यों की पुनः स्थापना का आह्वान बताया । पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन,सामाजिक सौहार्द और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला । शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देर शाम तक बना रहा ।श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बरडीहा मुरारपुर ही नहीं,बल्कि आसपास के गांवों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है । ग्रामीणों का कहना है कि यह आयोजन गांव के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है,जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा । आगामी दिनों में महायज्ञ के विविध अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं की और अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### फर्जीवाड़ा रोकने के लिए सख्त कदम, शाम 4 बजे तक रिपोर्ट ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करना होगा

**नालंदा**। सरकारी स्कूलों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम) में हो रही अनियमितताओं पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। योजना निदेशक विनायक मिश्र ने हाल ही में उठाए गए कदम से साफ संकेत दिया है कि अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामला तब सामने आया जब कई स्कूलों की ओर से रात 12 बजे के बाद भी एमडीएम से लाभान्वित विद्यार्थियों का विवरण ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा था। यह व्यवस्था तब और संदिग्ध हो जाती है। जबकि बच्चों को दोपहर 12 से 1 बजे के बीच ही भोजन परोसा जाता है। इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए योजना निदेशक ने एमडीएम डीपीओ को पत्र भेजकर सभी प्राचार्यों को सख्त हिदायत दी है। एमडीएम डीपीओ अंशु कुमारी ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी प्रारंभिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया है कि हर हाल में शाम 4 बजे तक ही आंकड़े पोर्टल पर दर्ज करें। एमडीएम बीआरपी को इसकी नियमित निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्राचार्य और बीआरपी दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीपीएम जीतेंद्र कुमार ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि रात 12 बजे के बाद दर्ज किए गए आंकड़ों को भारत सरकार निरस्त कर देती है। ऐसे में प्राचार्यों की यह लापरवाही न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि योजना के क्रियान्वयन में भी बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने प्राचार्यों से अपील करते हुए कहा कि यदि रिपोर्ट दर्ज करने में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है, तो तुरंत जिला कार्यालय को सूचित करें ताकि समाधान किया जा सके। योजना में पारदर्शिता लाने के लिए अब ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर छात्रों की तस्वीर, नामांकन और उपस्थिति अपलोड करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिले के सरकारी स्कूलों में टैबलेट के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था शुरू की गई है। यह डिजिटल पहल फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने में कारगर साबित हो रही है। इस कड़े रुख का परिणाम भी सामने आया है। फर्जी नामांकन पर काफी हद तक रोक लगी है और पिछले एक साल में एमडीएम से लाभान्वित होने वाले वास्तविक बच्चों की संख्या 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने कड़े शब्दों में कहा कि विद्यालयों में बच्चों को उनके अधिकारों से वंचित करने वाले चाहे कोई भी हो, उन्हें चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पोषण उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा जारी रहेगी और गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### नालंदा के सात प्रखंडों में बनेंगे बस स्टॉप, निर्माण कार्य के लिए 13.32 लाख रुपए की मंजूरी




**नालंदा**। नालंदा जिले के सात चिन्हित प्रखंडों में बस स्टॉप निर्माण का महत्वाकांक्षी कार्य शुरू होने जा रहा है। इस परियोजना के लिए जिला प्रशासन ने कुल 13.32 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की ओर से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। बस स्टॉप निर्माण का कार्य नियमानुसार अविलंब प्रारंभ कर मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाए। यह परियोजना यात्रियों की सुविधा और सड़क सुरक्षा दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। इस योजना के अंतर्गत सात प्रखंड हिलसा, अस्थावां, कतरीसराय, सिलाव, करायपरसुराय, बिहारशरीफ और रहुई में बस स्टॉप निर्माण के लिए समान रूप से प्रत्येक को 1,90,300 रुपए आवंटित किए गए हैं। जमीन की डिटेल प्राप्त होने के बाद ही यह राशि उपलब्ध कराई गई है। सभी प्रखंडों में 30 x 20 वर्ग फीट क्षेत्रफल में गैर-मजरूआ या खाली पड़ी जमीन पर ये बस स्टॉप बनाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यस्थल पर दिशा-निर्देशों के अनुसार सूचना संबंधी मेटल अथवा प्रस्तर बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए। इससे जनता को योजना की जानकारी मिल सकेगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता के लिए कार्यकारी एजेंसी को पूर्णतः जिम्मेवार बनाया गया है। प्रशासन ने यह भी निर्देशित किया है कि योजना का कार्य प्रारंभ होने से पूर्व, मध्य में तथा कार्य समाप्ति के बाद रंगीन फोटोग्राफ की अभिप्रमाणित प्रति जिला परिवहन कार्यालय, नालंदा को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए।

# गया कॉलेज में 'विवेकानन्द अभिमत' पुस्तक का विमोचन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## धर्म और समाज पर नई दृष्टि प्रस्तुत



गया। गया कॉलेज गया में स्वामी विवेकानंद के धर्म-दर्शन और सामाजिक सरोकारों पर आधारित एक महत्वपूर्ण पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया। प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र और डॉ. अनूप पति तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक 'विवेकानन्द अभिमत : धर्म, पंथ और समाज' का प्रकाशन भारती प्रकाशन, वाराणसी द्वारा किया गया है।

पुस्तक का विमोचन बिहार के राज्यपाल महामहिम श्री आरिफ़ मोहम्मद खान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद उनके आराध्य रहे हैं और उन पर आधारित इस पुस्तक के प्रकाशन के लिए वे लेखकों को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में विवेकानंद के जीवन, चिंतन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। यह पुस्तक धर्म को केवल परंपरा या आस्था तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उसे आत्मानुभूति, ब्रह्म चेतना और समाज की दिशा से जोड़कर प्रस्तुत करती है। इसमें विवेकानंद की समन्वयवादी दृष्टि को रेखांकित करते हुए धर्म को सार्वभौमिक चेतना के रूप में स्थापित किया गया है। सेवा, समानता और करुणा जैसे मूल्यों के माध्यम से धर्म को आधुनिक भारत की सामाजिक चेतना से जोड़ा गया है।

पुस्तक में जाति, वर्ग, नारी और युवा जैसे सामाजिक आयामों को आध्यात्मिकता के साथ जोड़ते हुए धर्म को समाज परिवर्तन का प्रभावी साधन बताया गया है। धार्मिक ज्ञान की त्रिविध प्रक्रिया—बुद्धि, मन और प्रत्यक्ष अनुभूति—को धर्म की आधारशिला के रूप में व्याख्यायित किया गया है। इस प्रकार पुस्तक स्वामी विवेकानंद के विचारों का गहन और समन्वित विश्लेषण प्रस्तुत करती है।

कार्यक्रम के दौरान गया कॉलेज से प्रकाशित 'शतदल' शोध पत्रिका (अंक 41) का भी विमोचन किया गया। इस अंक में 32 महत्वपूर्ण शोध लेख शामिल हैं, जो विभिन्न विषयों पर गंभीर अकादमिक विमर्श प्रस्तुत करते हैं। यह पत्रिका शोधार्थियों और शिक्षाविदों के लिए एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित हो रही है।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, उद्योग एवं सड़क मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, भवन निर्माण मंत्री डॉ. अशोक कुमार चौधरी, विधान पार्षद जीवन कुमार, मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस प्रकाशन पर प्रसन्नता जताई। इस आयोजन को गया कॉलेज के लिए गौरवपूर्ण क्षण माना गया। "विवेकानन्द अभिमत" पुस्तक धर्म और समाज पर एक नई वैचारिक दृष्टि प्रस्तुत करती है, वहीं "शतदल" शोध पत्रिका शैक्षणिक अनुसंधान को नई दिशा देने का कार्य कर रही है।

## वजीरगंज में बैंक का कर्ज न चुकाने पर कार्रवाई, ग्रामीणों ने जताया विरोध



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वजीरगंज**। मंगलवार को वजीरगंज अंचल अंतर्गत कुर्किहार पंचायत के टोला जगदेव नगर में जिला दण्डाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई की गई। बैंक का कर्ज न चुकाने पर मार्गेज सम्पत्ति को चिहिन्त किया गया। इस दौरान संबंधित परिवार और ग्रामीणों ने कार्रवाई का विरोध जताया।

बकायेदार मेसर्स कामता इंटरप्राईजेज के प्रोपराईटर उपेश कुमार ने जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमटेड से कर्ज लिया था। उन्होंने अपनी माता की सम्पत्ति को गिरवी रखकर व्यवसायिक कर्ज लिया, लेकिन उसे नहीं चुका सके। बकायेदार की माता ने बताया कि वे अनपढ़ हैं और उन्हें आखों से दिखाई नहीं देता। उन्हें लोन की जानकारी नहीं थी और बैंक वालों ने जो भूमि दस्तावेज बताए, वह एक खेत का है, जिसमें तीनों बेटों का हिस्सा है।

ग्रामीण पिंकु वर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान बैंक ने बिना भूमि सत्यापित किए एक खेत में बोर्ड गाड़कर फोटो खिंचकर चले गए। कर्ज ब्योरा की जानकारी मांगने पर भी बैंक ने नहीं दिखाया। यह सोचने वाली बात है कि भूमि के एक छोटे से टुकड़े पर बैंक ने लाखों रूपए का लोन कैसे दे दिया। कार्रवाई के दौरान ग्रामीण उग्र हो गए, जिसके बाद बैंक कर्मी और दखल दिलाने पहुंची टीम आनन-फानन में अपना काम करके निकल गई।

नियुक्त दंडाधिकारी बीसीओ राजिव कुमार ने बताया कि मार्गेज की सम्पत्ति को चिहिन्त कर दखल-कब्जा बैंक को दिलाया गया है। बकाएदार उपेश कुमार कुछ वर्षों से घर छोड़कर गायब हैं, जिससे पूरे परिवार वाले चिंतित हैं।

## वजीरगंज के सहिया गांव में चोरों का धावा बोला , 20 लाख से अधिक की संपत्ति हुई चोरी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वजीरगंज**। प्रखंड के सहिया गांव में बीती रात्रि एक घर में चोरों ने धावा बोल दिया। पीड़ित श्रीकान्त कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को वे अपने परिवार के साथ रामगढ़ गए हुए थे और घर की देखभाल के लिए गांव के एक व्यक्ति को चाभी सौंप दी थी। उस व्यक्ति ने रात में तबीयत खराब होने की वजह से कमरा बंद कर अपने घर चले जाने की बात कही। मंगलवार की सुबह जब श्रीकान्त सिंह घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला खुला मिला। दो कमरों का ताला तोड़कर चोरों ने बक्सों और गोदरेज को निशाना बनाया। गोदरेज में 25 हजार रुपये नकद, पत्नी के जेवर और माता के जेवर व एक लाख रुपये चोरी हो गए। चोरों ने बीस ग्राम का जिउतिया, कान की बाली, चेन सहित अन्य जेवर भी ले गए, जिसकी कीमत लगभग 18 से 20 लाख रुपये आंकी जा रही है।

श्रीकान्त सिंह ने बताया कि चोरों को शायद जानकारी थी कि किस कमरे में पैसे और जेवर रखे हैं, क्योंकि अन्य कमरों में कोई उत्पात नहीं किया गया। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने खुद पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

# जनसेवा और संघर्ष के प्रतीक डॉ. संतोष कुमार सुमन का 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



केक काटकर हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन का जन्मदिन मनाते हम पार्टी के कार्यकर्ता।





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज**। इमामगंज प्रखंड क्षेत्र के पसेवा गांव स्थित ब्लॉक रोड पर हम पार्टी के कार्यालय में मंगलवार को हम पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन का 51वां जन्मदिन बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हम पार्टी के इमामगंज प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती ने की। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से केक काटकर जन्मदिन मनाया और डॉ. संतोष कुमार सुमन के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच खासा उत्साह देखा गया।

मौके पर उपस्थित इमामगंज प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती ने कहा कि डॉ. संतोष कुमार सुमन जनहित और गरीबों की आवाज़ को मजबूती से उठाने वाले नेता हैं। उनके नेतृत्व में हम पार्टी लगातार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है।वहीं मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि डॉ. संतोष कुमार सुमन का जीवन सादगी, संघर्ष और सेवा का प्रतीक है। उनका मार्गदर्शन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर पश्चिम मंडल के प्रखंड अध्यक्ष चंदन भारती, हम पार्टी के प्रखंड प्रभारी शंकर पासवान, मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने केक काटकर मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह उत्साहपूर्ण और उल्लासपूर्ण रहा।

# मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का विरोध, प्रदेश से लेकर दिल्ली तक आंदोलन की चेतावनी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा में कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने और केंद्रीय सहायता में कटौती के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस कदम को गरीबों के हितों पर प्रहार बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की।

**'गांधी जी ने दिलाई आजादी, नाम हटाना अपमान'**: जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाई। आज उन्हीं के नाम को मनरेगा से हटाया जा रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सिर्फ नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि गरीबों के रोजगार पर सीधा हमला है। पहले मनरेगा के तहत केंद्र सरकार 90 प्रतिशत और राज्य सरकार को 10 प्रतिशत हिस्सा देना होता था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने अपनी हिस्सेदारी घटाकर 60 प्रतिशत कर दी है और राज्य सरकार को 40 प्रतिशत देना होगा। इस बदलाव से गरीब लोगों को समय पर रोजगार नहीं मिल पाएगा। राज्य सरकार के पास इतने संसाधन नहीं हैं कि वह 40 प्रतिशत हिस्सा वहन कर सके। इससे पूरी योजना ही प्रभावित होगी।

**राष्ट्रपति से अपील, दिल्ली तक जाने की तैयारी**: कांग्रेस अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह विरोध सिर्फ जिला स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। हम पूरे मुख्यालय में विरोध-प्रदर्शन करेंगे, फिर प्रदेश स्तर पर जाएंगे। अगर जरूरत पड़ी तो दिल्ली में भी आंदोलन करेंगे। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति से अनुरोध करते हुए कहा कि मनरेगा में महात्मा गांधी का नाम फिर से जोड़ा जाए। पहले की तरह 90-10 के फॉर्मूले को बहाल किया जाए, ताकि गरीब लोगों को रोजगार मिलना सुनिश्चित हो सके।

**'केंद्र की मर्जी पर निर्भर होगी बिहार की किस्मत'**: नरेश प्रसाद अकेला ने आरोप लगाया कि नए प्रावधानों के तहत केंद्र सरकार अब अपनी इच्छानुसार राज्य सरकार को पैसा देगी या नहीं देगी। पहले केंद्र सरकार को हर हाल में राज्य सरकार को पैसा देना पड़ता था, लेकिन अब यह केंद्र की मर्जी पर निर्भर होगा। यह संघीय ढांचे के खिलाफ है और गरीबों के साथ धोखा है। मनरेगा में की गई इस छेड़छाड़ को दूर करने के लिए ही आज यह धरना आयोजित किया गया है। जब तक सरकार इस फैसले को वापस नहीं लेती, आंदोलन जारी रहेगा।

# नालंदा में डीएम ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान (एमडीए) की औपचारिक शुरुआत मंगलवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मॉडल अस्पताल में की। इस अवसर पर डीएम ने स्वयं छात्रों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाकर इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने फाइलेरिया रोधी दवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे राज्य में एक साथ शुरू किया गया है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान दो चरणों में संचालित किया जाएगा। पहले चरण में 10 फरवरी से 24 फरवरी तक घर-घर जाकर लोगों को दवा दी जाएगी।

इसके बाद दूसरे चरण में 25 फरवरी से 27 फरवरी तक कैंप मोड में बूथ स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा। जिले के कुल 11 ब्लॉकों में यह अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत 18 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा दी जानी है। इस विशाल अभियान को सफल बनाने के लिए 847 टीमें गठित की गई हैं, जिनमें तीन-तीन सदस्यों के साथ कुल 1,694 स्वास्थ्य कर्मी शामिल हैं।

**खाली पेट नहीं, खाना खाकर लें दवा**: जिलाधिकारी ने इस अभियान से जुड़ी दो महत्वपूर्ण बातों पर जोर देते हुए कहा कि दवा लेने से पहले कुछ खाना अत्यंत आवश्यक है। यह दवा खाली पेट नहीं लेनी चाहिए। साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की।

**अस्पताल की सुविधाओं का भी लिया जायजा**: इस अवसर पर डीएम ने मॉडल अस्पताल में लगाए गए एआई कैमरे और अन्य आधुनिक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में नालंदा के डीडीसी, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), उपाधीक्षक, मैनेजर, एकाउंटेंट समेत अन्य वरिष्ठ स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# विकसित भारत गारंटी रोजगार मिशन पर चर्चा, उत्पादकता बढ़ाने पर भी जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में आज उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने एक प्रेस वार्ता की। इन्होंने योजना के व्यापक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। दरअसल, ग्रामीण भारत के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए केंद्र सरकार ने विकसित भारत गारंटी रोज़गार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 लागू किया है, जो मनरेगा की सीमाओं को पार करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा देने का वादा करता है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि VB-G RAM-G को केवल एक रोजगार योजना न मानकर ग्रामीण विकास के समग्र ढांचे के रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस अधिनियम के तहत गारंटीकृत मजदूरी रोजगार की अवधि 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन की गई है, जिससे ग्रामीण परिवारों की संभावित आय में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। योजना केवल मजदूरी आधारित राहत नहीं है, बल्कि टिकाऊ आजीविका, उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण और दीर्घकालिक आर्थिक सशक्तिकरण का व्यापक सुधार है।

**किसानों के हितों की सुरक्षाः** योजना की एक विशेष बात यह है कि इसमें कृषि काम को प्राथमिकता देते हुए बुआई और कटाई के व्यस्त मौसम में राज्यों को योजना के कार्य अस्थायी रूप से रोकने की अनुमति दी गई है। यह प्रावधान उन आशंकाओं को दूर करता है जो अक्सर रोजगार योजनाओं को लेकर कृषि समुदाय में देखी जाती हैं। साथ ही, बेहतर सिंचाई ढांचे, जलवायु अनुकूल अवसंरचना और पोस्ट हार्वेस्टिंग नुकसान में कमी के माध्यम से किसानों की उत्पादकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। पूर्ववर्ती व्यवस्थाओं में सामने आई अनियमितताओं जैसे अपूर्ण काम, मशीनों का अनधिकृत उपयोग और वित्तीय गबन की समस्याओं से निपटने के लिए इस मिशन में आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया गया है। एआई आधारित निगरानी प्रणाली, रियल टाइम एमआईएस डैशबोर्ड, जीपीएस और मोबाइल आधारित सत्यापन, और ग्राम पंचायत



स्तर पर अनिवार्य सामाजिक अंकेक्षण इसकी मुख्य विशेषताएं हैं। आधार आधारित पंजीकरण और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली से मजदूरी का समय पर, पारदर्शी और सुरक्षित भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा, जो पहले एक बड़ी चुनौती रही है।

♦ **डीडीसी ने कहा- आय में 25% की होगी बढ़ोतरी**

**पलायन रोकने की कोशिशः** ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन एक गंभीर समस्या रही है। इस मिशन का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर इस मजबूरी में होने वाले पलायन को रोकना है। जल संरक्षण, ग्रामीण सड़कों, संपर्क, भंडारण और बाजार अवसंरचना के विकास से ग्रामीण उद्यमियों और किसानों को बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी। मांग-आधारित मॉडल को छोड़कर मानक वित्तपोषण प्रणाली अपनाई गई है, जिससे राज्यों को पूर्वानुमेय वित्तीय संसाधन मिलेंगे और बजटीय अनुशासन मजबूत होगा। केंद्र और राज्यों के बीच संतुलित लागत-साझेदारी व्यवस्था भी इस योजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। उप विकास आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि यह मिशन विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इसे पीएम गति-शक्ति जैसे राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ जोड़ा गया है, ताकि ग्रामीण विकास को एक समग्र दृष्टिकोण मिल सके। प्रेस वार्ता में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, निर्देशक डीआरडीए, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आज 7 घंटे तक बिजली कटेगी

**बेगूसराय।** बेगूसराय में गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी परेशानी न हो, इसको लेकर विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। आज(मंगलवार) सात घंटे तक शटडाउन रहेगा। इस दौरान जीरोमाइल बरौनी स्थित ग्रिड उपकेंद्र में मेंटेनेंस का काम होगा। उपकेंद्र से जुड़े सभी फीडरों में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी। 33 KV के सभी PSS जीरो माइल, बेगूसराय, भगवानपुर, वीरपुर, देवना, तेघड़ा, बनवारीपुर, वभनगामा, बगराहा डीह प्रिंस पाइप और पेप्सिको फीडर सप्लाई बाधित रहेगी।

**उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील:** संचरण प्रमंडल बेगूसराय के विद्युत कार्यपालक अभियंता ने सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। पानी स्टोर करके रख लें। क्योंकि शहर में पांच घंटे तक बिजली नहीं रहेगी। काम खत्म होते ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

### धौनी स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की मांग

**बांका।** बांका के धौनी रेलवे स्टेशन पर कविगुरु एक्सप्रेस और गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर धौनी रेलवे संघर्ष समिति ने ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सिकंदर यादव ने की।समिति की प्रमुख मांगों में कविगुरु एक्सप्रेस ट्रेन का धौनी रेलवे स्टेशन पर ठहराव शामिल है। मंगलवार को रेलवे संघर्ष समिति के प्रमोद सिंह वेल्डन ने कहा कि इस ट्रेन के ठहराव से स्थानीय व्यवसायियों के साथ-साथ आसपास के कई प्रखंडों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी। समिति ने बताया कि कविगुरु एक्सप्रेस के ठहराव की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

**गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की भी मांग रखी:** इसके अतिरिक्त, गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की भी मांग रखी गई। यात्रियों की सुविधा और रेलवे के राजस्व में वृद्धि के उद्देश्य से स्टेशन पर आरक्षण काउंटर चालू करने की मांग की गई। बैठक में प्लेटफार्म संख्या दो पर गेट खोलने, गाड़ी पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने तथा प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर यात्रियों को धूप और वर्षा से बचाव के लिए एक-एक अतिरिक्त यात्री शेड बढ़ाने की मांग भी उठाई गई।

**आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराना उद्देश्य:** बैठक के अंत में समिति ने इन पांचों मांगों से संबंधित एक प्रतिलिपि महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे, भारत सरकार को भेजने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य धौनी रेलवे स्टेशन पर आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराना है। बैठक में रेलवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष सिकंदर यादव, प्रमोद सिंह वेल्डन, जीवन प्रसाद सिंह, सत्यनारायण सिंह, फनी भूषण पाठक, जितेंद्र प्रसाद सिंह, वीरेंद्र कुमार यादव, दिलीप तांती सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे।

### परीक्षा केंद्र के बाहर दो गुटों में मारपीट

**बांका।** बांका जिले के रजौन प्रखंड स्थित प्लस टू राष्ट्रीय उच्च विद्यालय धौनी में सोमवार शाम इंटरमीडिएट परीक्षा के अंतिम दिन परीक्षार्थियों के दो गुटों में मारपीट हो गई। परीक्षा केंद्र के बाहर हुई इस घटना में एक परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके सिर में चोट आई। इस घटना का वीडियो मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस दौरान जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा चला। सूचना के बाद परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौके पर दौड़कर पहुंचा। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुई थी। परीक्षा खत्म होने के बाद जब परीक्षार्थी केंद्र से बाहर निकल रहे थे, तभी किसी बात को लेकर दो गुटों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद जल्द ही बढ़ गया और दोनों पक्षों में हंगामा होने लगा।

**परीक्षार्थियों ने युवक को घेरा:** इसी दौरान बांका निवासी इंटरमीडिएट परीक्षार्थी मंतोष कुमार को दूसरे गुट के परीक्षार्थियों और उसके गांव के कुछ युवकों ने घेर लिया। उन पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला किया गया। हमले में मंतोष कुमार के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। शोर-शराबा सुनकर परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस को देखते ही हमलावर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने घायल मंतोष कुमार को तुरंत रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उनका इलाज किया गया। मारपीट के आरोप में दफरपुर निवासी सुमित गुप्ता को पुलिस ने हिरासत में लिया। घटना की सूचना मिलने पर दोनों पक्षों के परिजन थाने पहुंचे। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया, जिसके बाद पुलिस ने बाउंड भरवाकर दोनों को छोड़ दिया।

### ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**भागलपुर।** भागलपुर में तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक गाड़ी से उछलकर 10 मीटर दूर जा गिरा। हादसे में एक पैर फ्रैक्चर हो गया। इसके अलावा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचा। हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान नाथनगर के नसरतखानी निवासी अखिलेश यादव के तौर पर हुई है। घटना यूनिवर्सिटी थाना क्षेत्र के जुगलवड़ के पास की है।

**स्पीड पर लगाम लगाने की मांग:** अखिलेश ने पुलिस को बताया कि सोमवार देर रात काम खत्म करके अपने घर लौट रहा था। रास्ते में ऑटो ने टक्कर मार दी। गाड़ी की रफ्तार अधिक थी। लापरवाही की चलते ही हादसा हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस क्षेत्र में रात के समय तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन बढ़ जाता है। जिसके कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। सड़क पर स्ट्रीट लाइट की कमी और पुलिस गश्ती न होने से चालक मनमानी गति से वाहन चलाते हैं।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस:** विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर फरार ऑटो चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### महाशिवरात्रि को लेकर एसडीएम ने लिया जायजा

**अररिया।** फारबिसगंज एसडीएम अभय कुमार तिवारी ने महाशिवरात्रि पर शंकरपुर शिव मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार शाम को जायजा लिया एवं मंदिर प्रबंधन कमिटी से इंतजाम को लेकर जानकारी ली।एसडीएम अभय कुमार तिवारी के साथ बीडीओ संजय कुमार और सीओ पंकज कुमार भी शामिल थे।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मंदिर के गर्भगृह,निकास द्वार और श्रद्धालुओं की कतार लगने वाली जगहों का बारीकी से मुआयना किया।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कठिनाई नहीं होनी चाहिए।एसडीएम ने मंदिर परिसर और आसपास के रास्तों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया।साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग और महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार लगाने की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया।पेयजल की उपलब्धता और मंदिर क्षेत्र में पर्याप्त लाइटिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मंदिर प्रबंधन समिति ने मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की चर्चा की।

### पूर्व रक्षा राज्यमंत्री की 29वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**अररिया।** पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री स्व.डूमर लाल बैठा के 29वें पुण्यतिथि पर फारबिसगंज नगर व प्रखंड कांग्रेस कमिटी एवं परिजन ने संयुक्त रूप से मंगलवार को समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं एवं परिजन ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उपस्थित परिजन ने स्व.बैठा के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए उनके बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्व.बैठा के कृति को लोगों को परोसते हुए खासकर रेल्वे, बीएसएनएल, दूरदर्शन केंद्र सहित अन्य क्षेत्रों में उनके योगदान को याद किया।वक्ताओं ने कहा की आज बैठाजी के पद चिह्नों पर चलकर ही राजनीति को सरजमीन पर उतारा जा सकता है। खास बात कि स्व.डूमर लाल बैठा इस क्षेत्र से विधायक व सांसद के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकार में मंत्री रहे थे।

# श्रीमद्भागवत कथा को लेकर भागलपुर में बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ जगदीशपुर में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होगा, 26 अप्रैल को होगा धूमधाम से समापन

**भागलपुर।** भागलपुर के जगदीशपुर में आने वाले श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा के भव्य आयोजन को लेकर महासमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यज्ञ और कथा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह धार्मिक आयोजन 18 अप्रैल 2026 से 26 अप्रैल 2026 तक श्रद्धा और धूमधाम के साथ संपन्न कराया जाएगा। बैठक के दौरान भजन-कीर्तन और सामूहिक भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक और सौहार्दपूर्ण बना रहा। समिति के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न काम और जिम्मेदारियों का आपस में विभाजन किया। इसमें यज्ञ स्थल की तैयारी, आवास, भोजन, पेयजल, सुरक्षा, स्वच्छता, विद्युत, प्रचार-प्रसार और अतिथियों के स्वागत जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया राम रतन महतो ने की। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे न केवल आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है, बल्कि ग्रामीणों के बीच आपसी भाईचारा, सद्भाव और सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से बीरबल मंडल, रणवीर सिंह, पूर्व मुखिया घनश्याम मंडल सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का संकल्प लिया। समिति सदस्यों ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रचार-प्रसार को और तेज किया जाएगा, ताकि आसपास के गांवों से भी अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पुनीत आयोजन में शामिल हो सकें।

# प्रोन्नति पर बैच अलंकरण समारोह का आयोजन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** एसएसबी 56 वीं बटालियन मुख्यालय बथनाहा में मंगलवार को कॉन्स्टेबल से सीनियर कॉन्स्टेबल में प्रोन्नति पाए सैनिकों के सम्मान में बैच अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्यालय समेत बाह्य सीमा चौकी के जवानों ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित एसएसबी के पूर्णिया रेंज के उप महानिरीक्षक राजेश कुमार टिक्कू और कमांडेंट शाश्वत कुमार ने प्रोन्नत प्राप्त कार्मिकों को बैच पहनाकर प्रोन्नत करते हुए रैंक से अलंकृत किया। मौके पर एसएसबी के उप महानिरीक्षक और कमांडेंट ने प्रोन्नत प्राप्त जवानों को संबोधित करते हुए उनकी जिम्मेवारी बढ़ जाने की बात कही और देश सेवा के साथ कर्तव्य को लेकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।अधिकारियों ने पदोन्नति को निष्ठा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया।

# करंट लगने से किशोर की मौत

♦ खेत में पटवन करते समय हादसा, बाढ़ में डूब कर हुई थी भाई की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में आज खेत में पटवन करने गए किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। मामला, पीरपैंती थाना क्षेत्र के अठनिया गांव का है। मृतक की पहचान अंग्रेज यादव के बेटे गोपाल कुमार यादव (20) के रूप में हुई है। गोपाल कुमार यादव को उसके पिता ने खेत की पटवन के लिए भेजा था। वह करीब दो घंटे से खेत में पानी दे रहा था। इसी दौरान बिजली से चलने वाली मोटर को खोलने के क्रम में अचानक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गोपाल कुमार यादव नवोदय विद्यालय का छात्र था और पढ़ाई में काफी होनहार बताया जाता है।

**पुलिस ने शव को कब्जे में लिया:** गोपाल दो भाइयों में छोटा था। इससे पहले करीब दो साल पहले उसके बड़े भाई की भी बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो चुकी है। अब इस परिवार में सिर्फ माता-पिता ही बचे हैं। एक के बाद एक दो बेटों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पड़ोस के रहने वाले अशोक कुमार यादव ने बताया कि सुबह अचानक गांव में हल्ला मच गया कि खेत में करंट लगने से युवक की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने सुबह खेत पटवन के लिए भेजा था। पटवन होने के बाद मैं लाइन ताड़ को खोलने के दौरान उन्हें करंट लग गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मृतक के घर पर भारी संख्या में लोग पहुंचे। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने मृतक के डेड बॉडी को अपने कब्जे में ले लिया है।

# हथियार के साथ तीन बदमाश अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के हबीबपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हबीबपुर थाना क्षेत्र के धोबिया पोखर के आसपास कुछ असामाजिक तत्व हथियार के साथ किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया और कार्रवाई करते हुए इलाके में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया, जिनकी पहचान मोहम्मद अदनान, सुनील और अरुण के रूप में हुई है। तलाशी के क्रम में उनके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इसके बाद तीनों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया। SSP प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अदनान का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले मुजाहिदपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के घर के सामने पटाखे फोड़ने और अवैध हथियार लहराते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें मोहम्मद अदनान स्पष्ट रूप से नजर आ रहा था। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे किस आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे और इनके पीछे किसी संगठित गिरोह की भूमिका है या नहीं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बरामद हथियार कहां से लाए गए थे और इससे पहले इनका किसी अन्य आपराधिक वारदात से कोई संबंध रहा है या नहीं।

# यूजीसी एक्ट लागू कराने के लिए जनसमर्थन रैली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




♦ राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डीएम को सौंपा, कहा- आरक्षित वर्ग के मेधावी छात्र पीछे छू

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एससी-एसटी ओबीसी छात्र युवा संघर्ष मोर्चा ने UGC एक्ट 2026 को लागू कराने के समर्थन में आज रैली निकाला। रैली रेलवे माल गोदाम के पास से शुरू होकर ट्रैफिक चौक, कचहरी रोड, कैंटीन चौक नगरपालिका चौक होते हुए समाहरणालय के दक्षिणी गेट हड़ताली चौक पहुंची। रैली में संयोजक विकाश कुमार आजाद सहित बड़ी संख्या में छात्र, युवा और समाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके बाद राष्ट्रपति का नाम ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। रैली के माध्यम से केंद्र सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाने का प्रयास किया गया। रैली की शुरुआत बेगूसराय रेलवे माल गोदाम के पास से हुई।

**UGC ACT 2026 के पक्ष में नारेबाजी की:** हाथों में तख्तियां और बैनर लिए युवा UGC ACT 2026 के पक्ष में नारेबाजी कर रहे थे। रैली का समापन समाहरणालय (कलेक्टर ऑफिस) के दक्षिणी गेट स्थित हड़ताली चौक पर एक सभा के रूप में हुआ। इस दौरान पूरे शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखे। हड़ताली चौक पर संयोजक विकाश कुमार आजाद और पहले उप मेयर राजीव रंजन ने संबोधित किया। इन लोगों ने कहा कि UGC ACT का प्रभावी क्रियान्वयन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उच्च शिक्षा में पारदर्शिता और आरक्षण के उचित लाभ के लिए इस अधिनियम का लागू होना अनिवार्य है। आज का जनसैलाब गवाह है कि बेगूसराय के युवा अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं।

**प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग:** अगर हमारी मांगें नहीं मानी गई तो यह आंदोलन और उग्र होगा। हड़ताली चौक पर सभा के समापन के बाद मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से UGC ACT 2026 को बिना किसी देरी के प्रभावी ढंग से लागू करने और शैक्षणिक संस्थानों में वंचित वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की गई है। रैली में केवल छात्र ही नहीं, बल्कि कई जाने-माने कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने भी शिरकत की। लोगों का कहना था कि वर्तमान दौर में शिक्षा महंगी होती जा रही है। नीतियों में बदलाव नहीं होने से आरक्षित वर्ग के मेधावी छात्र पीछे छूट रहे हैं। इस नए अधिनियम से व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीति और गरम होगा।

# अधिकारी की पुण्यतिथि पर मुफ्त स्वास्थ्य जांच हुई



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार और झारखंड में चर्चित अधिकारी रहे स्व. रामानंद प्रसाद शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके गांव केशावे में डॉक्टरों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच की। साथ ही मेडिकल काउंसिलिंग, हार्ट अटैक मरीजों की जान बचाने के लिए सीपीआर प्रशिक्षण और प्राथमिक उपचारों की जानकारी दी गई। जिसमें डॉ. रमण कुमार झा ने सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का आयोजन स्व. रामानंद प्रसाद शर्मा के बेटे वरिष्ठ पत्रकार अभिरंजन कुमार द्वारा किया गया था। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक और कार्डियक अटैक महामारी का रूप लेते जा रहा है। ऐसे में मरीजों को अकालमृत्यु से बचाने के लिए देश के हर दसवें व्यक्ति को सीपीआर और इस तरह के अनेक प्राथमिक उपचारों के बारे में प्रशिक्षित करना होगा। इसके लिए देश भर में एक ऐसी मानव श्रृंखला का निर्माण करना होगा, जिसमें एक व्यक्ति इसे सीखकर दूसरे लोगों को सिखाता चला जाए। अपने पिता की पुण्यतिथि पर हमने यह अभियान शुरू किया। यह मुहिम को तीन साल से चला रहे हैं। इस बार कई स्कूलों को जोड़ा और सैंकड़ों बच्चों को सीपीआर और अन्य प्राथमिक उपचार सिखाया गया है।

**सीपीआर प्रशिक्षण को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प:** कार्यक्रम तीन सत्रों में आयोजित किया गया। पहले सत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और जांच के अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। द्वितीय सत्र में भजन संध्या और तृतीय और अंतिम सत्र में सम्मान सह शपथ ग्रहण समारोह किया गया। जिसमें मौजूद सभी लोगों ने सीपीआर प्रशिक्षण को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प लिया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रशिक्षण दे रहे डॉ. रमण कुमार झा ने बताया कि कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (CPR) एक आपातकालीन प्रक्रिया है। जो किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद होने या सांस रुकने पर उसकी जान बचा सकती है। इसे सीखना न केवल आसान है, बल्कि यह किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण जीवन रक्षक कला है।

**आपातकालीन नंबर 102 या 112 पर कॉल करें:** CPR देने के लिए सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि आप और पीड़ित दोनों सुरक्षित स्थान पर हैं। पीड़ित व्यक्ति को हिलाएं और जोर से पूछें कि क्या आप ठीक हैं। यदि कोई प्रतिक्रिया नहीं मिले तो तुरंत स्थानीय आपातकालीन नंबर 102 या 112 पर कॉल करें। पीड़ित की छाती को ध्यान से देखें कि क्या वह सामान्य रूप से सांस ले रहा है। यदि 10 सेकंड के भीतर कोई हलचल नहीं दिखे तो CPR शुरू करें। CPR का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है कि पीड़ित व्यक्ति को सख्त और समतल सतह पर पीठ के बल लिटाएं। एक हाथ की हथेली को छाती के बीच रखें और दूसरे हाथ को उसके ऊपर रखकर उंगलियों को आपस में फंसा लें। अपनी कोहनियों को सीधा रखें और अपने शरीर के वजन का उपयोग करते हुए छाती को कम से कम 2 से 2.4 इंच नीचे दबाएं। प्रति मिनट 100 से 120 बार दबाने की कोशिश करें। यदि CPR देने के लिए प्रशिक्षित हैं तो हर 30 बार छाती दबाने के बाद 2 बार मुंह से सांस दें।

# फाइलेरिया मुक्त बनाने का अभियान शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ जिले में 31,97,356 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य, 11 फरवरी को आंगनबाड़ी केंद्रों पर मेगा कैंप

**बेगूसराय।** बेगूसराय जिला में आज(10 फरवरी 2026) से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत हो गई है। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने सदर अस्पताल में दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। पूरे जिले में 3197356 लाभार्थियों को 1693 टीम के द्वारा फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डीईसी और अल्बेंडाजोल के साथ आईवरमेक्टिन निर्धारित खुराक देने का लक्ष्य है। अधिक से अधिक लोगों को दवा का सेवन कराने के लिए 11 फरवरी को मेगा एमडीए कैंप का आयोजन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने दवा सेवन कराएंगे। जीविका के सभी सदस्य को मेगा कैंप में दवा खिलाया जाएगा। प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अगले 14 दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए लाभार्थियों को दवा खिलाएंगे। अंतिम 3 दिनों में सभी स्कूल में बूथ लगाकर दवा खिलाना है।

**2 साल से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं दी जाएगी:** सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित है। रक्तचाप, शुगर, अर्थरायीटिस या अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को भी यह दवाएं खानी है। दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं खिलाई जाएगी। दवा खाने से किसी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। दवा खाने के बाद मितली आने और चक्कर जैसे लक्षण का मतलब है कि कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जो दवा खाने के बाद मर रहे हैं। दवा सेवन के बाद किसी प्रकार की कठिनाई से निपटने के लिए सभी प्रखंड में रैपिड रिस्पांस टीम को तैनात किया गया है।

**दवा खाने से फाइलेरिया होने की संभावना खत्म:** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. गोपाल मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया या हाथी पांव स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। यह संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। WHO के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बांग्लादेश में अराजकता का दौर कब रूकेगा?

5 अगस्त 2024 से पड़ोसी बांग्लादेश में अराजकता का दौर अब भी जारी है। जेल में बंद बांग्लादेश के पूर्व मंत्री और अवामी लीग नेता रमेश चंद्र सेन की मौत हो गई है। उन्होंने देश के शीर्ष हिंदू नेताओं में गिना जाता था, जो शेख हसीना की सरकार में जल संसाधन मंत्री रहे चुके थे। पांच बार के सांसद सेन ने साल 2024 में अपना आखिरी चुनाव जीता था। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रथम आलो की रिपोर्ट के अनुसार, रमेश चंद्र सेन को 7 फरवरी शनिवार सुबह करीब 9.10 बजे तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेन की मौत ने जेल में रखे गए अवामी लीग के सीनियर नेताओं और पूर्व मंत्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले दिनों एक और हिंदू युवक की निर्मम हत्या के बाद भारत में उसकी प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं का नरसंहार किसी को नहीं दिख रहा है। कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद ने देश भर में बांग्लादेश ने एक हिंदू युवक दीपूचंद्र दास की हत्या की हत्या के विरोध में व्यापक प्रदर्शन किए थे। इस दौरान कोलकाता स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के ऑफिस पर प्रदर्शन के दौरान वहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां भी बरसाईं। इस प्रदर्शन बांग्लादेश सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की थी। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि अब हर जगह भीड़तंत्र को हवा दी जा रही है। भीड़ चाहे जिसे अपराधी मानकर सजा ए मौत दे रही है। यह नैसर्गिक न्याय के भी विरूद्ध है, क्योंकि इसमें आरोपी को अपना पक्ष रखने का मौका भी नहीं मिलता। ऐसे में मामलों में किसी को जिम्मेदार ठहराना भी मुश्किल है। इस भीड़तंत्र को हर हाल में रोकना जरूरी है। सभी सरकारों और प्रशासन की यह संवै?धानिक जिम्मेदारी है कि वो अपने यहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और कानून के हिसाब से राज चलाएं ताकि सभी नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास कायम रहे।

### क्या देश की राजधानी में आपात स्वास्थ्य व्यवस्था फेल हो रही है?

यह अक्सर देखने में आता है कि अगर कहीं सड़क पर दुर्घटना हो जाए या फिर घर पर किसी व्यक्ति की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाए, तो एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती है। प्राथमिक उपचार के इंतजार में कई बार मरीज की जान चली जाती है।बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपचार की किफायती और सुलभ सुविधाएं मनुष्य की बुनियादी जरूरत है। इनमें चिकित्सक की उपलब्धता, समय पर सस्ते दामों में दवाएं मुहैया कराना और आपातकालीन देखभाल शामिल हैं, ताकि लोगों का जीवन सुरक्षित रहे। अगर व्यवस्था में इन जरूरी सुविधाओं का अभाव हो, तो विकास के दावों का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। देश की राजधानी दिल्ली की एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। दिल्ली सरकार की जन्म और मृत्यु पंजीकरण पर वार्षिक रपट के मुताबिक, वर्ष 2024 में राष्ट्रीय राजधानी में एक लाख उनचालीस हजार से अधिक लोगों की मौत हुई, जिनमें से 34.84 फीसद लोगों की मौत घर पर ही हुई। सवाल है कि आज के दौर में जब लोग मामूली तकलीफ होने पर भी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करते हैं, तो ऐसी क्या वजह है कि इतनी बड़ी संख्या में मौत घर पर ही हो जाती है? जाहिर है, इसके पीछे स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव और आपात स्थिति में चिकित्सा सहायता समय पर न मिलना भी एक बड़ा कारण हो सकता है। इस बात पर गौर करना जरूरी है कि आने वाले दिनों में भारत के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाने के दावों के बीच अगर चिकित्सा सहायता न मिलने से लोगों की जान जा रही है, तो यह पूरी व्यवस्था पर सवाल है। हैरत की बात है कि आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का दम भरने वाली दिल्ली के लोग स्वास्थ्य को लेकर आपात परिस्थिति में खुद को असहाय महसूस करते हैं। यह अक्सर देखने में आता है कि अगर कहीं सड़क पर दुर्घटना हो जाए या फिर घर पर किसी व्यक्ति की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाए, तो एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती है। प्राथमिक उपचार के इंतजार में कई बार मरीज की जान चली जाती है। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं कि किसी मरीज को अस्पताल में बिस्तर खाली नहीं होने की वजह से भर्ती नहीं किया गया।

*विगत 13 फरवरी 2014 को हुए झगड़े ने अध्यक्ष को कक्ष से भागने पर मजबूर कर दिया और कई सांसदों को अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में प्रदर्शनकारी सांसद ने विरोधियों पर मिर्च स्प्रे फेंका था। कांच की मेज को तोड़ा माइक्रोफोन का तार तोड़ दिया था। विगत जनवरी 1988 को एमजी रामचंद्रन की विधवा जानकी के समर्थकों तथा जे. जयललिता के समर्थकों के मध्य हाथापाई हुई जिसमें 20 विधायकों को चोटें आईं थीं।*

## सदन की घटनाओं से तार-तार होता राष्ट्रीय चरित्र

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में मनमानियों का बाहुल्य होता जा रहा है। विधानसभाओं से लेकर लोकसभा तक में राष्टीय चरित्र का निरंतर पतन हो रहा है। गुण्डागिरी का ऊपर उठता ग्राफ, अपशब्दों की बौछार और आक्रमण के लिए उन्मादी भीड के दृश्य किसी मवाली मंडी के मानिन्द सामने आ रहे हैं। हाथपाई, मारपीट और गालीगलौज से ऊपर उठकर प्राणघातक हमले तक बात पहुंच चुकी है। इन सबके मध्य अब महिलाओं को हथियार बनाकर राष्ट की सांस्कृतिक विरासत को भी नस्तनाबूत करने के लिए भी राजनैतिक दलों ने अब कमर कस ली है। संसद के अन्दर का वातावरण अब असुरक्षा के प्रदूषण से इतना भर गया है कि वहां पर सम्मान की सांसें लेने में बेहद कठिनाई होने लगी है। सभापति का पद भी निर्विघ्न रूप से कीचड उछाला जाता रहा है। राज्यपाल से लेकर राष्टपति तक की संवैधानिक गरिमा पतन के गर्त में पहुंचती जा रही है। मतभेदों की वैचारिक भिन्नता अब मनभेद का संघर्ष बन चुका है। संसद के बाहर षडयंत्र करने वाले अब अन्दर का सम्मान भी मिट्टी में मिलाने पर तुल गये हैं। ढीठता की चरम सीमा पर पहुंचने वाले अनेक राजनेताओं का नंगा नाच अब सडकों पर भी मनोरंजन का कारक बनता जा रहा है। खतरनाक आपराधिक घटनाओं में आरोपी बने लोग जब संसद में जनप्रतिनिधि बनकर पहुंचेंगे, तो उनकी मानसिक गंदगी से वहां भी गैगवार जैसी स्थितियां पैदा होना स्वाभाविक ही है। राजनैतिक दलों में बाहुबलियों, भीडबलियों, धनबलियों, गैगबलियों सहित माफियों को बेधडक सम्मान देने की परम्परा अब बेहद तेजी से आगे बढ रही है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की दहशत को लोकप्रियता का नया मापदण्ड माना जाने लगा है। घोटालेबाजों की सम्पत्ति ही उन्हें प्रतिष्ठा के नये सोपान तय करा रही है। माफियों के गिरोहों की दखलंदाजी अब कार्यपालिका के दफ्तरों से लेकर सदन के अन्दर तक हो चुकी है। नियम, कानून, व्यवस्था जैसे शब्द केवल निरीह लोगों पर ही कहर बनकर टूट रहे हैं। देश का नाम दुनिया के भाल पर भले ही चमकता दिख रहा हो परन्तु अन्दर के हालातों को विस्फोटक बनाने में लगे उत्तरदायी लोगों के समूह अब आत्मघाती दस्ते बनकर विदेशी षडयंत्र को अमली जामा पहनाने में तेजी से जुट गये हैं। साइबर युग में अतीत की इबारत से लेकर वर्तमान के क्रियाकलापों तक का आइना खुलकर सामने आ चुका है। ऐतिहासिक घटनाओं को विकृत करके इतिहास लिखवाने वालों तक को पोल खुल चुकी है। सत्य को झुठलाकर षडयंत्र को विकसित करने वालों ने लम्बे समय तक देश को अंधकार में रखा और राज्य किया। गुलामी की आदतों में जकडे नागरिकों को शाब्दिक स्वतंत्रता का सब्जबाग दिखाकर गोरों ने केवल सत्ता के चेहरों को ही बदला था। सब कुछ यथावत ही रहा था। चन्द लोगों के द्वारा स्वीकार की गई अंग्रेजियत को समूचे देश पर थोपा गया। विलायती संस्कृति के आगे परम्परागत संस्कारों को दास बना दिया गया। शिक्षा से लेकर चिकित्सा तक, न्यायालयों से लेकर संस्थानों तक और धरती से लेकर आसमान तक पाश्चात्य की जडें मजबूत करने की षडयंत्रकारी योजनायें आज दावानल बनकर देश को निगल रहीं है। लोकतंत्र के मंदिर को भी देश के अन्दर बैठे मीरजाफरों की फौज विखण्डित करने पर तुली है। उदाहरण के तौर पर देखें तो विगत 26 अगस्त 2006 को लोकसभा में हुई जेडीयू और आरजेडी के मध्य हाथापाई हुई। विगत 24 नवंबर 2009 को राज्यसभा में अमर सिंह और अहलूवालिया के मध्य हाथापाई हुई। विगत 5 सितंबर 2012 को राज्यसभा में बीएसपी सांसद अवतार सिंह और एसपी सांसद नरेश अग्रवाल के मध्य हाथापाई हुई। विगत 13 फरवरी 2014 को हुए झगड़े ने अध्यक्ष को कक्ष से भागने पर मजबूर कर दिया और कई सांसदों को अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में प्रदर्शनकारी सांसद ने विरोधियों पर मिर्च स्प्रे फेंका था। कांच की मेज को तोड़ा माइक्रोफोन का तार तोड़ दिया था। विगत जनवरी 1988 को एमजी रामचंद्रन की विधवा जानकी के समर्थकों तथा जे. जयललिता के समर्थकों के मध्य हाथापाई हुई जिसमें 20 विधायकों को चोटें आईं थीं तथा 100 से अधिक माइक टूट गए और कई कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गईं। विगत 26 मार्च 1989 को तमिलनाडु विधानसभा में जयललिता पार्टी के सदस्यों और करुणानिधि के डीएमके के विधायकों के बीच हिंसा भड़क उठी। उत्तर प्रदेश विधानसभा में विगत 16 दिसम्बर 1993 को सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच हुई हाथापाई में अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी सहित 33 विधायक घायल हो गए थे। यहीं पर 21 अक्टूबर 1997 को फिर आक्रामण की घटना हुई जिसमें लगभग 50 सदस्य घायल हो गए थे। इस घटना में माइक्रोफोन स्टैंड, पेपरवेट, कांच के टुकड़े और फर्नीचर का खुलकर प्रयोग हुआ था। इसी तरह 14 सितंबर 2007 को कांग्रेस विधायक भीष्म शर्मा ने भाजपा के मुख्य सचेतक साहब सिंह चौहान पर शारीरिक हमला किया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा के बाहर 11 दिसंबर 2012 को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के विधायकों के बीच हाथापाई हुई। तमिलनाडु विधानसभा में भी 2013 में मुक्केबाजी हुई। केरल के विधायकों ने 13 मार्च 2015 में तोड़ीं कुर्सियां, माइक फेंके और मेजों पर चढ़ गए। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 28 अगस्त 2015 को कांग्रेस और विपक्षी भाजपा विधायकों के बीच मारपीट हुई। तमिलनाडु में 18 फरवरी 2017 को तमिलनाडु विधानसभा में राज्य विधायकों द्वारा हिंसा और बर्बरता की घटनाएं हुईं। गुजरात विधानसभा विगत 14 मार्च 2018 को प्रश्नकाल के बाद कांग्रेस और भाजपा विधायकों ने एक-दूसरे पर थप्पड़ और लात-घूंसे बरसाए, माइक्रोफोन भी तोड़े। हरियाणा विधानसभा में 11 सितंबर 2018 को विपक्ष के नेता और इंडियन नेशनल लोकदल के विधायक अभय चौटाला और कांग्रेस विधायक करण सिंह दलाल के बीच अभूतपूर्व लड़ाई देखी गई। बिहार विधानसभा में 24 मार्च 2021 को विपक्षी विधायकों के विरोध के कारण सदन में अभूतपूर्व हंगामा हुआ जिसके बाद स्पीकर के कक्ष की घेराबंदी करने वाले विधायकों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को बुलाना पडा। कर्नाटक विधानसभा में 16 फरवरी 2022 को सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बीच हाथापाई हुई। पश्चिम बंगाल विधानसभा में 24 मार्च 2022 को बजट सत्र हाथापाई के साथ समाप्त हुआ जिसमें विधानसभा में टीएमसी और भाजपा विधायकों के बीच हुई मारपीट हुई। महाराष्ट्र विधानसभा में विगत 1 मार्च 2024 को विधान भवन के गलियारे में बड़ी हाथापाई हुई। जम्मू कश्मीर विधानसभा में 7 नवंबर 2024 को विधायकों के बीच हाथापाई हुई और अभी हाल ही में देश की राजधानी का सदन प्रधानमंत्री पर हमले को आमादा विपक्ष की महिला सांसदों की घटना का गवाह बना। यह तो मात्र बानगी है, वास्तविक आंकडे तो इससे कहीं बहुत अधिक हैं। ऐसी घटनायें ही देश के राष्टीय चरित्र को किसी षडयंत्र के तहत तार-तार करने में तेजी से आगे बढती प्रतीत हो रहीं हैं।

## मशीन विवेक कहां से लाएगी? तकनीक आगे बढ़ेगी, पर फैसला इंसान ही करेगा

**(देवेश त्रिपाठी )**

विवेक एक ऐसा अद्वितीय मानवीय कौशल है, जिसका स्वचालन नहीं किया जा सकता, निकट भविष्य में तो बिल्कुल नहीं। कॉलेज के दिनों में मुझे मध्यकालीन अध्ययन के एक सेमिनार में शामिल होने का अवसर मिला। विषय था-ब्रिटिश कॉमन लॉ की उत्पत्ति। वहां मैंने जाना कि 14वीं सदी के इंग्लैंड में न्यायाधीश किस तरह संपत्ति से जुड़े विवादों का निपटारा करते थे। जब गवाहों के बयान आपस में टकराते और दस्तावेज अधूरे या अस्पष्ट होते थे, तब न्यायाधीश अपनी तार्किक क्षमता और विवेक का इस्तेमाल करके निर्णय लेते थे। उस सेमिनार की सीख आज भी मेरे काम आती है। वह मुझे पढ़ने, शोध करने और विश्लेषण करने वाली गहरी शिक्षा की अहमियत की याद दिलाती है। मेरी कॉलेज की शिक्षा ने मुझे यह नहीं सिखाया कि 'क्या सोचना है', बल्कि यह सिखाया कि 'कैसे सोचना है'। तकनीकी प्रभुत्व वाली इस दुनिया में रणनीतिक और वित्तीय फैसले लेते समय यही नजरिया सबसे ज्यादा कारगर साबित होता है। आज जितनी भी बोर्डरूम चर्चा होती है, हरेक के केंद्र में एआई होता ही है। निस्संदेह एआई परिवर्तनकारी साबित होगा। फिर भी, बहुत कुछ ऐसा भी है, जो बिल्कुल नहीं बदलेगा। उनमें सबसे प्रमुख है इन्सानी विवेक। विवेक से मेरा तात्पर्य है-परस्पर विरोधी मूल्यों और मतभेदों के बीच मध्यस्थता करने की क्षमता; उन पहलुओं पर विचार करने का हुनर, जो अपने आप में महत्वपूर्ण तो हैं, पर जिन्हें एकसाथ पूरा नहीं किया जा सकता; और श्रेष्ठ विकल्प तक पहुंचने के लिए कई रास्तों पर विचार करने का कौशल। यह एक अद्वितीय मानवीय कौशल है। हाल ही में, मेरा एक ग्राहक अपने व्यवसाय का एक हिस्सा बेचना चाहता था। उसके सामने दो विकल्प थे-या तो उस तेजी से बढ़ने वाली इकाई को बेच दिया जाए, जो अस्थिर थी व मुख्य कारोबार का केंद्र नहीं थी, या फिर उस धीमी गति से बढ़ने वाली इकाई को बेचा जाए, जो कंपनी के उद्देश्य और मिशन से अधिक मेल खाती थी। एआई आधारित विश्लेषण ने धीमी वृद्धि वाले व्यवसाय को बेचने की सिफारिश की। लेकिन मानवीय विवेक ने दूसरा रास्ता दिखाया कि उतार-चढ़ाव वाली इकाई को बेचें और दूसरी को बेहतर बनाएं। हालांकि, यह कहना जल्दबाजी होगी कि कौन-सा रास्ता सही साबित होगा, लेकिन मैं एआई के उत्तर की निश्चितता देखकर दंग रह गया। बेशक एआई पैटर्न पहचानने, कोड बनाने और भारी मात्रा में टेक्स्ट व डाटा को संकलित करने में सक्षम है। पर किसी को यह तय तो करना ही होता है कि विश्लेषण भरोसेमंद है या नहीं, उसके निहितार्थ क्या हैं और उस पर अमल करना समझदारी होगी या नहीं। यही वे जगहें हैं, जहां तकनीक नहीं, बल्कि मानव विवेक निर्णायक भूमिका निभाता है। पिछले वर्ष एक बोर्ड यह जानना चाहता था कि उसे एक व्यावसायिक सौदे के लिए कितनी बोली लगानी चाहिए। एआई ने एक ऐसी राशि सुझाई, जो मुझे कम लगी। फिर चर्चा हुई कि क्या सौदे की कीमत अधिक रखनी पड़ेगी। जैसा कि अपेक्षित था, जब कंपनी ने एआई द्वारा सुझाई कीमत का प्रस्ताव दिया, तो उसे निरस्त कर दिया गया। बाद में, अधिक कीमत की पेशकश स्वीकार कर ली गई और सौदा सफल रहा। सौदे को लेकर एआई मानवीय पहलुओं को नहीं समझ सका, जिसे मानवीय निर्णय ने बखूबी समझा। इसी वजह से मुझे संदेह है कि एआई जल्द मानवीय पहलुओं की बराबरी लेगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6000

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5999

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 6000

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | | ■ |
| 5 | | | ■ | | ■ | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 12 |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 | | |
| ■ | | ■ | 13 | ■ | 14 | | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | |
| 20 | | ■ | ■ | 19 | 20 | | ■ |
| | ■ | ■ | 21 | | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 16 जून 2007 को यह महिला अंतरिक्ष में लगातार सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला बनी (7)
5. प्रणाम, अभिवादन, नमस्कार (3)
7. सेवा करना वाला, नौकर (3)
8. व्रत, उपवास (उर्दू)(2)
9. मादा या आवेश में आना (4)
13. प्रकाश की किरण, अर्धप्रकाश (1)
14. टूटने-फूटने आदि से उत्पन्न शब्द (2)
15. गति (3)
17. अधिकार, शक्ति, पर्याप्त है कि, समाप्ति सूचक शब्द (2)
18. प्रहार करने की क्रिया (2)
19. गवाह का कथन, साक्ष्य (3)
21. बलमा, प्रेमी, साजन, इस फिल्म मे देवानंद के साथ मीना कुमारी व सुरैया थी (1951) (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुराणानुसार महाराजा जनक की पत्नी का नाम, सुलोचना (4)
2. कड़वी छाल वाले इस वृक्ष की पत्तियां औषधि बनाने के काम में आती है (2)
3. इन्हें सम्राट अकबर के नवरत्नों में गिना जाता है, इनका मूल नाम रामतनुमाल था (4)
4. काबिलीयत, योग्यता, गुण, पात्रता (4)
6. संवारना, आकर्षक और सुंदर बनाना (3)
8. रूपयों का लेन-देन का हिसाब सबंधी बही (5)
10. बंधक बनाया हुआ, जिसे अपराध के सिलसिले में पकड़ा गया हो (4)
12. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
15. प्रस्थित, भेजा गया (3)
16. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराए जाते है, तल्लीनता, ध्यान लगाने का भाव (3)
20. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)

### वर्ग पहेली 5999 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | ■ | गो | दा | व | री |
| ग | ज | ट | ■ | दा | ता | र | ■ |
| खु | ■ | स्थ | ग | न | ■ | या | मा |
| ल | य | ■ | र्ज | ■ | सं | त्रा | य |
| ना | ज | नी | न | ■ | ता | ■ | ■ |
| ■ | मा | ■ | क | मी | न | गा | ह |
| जा | न | व | र | ■ | ही | र | क |
| ट | ■ | ■ | ना | दा | न | ■ | ला |

## आज का राशिफल

### मेष
आज कोई मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की संभावना रहेगी। संतान की ओर से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता हैं। किसी प्रतियोगिता में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। वहीं, शाम के समय आपका कोई रुका हुआ कार्य भी पूरा हो सकता है। रात्रि के समय मांगलिक कार्यों में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

### वृष
आज जीवन में शांति महसूस होगी। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए आपके प्रयास सफलता दिलाएंगे। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही पद और प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होती दिख रही है। रात के समय कुछ अप्रिय व्यक्तियों से भी अनावश्यक मुलाकात हो सकती है। वहीं, संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

### मिथुन
आज आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे।आपका व्यवहार समाज में आपको सम्मान दिलाएगा। शिक्षा और प्रतियोगिता से जुड़े जातकों को विशेष सफलता मिलेगा। हालांकि, सूर्य के कारण आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आंखों से जुड़ी समस्या होने की संभावना है।

### तुला
आज मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको संपत्ति प्राप्त हो सकती है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान से संबंधित सभी दायित्व आप पूरा कर पाएंगे। सायंकाल से लेकर रात्रि तक का समय प्रिय व्यक्तियों से मुलाकात में बीतेगा।

### वृश्चिक
आज अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आंतरिक विकार होने की संभावना दिख रही है। ऐसे में आपके लिए बेहतर होगा कि इन सबकी जांच किसी अच्छे डॉक्टर से करा लें। सलाह मशविरा करने में पूरा दिन निकल सकता है। रोग की अवस्था में अधिक चलने से बचें। यात्रा के पूरे योग है। यात्रा करते समय सावधानी रखें बाहर की कोई चीजें न खाए। नहीं तो अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

### धनु
आज संतान से सुखद समाचार मिलेगा। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में आपके प्रयास रंग लाएंगे। इन क्षेत्रों में आपको अकल्पनीय सफलता मिलती हुई दिख रही है। इसके अलावा संतान पक्ष से भी सुखद समाचार मिलने से आपको प्रसन्नता होगी। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में आपको जीत मिलेगी। शुभ खर्चे होने से आपकी कीर्ति में भी वृद्धि होगी।

### कर्क
आज आपको जीवन साथी का पूरा सहयोग मिलेगा। तृतीय भाव में बृहस्पति होने के कारण संतान पक्ष से भी कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। शाम के समय कोई रुका हुआ काम अचानक से पूरा हो जाएगा। रात का समय परिवार के साथ बीतेगा। दूर यात्रा के संयोग बन रहे हैं। यात्रा करते समय सावधानी बरते। अगर किसी यात्रा पर जाने की सोच रहे हैं।

### सिंह
आज पारिवारिक जीवन आपका मधुर रहेगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त होता दिख रहा है। बहनोई और साले से किसी प्रकार का लेन-देन न करें। इससे संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा का संयोग भी बन रहा है। इस दौरान पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। मूल्यवान वस्तु के चोरी होने का खतरा दिख रहा है।

### कन्या
आज अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा। बेवजह किसी से विवाद होने की संभावना नजर आ रही है। आपके किए गए कार्यों में असफलता और धन हानि के योग बनते दिख रहे हैं। अचानक किसी यात्रा पर भी आपको जाना पड़ सकता है। इस दौरान सावधान रहें और किसी विवाद में न पड़ें।

### मकर
आज अधिकारियों से नजदीकी का लाभ मिलेगा। जिससे आपका दिन शुभ रहने वाला है। आपके कार्यों की विरोधी भी प्रशंसा करेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों से नजदीकी का आपको करियर में लाभ मिलेगा। इस दौरान ससुराल पक्ष से भी पर्याप्त मात्रा में धन प्राप्त हो सकता है। शाम के समय सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर मिलेगा।

### कुंभ
आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। जिससे आपको पारिवारिक व आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयासों में सफलता मिलेगी। कर्यस्थल पर कर्मचारियों का आदर प्राप्त होगा। इनके सहयोग से सभी कार्य समय पर पूरे होते चले जाएंगे। सायंकाल के समय किसी झगड़े विवाद से खुद को दूर रखें। रात के समय घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है।

### मीन
आज कोई बड़ी समस्या का भी समाधान होगा जिससे आपके घर में प्रसन्नता रहेगी। आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण बना रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्य आपका सहयोग करेंगे। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की बड़ी समस्या का भी समाधान हो जाएगा। पर्याप्त मात्रा में आपको धन प्राप्त हो सकता है। विरोधियों पर आपको जीत मिलेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

# आतंकी साजिशों का केंद्र बना जमशेदपुर, एनआईए और दिल्ली पुलिस की रडार पर स्लीपर सेल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** लौहनगरी जमशेदपुर एक बार फिर राष्ट्रीय जांच एजेंसी और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की रडार पर है। आतंकी संगठनों और उनके 'स्लीपर सेल' के लिए पनाहगाह बन चुके इस शहर में सुरक्षा एजेंसियां लगातार छापेमारी और जांच कर रही हैं।

हाल ही में अलकायदा इन इंडियन सबकान्टिनेंट के संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद झारखंड एटीएस और एनआइए की टीम शहर के संदिग्ध ठिकानों पर पैनी नजर रख रही है। ताजा जांच का मुख्य केंद्र जाकिर नगर निवासी डॉ. इश्तियाक अहमद है, जिसे अगस्त 2024 में रांची से गिरफ्तार किया गया था। इश्तियाक पर भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की साजिश रचने और आतंकी माड्यूल का मास्टरमाइंड होने का आरोप है। हाल ही में कपाली के युवकों से पूछताछ की गई थी।

जमशेदपुर में आतंकियों की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका अंदाजा पिछले कुछ सालों में हुई गिरफ्तारियों से लगाया जा सकता है। दिसंबर 2023 में एनआईए ने जुगसलाई से शाहबाज को पकड़ा था, जो मोबाइल टावर में काम करता था।

इससे पहले 2016 में धतकीडीह के अब्दुल समी और ओडिशा के अब्दुल रहमान कटकी को अलकायदा से जुड़े होने के आरोप में दबोचा गया था। हालांकि, पुख्ता साक्ष्यों के अभाव में कई आरोपी अदालत से बरी भी हुए, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि शहर में अब भी कई स्लीपर सेल सक्रिय हैं।

जांच के दौरान कुल 29 संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। इनमें मानगो के आजाद नगर का निवासी सैयद मो. अर्शियान हैदर मुख्य है, जो लंबे समय से फरार है और उसके खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी है।

अर्शियान पर भारत सहित कई देशों में आतंकी हमले की साजिश का आरोप है। इसके अलावा अलकायदा का प्रदेश संचालक अबु सुफियान भी पुलिस की सूची में शामिल है। अर्शियान के भाई जीशान अली को पहले ही सऊदी अरब से प्रत्यर्पित कर दिल्ली में गिरफ्तार किया जा चुका है।

वर्तमान में एटीएस और स्पेशल सेल उन नामों की दोबारा कुंडली खंगाल रही है, जो पूछताछ में सामने आए थे लेकिन साक्ष्यों की कमी के कारण उन पर कार्रवाई नहीं हो सकी थी। शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र जैसे मानगो, आजाद नगर और जाकिर नगर सुरक्षा एजेंसियों की विशेष निगरानी में हैं।



**सर्किट हाउस ब्लास्टः** 17 अगस्त 2015 को बिष्टुपुर कालीबाड़ी मंदिर के पीछे एक डस्टबिन में जोरदार धमाका हुआ था। एनआईए की जांच के बावजूद आज तक यह साफ नहीं हो पाया कि इसके पीछे किसका हाथ था।

**जुगसलाई टाइम बमः** जून 2005 में जुगसलाई के एक होटल से टाइम बम बरामद हुआ था। आरोपी शहनवाज पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग निकला और 19 साल बाद भी वह गिरफ्त से बाहर है।

## संक्षिप्त समाचार



### भूमिज समाज की बैठक में पारंपरिक स्वशासन और संस्कृति की सुरक्षा को लेकर लिया संकल्प

**धालभूमगढ़, एजेंसी।** धालभूमगढ़ प्रखंड के पुनिशा गांव में भूमिज समाज की बैठक रंजीत भूमिज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, रीति-रिवाज, संस्कार और सामाजिक व्यवस्था सहित जल, जंगल, जमीन की रक्षा और भाषा, संस्कृति, परंपरा की सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में समाज के पारंपरिक ढांचे और पदाधिकारियों के मनोनयन पर भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके तहत हातु सरदार (मुढ़ा): कृष्णा सिंह, लाया सरदारः बिजन सरदार, देवरीः नेपाल सरदार, डाकुआः रंजीत भूमिज को मनोनीत किया गया। बैठक में बलराम सिंह, सुनील सरदार, रबिंद्र नाथ सिंह, जतिंद्र नाथ सिंह, परमेश्वर सिंह और रवींद्रनाथ सिंह सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

### रांची में पुलिस पर स्कॉर्पियो चढ़ाने की कोशिश, 9 राउंड फायरिंग; एक युवक घायल

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में सोमवार की देर रात कचहरी चौक के पास एक खौफनाक घटना ने इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। ट्रांसजेंडर समुदाय के एक सदस्य के साथ मारपीट की घटना में एक ट्रांसजेंडर का पैर टूट गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हालात तब और बिगड़ गए जब विवाद करने वाले आरोपितों ने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। इस दौरान कोतवाली डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे।

पुलिस के अनुसार, इस्तियाख और गुलफाम नामक दो युवकों पर आरोप है कि उन्होंने अपनी स्कॉर्पियो कार से पहले एक आम युवक को रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया।

आरोपितों ने घायल युवक को सड़क पर छोड़ने की बजाय कार में डालकर पूरी रात शहर में घुमाया। ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ विवाद के बाद आरोपितों ने पुलिस को देखकर गाड़ी नहीं रोकी और तेज रफ्तार में फरार होने की कोशिश की।

हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आत्मरक्षा में फायरिंग करनी पड़ी। पुलिस ने कुल 9 राउंड फायरिंग की, जिसमें स्कॉर्पियो के टायर को निशाना बनाया गया। फायरिंग में इस्तियाख नामक युवक घायल हो गया, उसे एक गोली लगी है।

घायल युवक को तुरंत रिम्स (राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है और दोनों आरोपितों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जैविक खेती का कमालः झारखंड के किसान ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, एक पौधे से 15 किलो हल्दी का किया उत्पादन






**जलडेगा (सिमडेगा), एजेंसी।** प्रखंड अंतर्गत टिनगीना गांव के किसान राजेंद्र काशी ने खेती के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। राजेंद्र काशी ने एक ही हल्दी के पौधे से लगभग 15 किलोग्राम हल्दी उत्पादन कर एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उनकी इस उपलब्धि से ना केवल क्षेत्र के किसान उत्साहित हैं, बल्कि यह सफलता पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय बन गई है। करीब एक वर्ष तक निरंतर परिश्रम, धैर्य और नवीन प्रयोगों के बाद तैयार की गई इस विशेष हल्दी ने हाल ही में सिमडेगा में आयोजित कृषि विकास मेला सह उद्यान प्रदर्शनी में सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी के दौरान उनकी हल्दी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

वहीं, किसान राजेंद्र काशी को कुल 11 अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किए गए।

# ड्यूटी खत्म कर लौट रहा था युवक, सड़क पर बाइक समेत पड़ा मिला, हुई मौत

**रामगढ़, एजेंसी।** रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय रौनक कुमार शाह के रूप में हुई है। रौनक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का निवासी था। वर्तमान में पतरातू में रहकर काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार, रौनक निर्माणाधीन पीवीयूएनएल परियोजना में कार्यरत एजेंसी लॉयल टैंक सीएचपी ऑपरेशन मैनपावर में काम करता था। वह देर रात अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक संख्या छ्व॥ 13॥ 5382 से वापस लौट रहा था। इसी दौरान जब उसके सहकर्मी भी ड्यूटी खत्म कर लौट रहे थे, तो उन्होंने मेन रोड पर रौनक को बाइक के साथ घायल अवस्था में पड़ा हुआ देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पतरातू थाना पुलिस को दी।

**अस्पताल में डॉक्टर ने किया मृत घोषितः** सूचना मिलने के बाद पतरातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल रौनक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू ले जाया गया। वहां मौजूद चिकित्सक अरविंद कुमार ने जांच के बाद



रौनक को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के अनुसार, युवक को गंभीर अंदरूनी चोटें आई थीं, जिसके कारण उसकी जान नहीं बच सकी।

रौनक की मौत की खबर मिलते ही उसके सहकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों का कहना था कि दुर्घटना काफी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से हुई प्रतीत होती है। रौनक के शरीर पर चोट के निशान और बाइक की हालत से भी हादसे की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा रहा है।

## पलामू में सड़क पर चल रही बाइक में धधकी आग, युवक ने कूदकर बचाई जान

**चैनपुर (पलामू), एजेंसी।** चैनपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम एक चलती बाइक में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। हालांकि बाइक सवार युवक समय रहते कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा, लेकिन आग लगने से बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई।



स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। सूचना मिलने पर चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के रंका निवासी इंद्रजीत पासवान सोमवार देर शाम रेहला से डाल्टनगंज जा रहे थे। इसी दौरान चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधीपुर स्थित मेदिनीनगर–शाहपुर मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही उनकी बाइक में अचानक आग लग गई।

आग की लपटें उठते देख इंद्रजीत पासवान तुरंत बाइक से कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और बाइक जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बाइक में आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पूछताछ में बाइक सवार इंद्रजीत पासवान ने बताया कि उन्होंने करीब एक वर्ष पूर्व बाइक खरीदी थी और चलाने के दौरान अचानक बाइक में आग लगने का एहसास हुआ।

# एएनएम के 3181 पदों पर नियुक्ति, रांची में 18 और 19 मार्च को होगी परीक्षा

**रांची, एजेंसी।** स्वास्थ्य विभाग के अधीन महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के 3,181 पदों (बैकलॉग सहित) पर नियुक्ति के लिए परीक्षा 18-19 मार्च को होगी। इसे लेकर रांची में कई परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। आयोग के अनुसार, इस परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उनकी परीक्षा की तिथि जानकारी 10 मार्च से उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा ईमेल पर दी जाएगी।



अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र परीक्षा के दो दिन पूर्व आयोग की वेबसाइट से आवेदन में दर्ज ईमेल/पंजीकरण (आवेदन) संख्या एवं जन्मतिथि डालकर डाउनलोड कर सकेंगे।

आयोग ने अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र की एक अतिरिक्त प्रति एवं दो फोटो के साथ आने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह सुझाव भी दिया है कि परीक्षा से संबंधित शुचिता को बरकरार रखेंगे तथा किसी प्रकार के कदाचार संबंधी प्रयास में शामिल नहीं होंगे।

यह चेतावनी भी दी है कि किसी कदाचार में लिप्त पाए जाने पर झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिन 3,181 पदों के विरुद्ध नियुक्ति होगी, उनमें 3,020 नियमित तथा 161 बैकलॉग पद सम्मिलित हैं।

नियुक्ति के लिए परीक्षा ओएमआर तथा कंप्यूटर आधारित ली जाएगी। परीक्षा एक चरण (मुख्य परीक्षा) में ली जाएगी। परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर युक्त होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक के होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक प्रदान किया जाएगा।

उक्त परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का प्रविधान नहीं होगा। परीक्षा की भाषा हिन्दी/अंग्रेजी होगी। मुख्य परीक्षा की अवधि एक घंटे) की होगी, जिसमें कुल- 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक लाना होगा।

# आदिवासी विकास पुस्तकालय सोनाखून की 46वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**धालभूमगढ़, एजेंसी।** आदिवासी विकास पुस्तकालय सोनाखून की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 46वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिला प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सोमेश चंद्र सोरेन शामिल हुए। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेलों को युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।



विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता : पुरुष वर्ग : 100 मीटर दौड़ः प्रथम - बसेन मुर्मू, द्वितीय - सोकेन बास्के, 1600 मीटर दौड़ (जेंट्स): प्रथम - खेरवार मुर्मू, द्वितीय - रामजीत मुर्मू, 800 मीटर दौड़ः प्रथम - राजाराम हेंब्रम, द्वितीय - अजीत मुर्मू, शॉट पुटः प्रथम - देवेन हांसदा, द्वितीय - योगेश्वर हांसदा, जीके प्रतियोगिताः प्रथम - डोमन मुर्मू, द्वितीय - सिद्धू हांसदा, मेंढक रेसः प्रथम - किरिटिया मुर्मू, द्वितीय - समीर सोरेन, बालिका वर्ग : 100 मीटर दौड़ः प्रथम - सलोनी मुर्मू, द्वितीय - अनीता मुर्मू, सुई-धागा प्रतियोगिता : प्रथम - माही मांडी, द्वितीय - पूर्णिमा सोरेन, कोलसी रेस : प्रथम - सुनीता हांसदा, द्वितीय - मालती हांसदा, 800 मीटर दौड़ : प्रथम - मालती हांसदा, द्वितीय - सुनीता माड़ी, 400 मीटर दौड़ : प्रथम - राइमात मुर्मू, द्वितीय - सरिता कुमारी, गोला थ्रो : प्रथम - ममीता मुर्मू, द्वितीय - जयंती मांडी। सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंगल हांसदा, मंगल सिंह, सचिव डोमन सोरेन, दुर्गा चरण मांडी, गोपीनाथ सोरेन, चिंटू टुडू, कालीचरण मुर्मू, विनोद हांसदा, रामदास टुडू, धनंजय हेंब्रम, जीवन हेंब्रोम, सावना किस्कू, गुरदास हेंब्रम, विक्रम सोरेन, दाखिन हांसदा, सुनाराम सोरेन, सुनील किस्कू, राम गोप, फागुन सोरेन, श्रीकांत हांसदा, विदेश किस्कू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व खेलप्रेमी मौजूद थे।

# रांची में भीड़ और उत्साह ने बढ़ाई समय सीमा, अब 15 फरवरी तक खुला रहेगा लोक भवन उद्यान

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में लोक भवन उद्यान को लेकर नागरिकों के उत्साह और अभूतपूर्व जनसहभागिता को देखते हुए राज्यपाल ने आम लोगों के लिए खुले रहने की अवधि बढ़ा दी है। अब उद्यान 15 फरवरी तक आम लोगों के भ्रमण और अवलोकन के लिए खुला रहेगा। यह निर्णय उद्यान की बढ़ती लोकप्रियता और लगातार उमड़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। लोक भवन उद्यान इन दिनों रांची का सबसे बड़ा जन आकर्षण बन चुका है।

रविवार को 2,66,816 लोग उद्यान का भ्रमण कर चुके हैं, जबकि अब तक कुल 4,92,470 नागरिक उद्यान की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले चुके हैं। यह आंकड़ा राजधानी के किसी भी सरकारी परिसर में आम नागरिकों की अब तक की सबसे बड़ी सहभागिता को दर्शाता है। उद्यान की लोकप्रियता का मुख्य कारण इसकी प्राकृतिक सुंदरता और सुव्यवस्थित लैंडस्केपिंग है। गुलाब, गेंदा, पेटुनिया समेत कई किस्मों के मौसमी और सजावटी फूल पूरे परिसर को जीवंत बनाए हुए हैं।

फूलों की गुणवत्ता, सटीक देखरेख और सौंदर्यपूर्ण संयोजन उद्यान को विशिष्ट पहचान देता है। हर कोना फोटो-फ्रेंडली नजर आता है, जहां लोग तस्वीरें और वीडियो बनाते दिखाई दे रहे हैं। उद्यान में लगे आधुनिक और आकर्षक फाउंटेन भी लोगों का प्रमुख आकर्षण बन गए हैं। बहते पानी की कलकल ध्वनि और फव्वारों की सुंदर संरचना पूरे वातावरण को मनोहारी बनाती है। बच्चे उत्साह से फाउंटेन के आसपास घूमते हैं, जबकि बुजुर्ग और युवा हरियाली के बीच टहलते हुए सुकून के पल बिताते नजर आते हैं।



लोक भवन उद्यान में सुरक्षा, स्वच्छता और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था सराहनीय रही है। प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच के पुख्ता इंतजाम हैं और पूरे परिसर में अनुशासन बनाए रखा गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वयं उद्यान का भ्रमण किया, व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आम नागरिकों से संवाद कर उनकी प्रतिक्रिया भी ली। इससे उद्यान की सफलता और मजबूती मिली।

जनता की बढ़ती सहभागिता और उत्साह को देखते हुए उद्यान की खुली अवधि बढ़ाना यह दर्शाता है कि लोक भवन उद्यान अब केवल भ्रमण स्थल नहीं, बल्कि रांची में जनसरोकार, सौंदर्य और सार्वजनिक सहभागिता का प्रतीक बन गया है। लोक भवन उद्यान में भ्रमण का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। नागरिक उद्यान के गेट संख्या 2 से सुरक्षा जांच के बाद दोपहर 1 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं। आने वाले दिनों में भी उद्यान में बड़े पैमाने पर सैलानी उमड़ने की संभावना बनी हुई है।

## जमशेदपुर से सिमडेगा तक झारखंड कांग्रेस में फिर सक्रिय हुए बागी, पार्टी नेतृत्व पर उठे सवाल

**रांची, एजेंसी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस में एक बार फिर बागी सक्रिय हो रहे हैं। इस बार इनकी सक्रियता के पीछे पार्टी नेतृत्व का ही हाथ है। निकाय चुनाव को लेकर नामांकन वापस नहीं लेनेवाले आधा दर्जन पार्टी पदाधिकारियों को निष्कासित किया गया है।

निष्कासन का तरीका सीनियर नेताओं को ही कठघरे में खड़ा करता है। हालात धीरे-धीरे विस्फोटक होते जा रहे हैं। चाईबासा की घटना एक नजीर पेश करती है जहां एक नेता को निकालने का विरोध करते हुए पूरी कमेटी ने इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस अभी भी नहीं संभली तो आगे और नुकसान होगा।

चाईबासा में तो नगर कमेटी के तमाम सीनियर्स ने इस्तीफा देकर पार्टी को चुनौती दे दी है। बड़ी बात यह है कि पार्टी किसी को मनाने की कोशिश करने नहीं जा रही है।

नगर उपाध्यक्ष, महासचिव और कई वार्ड अध्यक्षों सहित दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा चाईबासा नगर अध्यक्ष मो. सलीम और विजय सिंह को निलंबित करने के विरोध स्वरूप यह कदम उठाया गया है।

सिमडेगा में विधायक सह जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा ने वहां के स्थानीय निकाय में अध्यक्ष रह चुकीं पुष्पा कुल्लू को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उन पर स्थानीय निकाय चुनाव के दौरान अनुशासनहीनता एवं पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में यह कार्रवाई की गई है।

आरोप लगाया जा रहा है कि जिला अध्यक्ष ने पालिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक किए बगैर उम्मीदवार का चयन कर लिया जिसका पुष्पा विरोध कर रही थीं।



# 'भागम भाग 2' में हुई मनोज बाजपेयी की एंट्री! गोविंदा को करेंगे रिप्लेस?

बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

## गोविंदा की जगह लेंगे मनोज



एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है। मनोज बाजपेयी फिल्म में गोविंदा की जगह लेंगे। यह खबर हाल ही में सामने आई है। 'भागम भाग' में गोविंदा के किरदार को काफी पसंद किया गया था। उनकी कॉमिक टाइमिंग वैसे भी काफी पसंद की जाती है। ऐसे में अब गोविंदा की जगह मनोज बाजपेयी को लेना, कितना कारगर रहेगा ये तो फिल्म रिलीज के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल अभी तक मेकर्स की ओर से 'भागम भाग 2' की कास्ट को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## राज शांडिल्य करेंगे निर्देशन

फिल्म को लेकर अभी तक आ रहीं खबरों के मुताबिक, सीक्वल का निर्देशन राज शांडिल्य करेंगे और इसकी कहानी भी पहचान को लेकर होने वाली गलतफहमी पर आधारित होगी। जबकि 'भागम भाग' का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। फिल्म में मीनाक्षी चौधरी अक्षय कुमार के साथ मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आएंगी। जबकि मनोज बाजपेयी के अपोजिट नजर आने वाली हीरोइन की तलाश अभी जारी है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म की शूटिंग अगले महीने से मुंबई में शुरू होने की खबरें हैं।




# अनुभव सिन्हा की इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी तापसी

तापसी पन्नू निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है—और इसकी शुरुआत आज जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई। फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के





कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है। तापसी पन्नू के साथ फिल्म में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा और मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब भी अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा पाहवा की विशेष प्रस्तुतियाँ फिल्म की रोमांचक गहराई को और बढ़ाती हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत अस्सी , बेनारस मीडिया वर्क्स के बैनर तले बनी है। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है और निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने किया है। अस्सी 20 फरवरी 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में विशेष रूप से रिलीज़ होगी।

# आदित्य के साथ हॉरर थ्रिलर बनाएंगे करण जौहर



धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले करण जौहर एक नई हॉरर थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह फिल्म पूरी तरह प्योर हॉरर जॉनर की होगी और इस वक्त कास्टिंग स्टेज में है। इससे पहले करण, कार्तिक आर्यन के साथ क्रिएचर कॉमेडी 'नागजिला' और एक क्रिएचर थ्रिलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि इस हॉरर थ्रिलर में आदित्य रॉय कपूर को लीड रोल के लिए लॉक कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, आदित्य ने स्क्रिप्ट पढ़ते ही प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी। यह एक यूनिक कॉन्सेप्ट पर आधारित फिल्म है और धर्मा प्रोडक्शंस को इसके थिएट्रिकल पोटेंशियल पर पूरा भरोसा है। इस फिल्म की शूटिंग मई 2026 से शुरू होने की तैयारी है। एक टॉप टियर फीमेल लीड को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है।



# ऋतिक की 'कृष 4' में फाइनल चोपड़ा की एंट्री हुईं प्रियंका

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस बॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार... 'प्रियंका को ऋतिक रोशन की सुपरहिट फिल्म 'कृष 4' में फीमेल लीड के रूप में फाइनल कर लिया गया है। प्रियंका ने इस फ्रेंचाइज की पिछली दो फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई थी, इसके बाद उन्होंने हॉलीवुड की ओर फोकस किया और अपने पर्सनल लाइफ, खासकर शादी में बिजी हो गई थीं। फिल्म 'वाराणसी' का शूट पूरा करने के बाद प्रियंका 'कृष 4' की शूटिंग शुरू करेंगी। हालांकि अभी मेकर्स या प्रियंका की तरफ़ से कोई स्टेटमेंट नहीं आया है। 'कृष 4' को ऋतिक 700 करोड़ रुपए के बजट पर बनाना चाहते हैं। इस फिल्म को डायरेक्ट भी खुद ऋतिक करेंगे। बता दें कि 2003 में राकेश के निर्देशन में साइंस फिक्शन फिल्म 'कोई.... मिल गया' रिलीज हुई। इस फिल्म ने बॉलीवुड को एक नया सुपरहीरो दिया। 'कोई मिल गया' के बाद आई 'कृष', यह भी सुपरहिट रही। फिर राकेश रोशन ने 'कृष 3' के लिए लंबा इंतजार करवाया। 2006 में 'कृष' की सफलता के बाद 'कृष 3' 2013 में आई। इसमें विवेक ओबेरॉय विलेन बने थे। इस फिल्म के अलावा प्रियंका इन दिनों अपनी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें उनके साथ महेश बाबू लीड रोल में दिखाई देंगे। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी।





# सई मांजरेकर ने साझा किया 'द इंडिया हाउस' का अनुभव

भारतीय सिनेमा की पैन-इंडिया फिल्मों में काम करना जितना रोमांचक होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। इस कड़ी में अभिनेत्री सई मांजरेकर इन दिनों अपनी आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा फिल्म 'द इंडिया हाउस' को लेकर काफी बिजी हैं। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में एक साथ शूट की जा रही है। सई का कहना है कि इस तरह की फिल्म में काम करने के लिए कलाकार को हर समय भावनात्मक और मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना पड़ता है। सई मांजरेकर ने कहा, ' 'द इंडिया हाउस' मेरे लिए अब तक का अलग अनुभव रहा है। जब एक ही सीन को दो भाषाओं में शूट किया जाता है, तो कलाकार को भाषा की लय, भाव और भावनात्मक गहराई को बारीकी के साथ समझना पड़ता है। कई बार ऐसा होता है कि एक ही सीन पहले एक भाषा में और तुरंत बाद दूसरी भाषा में करना होता है, जिससे कलाकार को हर पल सतर्क रहना पड़ता है।' उन्होंने कहा, ' 'इस तरह की फिल्मों में अभिनय का तरीका भी थोड़ा बदल जाता है। यहां सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि भावनाओं से कहानी को आगे बढ़ाना होता है। हर भाषा की अपनी एक संवेदना होती है और उसी के अनुसार किरदार की भावनाएं भी बदलती हैं। ऐसे में कलाकार को अपने अभिनय को बार-बार ढालना पड़ता है, ताकि किरदार हर भाषा में उतना ही सच्चा लगे।'' सई ने कहा, ' 'मेरी पिछली फिल्म 'मेजर' की शूटिंग का अनुभव इस फिल्म में काफी काम आया। उस फिल्म से मुझे यह समझने में मदद मिली कि द्विभाषी फिल्मों की शूटिंग कैसे होती है और कलाकार को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। हालांकि हर प्रोजेक्ट की अपनी अलग पहचान और चुनौतियां होती हैं। 'द इंडिया हाउस' की कहानी और उसका ऐतिहासिक संदर्भ इसे बाकी फिल्मों से अलग बनाता है।'' 'द इंडिया हाउस' फिल्म में सई मांजरेकर 'सती' नाम की महिला का किरदार निभा रही है। इस पर सई ने कहा, ' 'सती का किरदार निभाने के लिए मुझे उस समय के माहौल, सोच और भावनाओं को गहराई से समझना पड़ा। सती बाहर से शांत दिखाई देती है, लेकिन उसके भीतर साहस, दर्द और संघर्ष छिपा है। इन भावनाओं को बिना ज्यादा शब्दों के दर्शकों तक पहुंचाना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी हैं।'' पैन-इंडिया फिल्मों की खास बात बताते हुए सई ने कहा, ' 'ऐसे प्रोजेक्ट्स में काम करने का सबसे अच्छा पहलू टीमवर्क होता है। सेट पर अलग-अलग राज्यों और भाषाओं से आए कलाकार और तकनीशियन एक साथ काम करते हैं। सबका लक्ष्य कहानी को ईमानदारी से पर्दे पर उतारना होता है। यह सामूहिक भावना कलाकार को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।'' सई ने अपने सह-कलाकार निखिल सिद्धार्थ, निर्देशक वामसी और पूरी टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ' 'सेट पर काम करने का माहौल बेहद सकारात्मक और कहानी पर केंद्रित रहता है। जब निर्देशक और पूरी टीम कहानी को लेकर गंभीर होती है, तो कलाकार भी अपने किरदार में और गहराई से उतर पाता है।''



# सुनील शेट्टी ने बेटे अहान के प्रोफेशनलिज्म को लेकर बात की

अहान शेट्टी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस बीच अब अहान शेट्टी की फिल्म 'सनकी' के बंद होने की चर्चाएं एक बार फिर से उठी हैं। दरअसल, इस फिल्म के बंद होने की वजह अहान शेट्टी के सपोर्टिंग स्टाफ पर आने वाले अधिक खर्च को बताया गया था। कई रिपोर्ट्स में ऐसा कहा गया था कि अहान शेट्टी के सहयोगी स्टाफ पर अधिक खर्च आने के कारण मेकर्स ने 'सनकी' फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब इन चर्चाओं पर अहान के पिता व अभिनेता सुनील शेट्टी ने प्रतिक्रिया दी है।

## प्रोड्यूसर ने फैलाई अफवाहें

2021 में अहान की डेब्यू फिल्म 'तड़प' के रिलीज होने के बाद उनकी अगली फिल्म 'सनकी' को अचानक रोक दिया गया। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि यह फैसला अहान के साथ आए लोगों के कारण कथित तौर पर हुए खर्चों से बढ़ी चिंताओं के बाद लिया गया है। अब लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में अभिनेता सुनील शेट्टी ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने बेटे अहान के प्रोफेशनलिज्म को लेकर भी बात की। सुनील शेट्टी ने कहा कि अहान ने कभी भी अपने साथ आए लोगों को हद से ज्यादा नहीं रखा। ये सब अफवाहें हैं। ये अफवाहें निर्माता की सुविधा के लिए फैलाई गई हैं। अगर निर्माता कहता है कि वह बिल दिखा सकता है, तो मैं देखूंगा। ऐसे में पिता को दखल देना पड़ता है और मैं साफ तौर पर दखल दूंगा। अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए झूठ मत फैलाओ, क्योंकि यह अहान के साथ नाइंसाफी है।

## अहान खुद उठाते हैं अपने स्टाफ का खर्च

सुनील शेट्टी ने आगे कहा कि अहान अपने साथ आने वाले लोगों को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। अगर वे उनके साथ आते हैं, तो उनका खर्च वही उठाते हैं। उन्हें इस बात का पूरा एहसास है। जब सुनील शेट्टी घर से खाना-पानी लाते हैं, तो मेरे स्टाफ को कहा गया है कि अगर आप यूनिट का खाना खा रहे हैं, तो ठीक है, लेकिन अगर आप बाहर से खाना मंगवाना चाहते हैं, तो बिल मेरे नाम से बनवाएं, निर्माता के नाम से नहीं। मेरा स्टाफ ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर सकता, इसलिए अहान का स्टाफ तो ऐसा बिल्कुल नहीं करेगा। अहान तो अभी-अभी इंडस्ट्री में आए हैं। यह उनका इंडस्ट्री में जमने का समय है, इसलिए कोई नखरे नहीं चलेंगे। ऐसा हो ही नहीं सकता।

## कई रिपोर्ट्स में इन कारणों का भी किया गया जिक्र

कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि साजिद नाडियाडवाला ने शुरू में 'सनकी' को आगे बढ़ाया था और प्राइम वीडियो के साथ एक बड़ा डिजिटल सौदा भी किया था। हालांकि, इस सबके बावजूद सैटेलाइट और डिजिटल राइट्स से कम कमाई के कारण प्रोजेक्ट को रोक दिया गया। इसके साथ ही कथित तौर पर अहान के सपोर्ट स्टाफ का अत्यधिक खर्च भी इसका कारण बना। लेकिन अब सुनील शेट्टी ने अहान के सपोर्ट स्टाफ के खर्च की बात को झूठा करार दिया है।

अहान शेट्टी ने साल 2021 में आई एक्शन-रोमांटिक फिल्म 'तड़प' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। हालांकि, इसके बाद लगभग चार साल से अधिक समय तक वो बड़े पर्दे से दूर रहे। अब इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई 'बॉर्डर 2' अहान की दूसरी फिल्म है। फिल्म में उन्होंने नेवी ऑफिसर की भूमिका निभाई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वहीं अहान के काम को भी पसंद किया गया है।



# सावरकर को भारत रत्न दिलाना है तो भाजपा से बात करें: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी ) के राज्यसभा सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को भाषणों में मुद्दा उठाने के बजाय भाजपा सरकार से सीधे विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न देने के लिए कहना चाहिए। राउत ने कहा, 'जब केंद्र में उनकी ही सरकार है और स्वयंसेवक सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर हैं, तो सावरकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाता , लाखों स्वयंसेवकों ने इस सरकार को सत्ता में लाने के लिए काम किया है। मोहन भागवत को यह बात सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से कहनी चाहिए, न कि मंच से भाषण में।'

यह मुद्दा तब प्रमुखता में आया जब आरएसएस प्रमुख ने मुंबई में '100 ईयर्स ऑफ संघ जर्नी-न्यू होराइजन्स'' कार्यक्रम में कहा कि सावरकर को भारत रत्न देने से इस सम्मान की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।राउत ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के ढांचे की भी आलोचना की और अच्छे दिन नहीं आने के लिए संघ को जिम्मेदार



ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को तो'अच्छे दिन मिले, लेकिन देश को नहीं। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका की शर्तों के आगे झुक गया है और इसकी जिम्मेदारी संघ नेतृत्व को लेनी चाहिए।

संयुक्त बयान के अनुसार, अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर 18 प्रतिशत का पारस्परिक शुल्क लगाएगा, जिसमें वस्त्र, चमड़ा, प्लास्टिक-रबर, ऑर्गेनिक केमिकल, होम डेकोर और कुछ मशीनरी शामिल हैं। विपक्ष ने इस समझौता ढांचे की आलोचना करते हुए कहा है कि इसके तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं पर शुल्क समाप्त या कम करेगा। साथ ही अमेरिका से आने वाले कई खाद्य और कृषि उत्पादों-जैसे ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, पशु चारे के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स आदि पर भी टैरिफ में कटौती या समाप्ति की जाएगी।

राउत ने आरएसएस शताब्दी कार्यक्रम में गायक अदनान सामी की उपस्थिति पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अदनान सामी के पिता 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान पाक वायुसेना में थे और पठानकोट एयरबेस हमले से जुड़े थे। उन्होंने सवाल उठाया, ''ऐसे व्यक्ति के परिवार से जुड़े शख्स को सम्मानित कर किस तरह की देशभक्ति दिखाई जा रही है।'' राउत ने कहा, 'एक अभिनेत्री वहां खड़ी होकर 'आई लव भागवत' कह रही थीं, जबकि उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के मामले में लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। इतना ही नहीं, उनके पति पर अश्लील फिल्म बनाने से जुड़े एक गंभीर मामले का आरोप है। ऐसे संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को आमंत्रित कर संघ किस तरह का चरित्र प्रस्तुत कर रहा है , जो लोग बैंक ऋण में चूक करते हैं और कानून के खिलाफ हैं, वे संघ के मंच पर आकर अपने पापों को ढकने की कोशिश कर रहे हैं।'

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कार्यक्रम में ऐसे लोगों को महत्व दिया गया जिन पर आर्थिक अनियमितताओं या अन्य गंभीर मामलों के आरोप रहे हैं। राउत ने कहा कि जिन प्रतिष्ठित व्यक्तियों के परिवारों का स्वतंत्रता संग्राम से संबंध रहा, जैसे जावेद अख्तर या शाहरुख खान, उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। उन्होंने कहा, 'हम संघ का सम्मान करते हैं, लेकिन जिस तरह विवादित पृष्ठभूमि वाले लोगों को महत्व दिया जा रहा है, उससे नैतिक पतन झलकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पलवल के लिए गुड न्यूज, 32 हजार एलईडी स्ट्रीट लाइटों से जगमग होगा गली-मोहल्ले

**पलवल , एजेंसी।** फरीदाबाद से सटा हरियाणा का पलवल शहर में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। नगर परिषद ने पलवल शहर की हर गली, मोहल्ले और कॉलोनियों को रोशनी से जगमग करने के लिए बड़ी योजना बनाई है। इस योजना के तहत शहरभर में 32 हजार एलईडी स्ट्रीट लाइटें और 30 हाई मास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। इस योजना पर करीब छह करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे शहर की तस्वीर बदल जाएगी। नगर परिषद और प्रशासन ने शहर की सड़कों पर बढ़ते अंधेरे और लोगों की परेशानी को देखते हुए यह



योजना तैयार की है। लंबे समय से कॉलोनियों में पर्याप्त रोशनी न होने की शिकायत मिल रही थी। अब इस योजना के लागू होने से हर इलाके में उजाला होगा और लोगों को राहत मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार, मार्च के अंत तक अधिकतर लाइटें लगाने का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत कुल छह करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से करीब एक करोड़ रुपये नगर परिषद की ओर से दिए जाएंगे, जबकि पांच करोड़ रुपये सीएसआर फंड से खर्च किए जाएंगे। 30 हाई मास्ट लाइटें पूरी तरह से सीएसआर फंड से लगाई जाएंगी। इन हाई मास्ट लाइटों को मुख्य चौराहों, बस स्टैंड, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगाया जाएगा। नई लाइटों के लगने से शहरवासियों को कई फायदे मिलेंगे। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि रात में आवाजाही आसान हो जाएगी। स्कूल, कॉलेज, दफ्तर और बाजार जाने वाले लोगों को अंधेरे में परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही रोशनी बढ़ने से चोरी, छेड़छाड़ और अन्य आपराधिक घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि लाइट लगाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

### मणिपुर के उखरुल में भड़की हिंसा, उग्रवादियों ने कई घरों में लगाई आग

**उखरुल, एजेंसी।** मणिपुर के उखरुल जिले में हिंसा भड़क गई है। सशस्त्र उग्रवादियों ने कई



घरों में आग लगा दी है। शनिवार रात लिटान गांव में सात से आठ लोगों द्वारा तंगखुल नगा समुदाय के एक सदस्य पर हमला किए जाने के बाद बढ़ते तनाव के बीच हिंसा की यह घटना हुई है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया रविवार शाम जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिसके कारण प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों ने आग लगा दी। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। सुरक्षा बलों ने लिटान सारेइखोंग गांव में आपस में भिड़े दो आदिवासी समूहों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लिटान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है। अधिकारी ने कहा, स्थिति तनावपूर्ण है।

# जम्मू-कश्मीर : राज्य सरकार ने मनरेगा सहायक कर्मचारी को रेगुलर करने से इनकार किया

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू और कश्मीर सरकार ने सोमवार को विधानसभा को बताया कि केंद्र शासित प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के सहायक कर्मचारी को रेगुलर करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में 'मनरेगा' के तहत अभी लगभग 3,800 कर्मचारी पूरी तरह से कॉन्ट्रैक्ट और अस्थायी आधार पर काम कर रहे हैं। यह जानकारी ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के प्रभारी मंत्री ने विधायक मीर मोहम्मद फैयाज द्वारा पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में दी।

सरकार के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में लगभग 3,800 'मनरेगा' सपोर्ट स्टाफ काम कर रहे हैं, और उनकी शुरुआती कॉन्ट्रैक्ट नियुक्तियों के बाद से उनके मानदेय में समय-समय पर बदलाव किया गया है।

कर्मचारियों की भूमिका के बारे में बताते हुए, विभाग ने कहा कि 'मनरेगा' स्टाफ को विभिन्न स्तरों पर तैनात किया गया है, पंचायत, ब्लॉक, जिला, डिवीजन और यूटी, और वे ग्रामीण रोजगार योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियमितीकरण के सवाल पर, सरकार ने दोहराया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित 'मनरेगा' योजना के तहत सभी सहायक कर्मचारियों को अस्थायी, कॉन्ट्रैक्ट के आधार



पर नियुक्त किया जाता है, जो केवल कॉन्ट्रैक्ट की अवधि या योजना की अवधि के लिए मान्य होता है, जो भी पहले खत्म हो। उनकी नियुक्ति किसी स्वीकृत पद के विरुद्ध नहीं है। जवाब में कहा गया है, 'आज की तारीख में, मनरेगा के तहत नियुक्त कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने के संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं है। ' हालांकि, विभाग ने बताया कि सहायक कर्मचारियों के मानदेय में समय-समय पर वृद्धि की गई है, जिसमें ताजा संशोधन सरकारी आदेश संख्या 49-आरटी एंड पीआर, 2024 दिनांक 30 जनवरी, 2024 के तहत जारी किया गया है। संशोधित ढांचे के तहत, मासिक मानदेय इस प्रकार बढ़ाया गया है। इसके अंतर्गत ग्राम रोजगार सेवक (जीआरएस) का 6,806 रुपए से 10,209 रुपए; तकनीकी सहायक का 11,000 रुपए से 16,500 रुपए; एमआईएस ऑपरेटर का 11,000 रुपए से 13,200 रुपए; और प्रशासनिक/लेखा सहायक का 6,806 रुपए से 10,209 रुपए मानदेय रखा गया है।

सरकार ने कहा कि मानदेय में किसी भी भविष्य की वृद्धि पर राज्य रोजगार गारंटी परिषद (एसईजीसी) की बाद की बैठकों में विचार किया जाएगा।

### एआईएमआईएम यूपी अध्यक्ष शौकत अली बोले- ज्यादा जनसंख्या देश की ताकत

**मुरादाबाद, एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली अपने बयानों के चलते एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। सोमवार को मुरादाबाद के रामपुर दोराहा क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने जनसंख्या वृद्धि को लेकर ऐसी टिप्पणी की, जिसने



राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। शौकत अली ने मुसलमानों से अधिक बच्चे पैदा करने की अपील करते हुए नारा दिया कि 'हम दो, हमारे दो नहीं, बल्कि हमारे दो दर्जन होने चाहिए।' शौकत अली ने अपने संबोधन में जनसंख्या नियंत्रण के वैश्विक और राष्ट्रीय तर्कों को दरकिनार करते हुए दावा किया कि किसी भी देश की असली मजबूती उसकी बड़ी आबादी में निहित होती है। उन्होंने धार्मिक भावनाओं को जोड़ते हुए कहा, 'जब अल्लाह बच्चों की नेमत दे रहा है, तो उसे पूरी खुशी के साथ स्वीकार करना चाहिए। बच्चे ऊपर वाले की देन हैं और उन्हें रोकने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।' उन्होंने तर्क दिया कि आबादी बढ़ने से देश कमजोर नहीं बल्कि और अधिक ताकतवर होकर उभरेगा। जनसंख्या नियंत्रण की वकालत करने वाले नेताओं पर निशाना साधते हुए शौकत अली ने तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद शादी नहीं करते या जिनका अपना परिवार नहीं है, वही दूसरों को जनसंख्या नियंत्रण का ज्ञान बांटते फिर रहे हैं। उनका यह इशारा सीधे तौर पर सत्ता पक्ष के वरिष्ठ नेताओं की ओर माना जा रहा है। लेकिन कुछ लोग इन्हें जानबूझकर 'आतंकवाद का अड्डा' बताकर बदनाम करने की कोशिश करते हैं। जनसभा के दौरान शौकत अली केवल जनसंख्या तक ही सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) पर भी जमकर भड़ास निकाली। सपा के एक विधायक द्वारा एआईएमआईएम को भाजपा की 'बी टीम' बताए जाने पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि सपा खुद अपनी जमीन खो रही है और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए मजलिस पर झूठे आरोप मढ़ रही है।

### चार मूर्ति चौक पर अंडरपास जून में शुरू होने की उम्मीद, ग्रेटर नोएडा से गाजियाबाद तक मिलेगी राहत

***ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।*** *ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चार मूर्ति/गौड चौक पर निर्माणाधीन अंडरपास का काम करीब 60 फीसदी पूरा हो चुका है। जून तक इसके शुरू होने की उम्मीद है। ऐसे में नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। अगले कुछ दिनों में सीवर लाइन के स्थानांतरित होने पर काम में और तेजी आएगी। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के अधिकारी के मुताबिक, 720 मीटर लंबे अंडरपास में से 320 मीटर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बाकी बचे हिस्से में खुदाई, शटरिंग, ऊपरी छत, सुरक्षा दीवार आदि कार्य किए जा रहे हैं। परियोजना के रास्ते में आ रही सीवर लाइन अब तक स्थानांतरित नहीं हो सकी है। ऐसे में कार्यदायी संस्था को काम करने में दिक्कत आ रही है। इसको देखते हुए सीवर लाइन को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है। उम्मीद है कि आगामी कुछ दिनों में सीवर लाइन स्थानांतरित कर दी जाएगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए अंडरपास को आगामी जून तक शुरू करने की तैयारी है। परियोजना को समय से पूरा किया जा सके, इसके लिए उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि अब तक करीब 60 फीसदी काम पूरा हो चुका है। बाकी बचे काम को भी समय से पूरा करने का प्रयास है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जाम की समस्या को खत्म करने के लिए चारमूर्ति चौक पर अंडरपास बनाया जा रहा है। इसके बनकर तैयार होने पर सूरजपुर से गाजियाबाद जाने वाले और गाजियाबाद*

### 15 दिन तक चला वसूली का ड्रामा, गहरा हो सकता है ठगी का नेटवर्क

# दो करोड़ की इनकम टैक्स नोटिस, 24 लाख की डिमांड

**संभल, एजेंसी।** यूपी के संभल में नखासा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सनसनीखेज धोखाधड़ी का पर्दाफाश करते हुए एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो खुद को इनकम टैक्स ऑफिसर बताकर अवैध वसूली कर रहा था। पकड़ा गया आरोपी अमरोहा के उझारी में बीए-एलएलबी का छात्र है। उसने एक ग्रामीण को दो करोड़ रुपये के 'काले धन' का फर्जी नोटिस थमाकर कार्रवाई रोकने के एवज में 24 लाख रुपये की डिमांड की थी।

एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सोमवार को इस गजब खेल का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अख्तियारपुर तगा गांव के निवासी शीशपाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक युवक उनके घर आया और खुद को आयकर विभाग का बड़ा अधिकारी बताया। उसने शीशपाल को एक आधिकारिक दिखने वाला नोटिस दिया, जिसमें दावा किया गया था कि उनके पास 2 करोड़ रुपये की अवैध आय है। आरोपी मोहित उर्फ प्रिंस ने पीड़ित पर दबाव बनाया कि यदि वह इस नोटिस से बचना चाहता है, तो उसे 12 प्रतिशत पेनल्टी यानी 24 लाख रुपये देने होंगे। शातिर आरोपी पिछले 15 दिनों से लगातार फोन कॉल के जरिए पीड़ित को डरा रहा था। शक होने पर शीशपाल ने उसे



बहजोई स्थित कार्यालय में मिलने को कहा, लेकिन आरोपी हर बार बहाना बनाकर टाल देता था। जब दबाव हद से ज्यादा बढ़ गया, तो पीड़ित ने समझदारी दिखाते हुए पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने एक रणनीति बनाई और शीशपाल के जरिए आरोपी को पैसे लेने के लिए बुलाया, जहाँ पहले से ही तैनात टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

आरोपी मोहित उर्फ प्रिंस मूल रूप से ठिलूपुरा का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी के बाद उसके पिता पुरुषोत्तम ने बताया कि उनका बेटा घर से रोज यह कहकर निकलता था कि वह कचहरी जा रहा है। घर वालों को अंदाजा भी नहीं था कि कानून की पढ़ाई करने वाला उनका बेटा खुद कानून तोड़कर जालसाजी के खेल में लगा है। गिरफ्तारी के वक्त आरोपी की माँ का रो-रोकर बुरा हाल था। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी कुछ समय दिल्ली में भी रह चुका है और वहां से उसने इस तरह की जालसाजी के तरीके सीखे थे।

### भाजपा वोट जीतने के लिए ओवैसी का इस्तेमाल करती है: सीएम रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला किया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि पार्टी एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी को भगवान राम से भी ज्यादा अहमियत देती है और वोट जीतने के लिए ओवैसी का इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा है कि ओवैसी ही भाजपा के असली लाइफलाइन हैं। सोमवार को एक प्रेस मीट में तेलंगाना के सीएम ने कहा, 'यह भारतीय जनता पार्टी का इतिहास है। अगर आप इसे एनालाइज करें, तो उनके लिए सिर्फ एक ही भगवान हैं, असदुद्दीन ओवैसी। वे यूं ही भगवान राम का नाम लेते हैं, लेकिन वे हर दिन जिसके आगे झुकते हैं, वह असदुद्दीन ओवैसी हैं।' उनकी लाइफलाइन खुद असदुद्दीन ओवैसी हैं। देखिए वे कितनी बार राम का नाम याद करते हैं और कितनी बार ओवैसी का नाम याद करते हैं। इसकी पड़ताल होनी चाहिए।' रेवंत रेड्डी ने आगे कहा कि भाजपा ओवैसी को अलादीन के चिराग की तरह इस्तेमाल कर रह। उन्होंने कहा, 'हर बार वे असदुद्दीन ओवैसी को अलादीन का जादुई चिराग बनाकर वोट मांगते हैं। आखिर सरकार तो आपकी ही है ना? अगर असदुद्दीन ओवैसी इतने विलेन हैं, तो आप उन्हें कंट्रोल क्यों नहीं कर पा रहे हैं?'

### इन नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए ट्वीट किया है

# गांव से लेकर शहर तक... महाराष्ट्र के जिला परिषद चुनावों में भाजपा की जीत

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में जिला परिषद चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने



12 जिला परिषदों की 731 सीट में से 552 सीट पर जीत हासिल की है। इन नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए ट्वीट किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि एक बार फिर महाराष्ट्र ने भाजपा और महायुति को अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने लिखा कि नगर निगम और नगरपालिका परिषद चुनावों में भाजपा और महायुति की जोरदार सफलता के बाद, महाराष्ट्र के लोगों ने जिला परिषद चुनावों में हमें एक मजबूत जनादेश दिया है। यह स्पष्ट है कि ग्रामीण और शहरी महाराष्ट्र में, राज्य के लोग सुशासन और एक ऐसा गठबंधन चाहते हैं जो राज्य की गौरवशाली संस्कृति की भावना में काम करे। मैं महाराष्ट्र के अपने बहनों और भाइयों का आभार व्यक्त करता हूं। महायुति के प्रत्येक कार्यकर्ता को मेरा हार्दिक अभिनंदन, जिन्होंने जमीन पर बिना थके काम किया और महाराष्ट्र सरकार के ठोस रिकॉर्ड के साथ-साथ सुशासन के लिए एनडीए के विजन को विस्तार से समझाया। सत्ताधारी महायुति की कुल 552 सीटों में से भाजपा के हिस्से में 225 सीटें आई हैं। वहीं, एनसीपी ने 165 और शिवसेना ने 162 सीटों पर जीत हासिल की है। दूसरी तरफ विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) में कांग्रेस 55 सीट जीतकर सबसे आगे रही। इसके बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) को 43 और शरद पवार की राकांपा (एसपी) को 26 सीट पर जीत मिली। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने लातूर और रत्नागिरी में एक-एक सीट जीती। बीस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत हुई, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग में पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को 14 और पंजीकृत दलों को सात सीट पर जीत मिली। राकांपा ने पुणे जिला परिषद में 73 में से 51 सीट पर जीत दर्ज की। राकांपा और राकांपा (एसपी) ने 'घड़ी' चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ा था। ये चुनाव 28 जनवरी को विमान दुर्घटना में अजित पवार के निधन के कुछ ही दिन बाद हुए थे। शिवसेना ने रायगढ़ जिला परिषद में 59 में से 23 सीट जीतीं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी ने रत्नागिरि जिला परिषद में भी 56 में से 41 सीट पर जीत हासिल की।

भाजपा ने सिंधुदुर्ग में 50 में से 27 सीट जीतीं। इसके अलावा भाजपा सतारा, सोलापुर, छत्रपति संभाजीनगर, परभणि, धाराशिव, सतारा और लातूर में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी।

# वह तबस्सुम नहीं, 16 साल की साली अंजलि थी; गाजियाबाद कांड में खुल रहे पिता चेतन के कई राज

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के भारत सिटी सोसाइटी में तीन नाबालिग



बहनों के 9वीं मंजिल से कूदकर जान देने के मामले में पुलिस ने सोमवार शाम चेतन के ससुर, साली और साढ़ू से पूछताछ की। कई घंटे तक अलग-अलग सवाल पूछे गए। तीनों ने बताया कि साल 2018 में मरने वाली चेतन की साली 16 वर्षीय आंचल थी, जबकि चेतन और तीनों पत्नियों ने उसे चेतन की प्रेमिका तबस्सुम बताया था।

अभी तक की जांच में पता चला है कि बच्चियां पिता के करीब थीं। हादसे के बाद चेतन के बारे में एक के एक बाद कई चौंकाने वाली बातें पता चलीं और सगे संबंधियों के ही विरोधाभासी बयानों ने पुलिस को और उलझा दिया। इसीलिए पुलिस अब चेतन की जिंदगी के पन्ने खोल रही है, ताकि कहीं कोई चूक न रह जाए। उसके बारे में पूरी जानकारी जुटाने की शुरुआत कर दी गई है। खजूरी में कहां रहते थे, कितनी पढ़ाई की, पहली, दूसरी, तीसरी शादी कैसे की और कितनी महिलाओं से संबंध रहे, कहां-कहां रहे, क्या काम किया, कहां नौकरी की, बच्चियों के साथ कैसे संबंध थे जैसी और भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाना शुरू कर दिया है। भारत सिटी सोसाइटी के नौवें तल स्थित चेतन के फ्लैट की खिड़की से उनकी बेटी 16 वर्षीय निशिका, 14 वर्षीय प्राची और 12 वर्षीय पाखी ने कूदकर जान दे दी थी। हादसे के बाद से ही पिता ने कहा कि बेटियां कोरियन गेम और कोरियन कल्चर की आदी थीं और स्कूल नहीं जाती थीं। दो सप्ताह पहले उन्होंने फोन छीन लिया था, जिससे नाराज होकर उन्होंने खुदकुशी कर ली। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में भी कोरियन कल्चर से प्रभावित होने की बात लिखी थी। पुलिस ने सोमवार को चेतन के ससुर दिलीप, साली शालू और साढ़ू विष्णु से पूछताछ की। शाम से देर रात तक पूछताछ हुई। तीनों ने चेतन की पहली और दूसरी शादी को लेकर वही बात दोहराई, जो चेतन ने बताई थी। मगर साल 2018 में चेतन के दूसरे घर की बालकनी से गिरकर मरने वाली लड़की के बारे में कहा कि वह 16 वर्षीय आंचल थी।

# सचिन ने अंडर-19 कप्तान आयुष को अपनी टेस्ट जर्सी दी

## बोले- मेहनत करते रहो, लोगों के बहकावे में मत आओ

**मुंबई (एजेंसी)।** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे जिम्बाब्वे से भारत लौटने के बाद सचिन तेंदुलकर से मिले। इससे पहले, मुंबई एयरपोर्ट पर कप्तान आयुष म्हात्रे समेत सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ। म्हात्रे का पूरा परिवार उनके माता-पिता उन्हें लेने एयरपोर्ट पहुंचे थे।



**सचिन के घर पहुंचे म्हात्रे-** म्हात्रे भारत वापस लौटने के बाद सोमवार को महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के घर पहुंचे। आयुष म्हात्रे को सचिन तेंदुलकर से एक खास तोहफा मिला। तोहफा में सचिन ने अपनी टेस्ट जर्सी भेंट की,साथ ही उन्होंने अपने हाथ से लिखा हुआ एक संदेश भी दिया।

वीडियो में सचिन ने म्हात्रे से कहा, यह वही जर्सी थी जिसे उन्होंने अपनी अंतिम टेस्ट सीरीज में पहना था। वो आगे कहते है, लगातार मेहनत करते रहो। ध्यान केंद्रित रखो। लोगों के बहकावे में मत आओ। अभ्यास करते रहो। एकाग्रता बनाए रखना जरूरी है। चाहे जो भी हो, ध्यान भटकाने वाली चीजें बहुत होंगी।

**म्हात्रे ने मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया-** म्हात्रे ने मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। लिखा, मैं आपको स्क्रीन पर देखते हुए बड़ा हुआ। आज मैं आपके घर पर खड़ा हूं और आपकी यात्रा का एक हिस्सा अपने हाथों में थामे हुए हूं। इस सम्मान के लिए आपका धन्यवाद, सर। मैं इसे उसी आदर और सम्मान के साथ संभालकर रखूंगा, जैसे आपने सालों तक भारतीय क्रिकेट को सम्मान के साथ आगे बढ़ाया।

**टीम इंडिया छठी बार टूर्नामेंट की चैंपियन बनी-** अंडर-19 क्रिकेट में दुनिया की सबसे सफल टीम भारत फिर से वर्ल्ड चैंपियन बन गई है। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे में खेला गया अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीत लिया। इसके साथ ही टीम इंडिया रिकॉर्ड छठी बार टूर्नामेंट की चैंपियन बनी।

### ट्रैविस हेड का दिलचस्प खुलासा

# अभिषेक की गेंदबाजी का करना चाहते हैं सामना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान एक दिलचस्प खुलासा किया है। सनराइजर्स हैदराबाद में उनके ओपनिंग पार्टनर रहे अभिषेक शर्मा को लेकर हेड ने कहा कि वह टूर्नामेंट में उनके खिलाफ बल्लेबाज़ी करना चाहते हैं और चाहते हैं कि अभिषेक उन्हें गेंदबाज़ी करें।



**रैपिड-फायर राउंड में दिया मज़ेदार जवाब-** आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले एक रैपिड-फायर राउंड के दौरान ट्रैविस हेड से कई सवाल पूछे गए। जब उनसे पूछा गया कि वह किस गेंदबाज़ के खिलाफ मुकाबला करना चाहते हैं, तो उन्होंने बिना झिझक अभिषेक शर्मा का नाम लिया। अभिषेक भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव के पास मौजूद विकल्पों में से एक हैं, हालांकि वह नियमित रूप से गेंदबाज़ी नहीं करते।

### टी-20 वर्ल्डकप

# भारतीय खिलाड़ी परिवार के साथ नहीं रहेंगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान भारतीय क्रिकेटर अपने परिवार (पत्नियां और मंगेतर) के साथ नहीं रह सकेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम मैनेजमेंट की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें खिलाड़ियों की पत्नियों और मंगेतरों को टीम होटल में साथ ठहराने की अनुमति मांगी गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई



ने स्पष्ट किया है कि टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के परिवार को टीम के साथ ठहरने की इजाजत नहीं है। हालांकि, यदि कोई खिलाड़ी चाहे तो अपने परिवार के लिए होटल में अलग ठहरने की व्यवस्था खुद कर सकता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी उसे उठानी होगी। इसके लिए बीसीसीआई की ओर से कोई इंतजाम नहीं किया जाएगा। भारत टी-20 वर्ल्ड कप का सह-मेजबान है। बीसीसीआई का मानना है कि टीम को केवल पाकिस्तान से मुकाबले के लिए श्रीलंका जाना है। ऐसे में खिलाड़ियों को परिवार के साथ रहने की जरूरत नहीं है।


### भारतीय पूर्व कप्तान ने नासिर हुसैन को लताड़ा, सूर्यवंशी का दिया उदाहरण

# पुरानी ताकतों को भारत का दम देखना पच नहीं रहा: गावस्कर

**मुंबई, एजेंसी**

टी20 विश्वकप से पहले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर शुरू हुआ हाईवोल्टेज ड्रामा आखिरकार समाप्त हो गया। पाकिस्तानी सरकार ने पीसीबी और पाकिस्तान टीम से भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है। इससे पहले एक फरवरी को पाकिस्तानी सरकार ने बांग्लादेश के समर्थन में ड्रामा करते हुए भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कारण करने का एलान किया था। नौ दिन के ड्रामे के बाद और आईसीसी के चाबुक के बाद पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े।

जब पाकिस्तान का यह ड्रामा शुरू हुआ था, तो कुछ क्रिकेट पंडितों ने पाकिस्तान और बांग्लादेश को अपना समर्थन दिखाया था और भारत पर सवाल उठाए थे। इनमें इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन भी शामिल हैं। अब भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उन्हें करारा जवाब देते हुए लताड़ा है। गावस्कर का कहना है कि पुरानी ताकतों को भारत का दम देखना पच नहीं रहा। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण देते हुए नासिर हुसैन की जमकर खिंचाई की।



### सुनील गावस्कर का पलटवार

सुनील गावस्कर ने इस टिप्पणी का सीधा नाम लिए बिना जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'कुछ लोग, खासकर पुरानी ताकतें, यह पचा नहीं पा रही हैं कि अब विश्व क्रिकेट का पावर सेंटर भारत है।' उन्होंने कहा कि सवाल पूछने वाले यह भूल जाते हैं कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत ने पाकिस्तान जाने से काफी पहले ही मना कर दिया था। तब तक शेड्यूल भी जारी नहीं किया गया था और इसके बाद ही आईसीसी ने न्यूट्रल वेन्यू का इंतजाम किया था।

**वैभव सूर्यवंशी वाला तंज :** उन्होंने वैभव सूर्यवंशी की 175 रन की विस्फोटक पारी का जिक्र करते हुए व्यंग्य किया। 'अब अगर देखें तो जो वैभव सूर्यवंशी ने किया, वही असली धौंस जमाना (बुलीइंग) है, न कि वो काल्पनिक बुलीइंग जो कुछ लोग देखते हैं।' यह टिप्पणी सीधे तौर पर उन आलोचनाओं पर वार थी, जिनमें भारत या बी सी सी आई को ताकत का गलत इस्तेमाल करने वाला बताया जा रहा था।

### क्या बोले थे नासिर हुसैन?

'अगर भारत किसी टूर्नामेंट से एक महीने पहले कह देता कि हमारी सरकार हमें किसी देश में खेलने नहीं देगी, तो क्या आईसीसी उतना ही सख्त रहता? हर कोई सिर्फ एक चीज चाहता है, समानता।' नासिर ने यह भी जोड़ा कि भारत के पास पैसा है, ताकत है, लेकिन ताकत के साथ जिम्मेदारी भी आती है।

### 2003 वर्ल्ड कप का उदाहरण

गावस्कर ने दोहरे मापदंड दिखाने के लिए 2003 विश्व कप की घटना याद दिलाई, जब इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे में खेलने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा, 'तब कोई सुरक्षा खतरा नहीं था, फिर भी इंग्लैंड ने खेलने से इनकार कर दिया और अंक छोड़ दिए। क्या आईसीसी ने कुछ किया? नहीं।

### आईसीसी वोटिंग पर भी उठाया मुद्दा

गावस्कर ने यह भी याद दिलाया कि बांग्लादेश के मामले में आईसीसी बोर्ड की वोटिंग में पाकिस्तान और बांग्लादेश को छोड़कर बाकी सभी ने उनके प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया था। इसके बावजूद निशाना सिर्फ भारत पर साधा गया।

### गिल, बुमराह और जडेजा को ग्रेड ए में जगह मिली, बीसीसीआई की रिटेंशन लिस्ट जारी

# रोहित-कोहली ग्रेड-बी पर खिसके



**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को ए प्लस ग्रेड से डिमोट करके बी ग्रेड में डाल दिया है। बोर्ड ने सोमवार को 2025-26 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल प्लेयर्स की लिस्ट जारी की। ए प्लस ग्रेड को समाप्त कर दिया गया है।रोहित और कोहली के साथ बुमराह और जडेजा भी पिछले साल ए प्लस ग्रेड में शामिल थे। ताजा लिस्ट में इन दोनों को ग्रेड ए में शामिल रख गया है। वहीं, टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ग्रेड ए में बरकरार रखे गए हैं। ग्रेड बी में टी-20 के कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा 10 अन्य खिलाड़ियों को रखा गया है। ग्रेड सी में तिलक वर्मा और रिंकू सिंह समेत 17 खिलाड़ी हैं।बोर्ड ने रिटेन खिलाड़ियों को 3 ग्रेड में बांटा है। इनमें ए-बी और सी शामिल हैं। बोर्ड ने अभी तक नए ग्रेड मॉडल की सैलरी स्ट्रक्चर के बारे में कुछ नहीं कहा है। कुछ दिन पहले इसे बदलने की बात कही जा रही थी। पिछले साल ए प्लेस ग्रेड में शामिल प्लेयर्स को 7 करोड़ रुपए सालाना मिलते थे। वहीं, ग्रेड ए में 5 करोड़, ग्रेड बी में 3 करोड़ और ग्रेड सी में 1 करोड़ रुपए दिए जाते थे।

### रोहित-कोहली को ग्रेड-ए से बाहर क्यों किया?

रोहित और कोहली अब केवल वनडे खेल रहे हैं। इस वजह से दोनों को ग्रेड बी में डाला गया है। दोनों दिग्गजों ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास लिया था। उसके बाद मई 2024 में टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था।

### मेंस कैटेगरी में 30 खिलाड़ियों को शामिल किया

मेंस कैटेगरी में 30 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ग्रेड ए में 3, ग्रेड बी में 11 और ग्रेड सी में 17 खिलाड़ी रखे गए हैं। जबकि, विमेंस कैटेगरी में 21 नाम शामिल हैं। ए प्लस ग्रेड को समाप्त कर दिया है। इसमें शामिल बुमराह-जडेजा ग्रेड ए में रखे गए हैं। जबकि, गिल ग्रेड में बरकरार हैं। वे पिछले साल भी इसी ग्रेड में थे। पिछले साल ग्रेड ए में शामिल केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत को ग्रेड बी में डिमोट किया गया है। इसमें सूर्यकुमार, कुलदीप, यशस्वी, सुंदर और अय्यर को जगह मिली है। ये सभी पिछले साल ग्रेड बी में रखे गए थे। ग्रुप सी में तिलक, रिंकू, शिवम, सैमसन, आकाश दीप, अर्शदीप, प्रसिद्ध कृष्णा, जुरेल, हर्षित राणा, चक्रवर्ती, नीतीश रेड्डी, अभिषेक शर्मा, रवि बिश्नोई और गायकवाड़ अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

# नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 10वें मैच में नामीबिया पर 7 विकेट की जीत हासिल की। टीम ने ग्रुप ए के मैच में 157 रन का टारगेट 18 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया।दिल्ली के अरुण जेटली स्टडियम में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करते हुए नामीबिया ने 20 ओवर में 8 विकेट



156 रन बनाए।नीदरलैंड की ओर से बास डी लीडे ने 48 बॉल पर 72 रन की पारी खेली। जबकि कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 18 रन पर नाबाद लौटे। कॉलिन एकरमैन ने 32 और माइकल लेविट ने 28 रन बनाए।नामीबिया की ओर से निकोल लोफ्टी-ईटन ने 42, जॉन फाइलिनक ने 30 और जेजे स्मिट ने 15 बॉल पर 22 रन बनाए। लोगान वैन बीक और बास डी लीडे ने 2-2 विकेट लिए। आर्यन दत्त और फ्रेड क्लासन को 1-1 विकेट मिला। विलेम मायबर्ग और रूबेन ट्रम्पेलमैन रन आउट हुए।

### नीदरलैंड जीत से ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के नंबर-2 पर आया

इस जीत के साथ नीदरलैंड की टीम ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर आ गई है। टीम के पास दो मैच में एक जीत के साथ 2 अंक हैं। भारत और पाकिस्तान के पास भी 2-2 अंक हैं। भारत का नेट रन रेट नीदरलैंड से ज्यादा है, जबकि पाकिस्तान का नेट रन रेट कम है।

# टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाकिस्तान मैच होगा

## श्रीलंका के राष्ट्रपति से बातचीत के बाद मानी शहबाज सरकार, 15 फरवरी को मुकाबला

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार रात अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। पोस्ट में बताया गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने फोन कर भारत के खिलाफ मैच खेलने की अपील की थी। इसके अलावा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से मुकाबला खेलने की सिफारिश की थी।

दरअसल, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर किए जाने के विरोध में पाकिस्तान ने 1 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। हालांकि उसने टूर्नामेंट के बाकी मुकाबले खेलने पर सहमति जता दी थी।




### पाकिस्तान सरकार ने कहा था- वर्ल्ड कप खेलेंगे, लेकिन भारत से नहीं

पाकिस्तान ने 1 फरवरी को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद लिया। बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी। सरकार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

### हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा- एसएलसी

7 फरवरी को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से इस मैच पर दोबारा विचार करने की अपील की थी। इसके बाद श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी को मेल लिखा। इसमें कहा गया है कि भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होने से श्रीलंका क्रिकेट को आर्थिक नुकसान होगा और टूर्नामेंट की इमेज को भी नुकसान होगा। मेल पर श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी से कहा कहा, हम भारत के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट को होस्ट कर रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होता है तो हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा।

### भारतीय टीम तय समय पर श्रीलंका जाएगी

टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बीसीसीआई सूत्रों ने साफ किया है कि भारतीय टीम तय कार्यक्रम के अनुसार ही श्रीलंका दौरे पर जाएगी। टीम 15 फरवरी से पहले श्रीलंका पहुंचेगी और आईसीसी के सभी प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करेगी। हालांकि, मैच को लेकर अंतिम फैसला मैदान पर मौजूद मैच रेफरी द्वारा ही लिया जाएगा।



# डी कॉक ने धोनी की बराबरी की

## टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा डिसमिसल किए, मुन्से स्कॉटलैंड के टॉप स्कोरर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में सोमवार को 3 मुकाबले में खेले गए। साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक ने टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा डिसमिसल करने के मामले में महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी कर ली। वहीं बल्लेबाजी में स्कॉटलैंड के जॉर्ज मुन्से अपनी टीम के लिए टॉप स्कोरर बन गए। टूर्नामेंट के पहले मैच में स्कॉटलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 73 रन से हरा दिया। दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे ने ओमान पर 8 विकेट से आसान जीत दर्ज की। दिन के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका ने कनाडा को 57 रन से मात देकर अपने अभियान की शुरुआत की।

**टी-20 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड की रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत-** टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में स्कॉटलैंड ने रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज कर ली। टीम ने इटली को 73 रन से हराया। इससे पहले उसका सबसे बड़ा जीत अंतर 2022 में आया था, जब टीम ने होबार्ट में वेस्टइंडीज को 42 रन से हराया था।

### 1. टी-20 वर्ल्डकप में किसी एसोसिएट टीम ने पहली बार 200+ रन बनाए


स्कॉटलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया रिकॉर्ड बना दिया। इटली के खिलाफ कोलकाता में टीम ने 4 विकेट पर 207 रन बनाए, जो किसी भी एसोसिएट टीम का पहला 200+ स्कोर है। इससे पहले हाईएस्ट टोटल का रिकॉर्ड यूएसए (197/3 बनाम कनाडा, 2024) के नाम था। एसोसिएट टीम यानी वे टीमें जो आईसीसी फुल मेंबर नहीं हैं।

### मुन्से-जोन्स की स्कॉटलैंड के लिए टी-20 वर्ल्ड कप में हाईएस्ट पार्टनरशिप

टी-20 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड जॉर्ज मुन्से और माइकल जोन्स के नाम दर्ज हो गया है। दोनों ने ईडन गार्डन्स में पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में स्कॉटलैंड की सबसे बड़ी पार्टनरशिप है।इससे पहले भी मुन्से-जोन्स की जोड़ी इंग्लैंड के खिलाफ 90* रन की ओपनिंग साझेदारी कर चुकी है, जो लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। वहीं दूसरी बड़ी साझेदारी में मैथ्यू क्रॉस-रिची बेरिंगटन (92 रन) और मुन्से-मैकमुलेन (89 रन) शामिल हैं।

### टी-20 में पहली बार जिम्बाब्वे पेसर ने 9 विकेट लिए

कोलंबो में ओमान के खिलाफ जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों ने 9 विकेट लिए। यह पहली बार है जब टी-20 इंटरनेशनल में जिम्बाब्वे के तेज बॉलर्स ने एक पारी में 9 विकेट लिए हैं। इस मैच में रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैडली इवांस ने 3-3 विकेट झटके।




## संक्षिप्त समाचार

### 39 परीक्षा केंद्रों पर हुई इंटरमीडिएट की परीक्षा

**आरा**। जिले के सदर, जगदीशपुर एवं पीरो अनुमंडल अंतर्गत सोमवार को इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के छठे दिन 39 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। प्रथम पाली में हिंदी विषय तथा द्वितीय पाली में एग्रीकल्चर सहित अन्य विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में जिलेभर में कुल 17,155 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 17,003 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 152 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस पाली में कुल उपस्थिति 99.11 प्रतिशत दर्ज की गई। अनुमंडलवार उपस्थिति आरा में 99.01 प्रतिशत, जगदीशपुर में 99.64 प्रतिशत तथा पीरो में 99.85 प्रतिशत रही। वहीं द्वितीय पाली में कुल 22,606 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 22,254 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 352 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस पाली में जिले की कुल उपस्थिति 98.44 प्रतिशत रही। आरा अनुमंडल में 98.21 प्रतिशत, जगदीशपुर में 99.19 प्रतिशत तथा पीरो में 98.82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। इस प्रकार दोनों पालियों को मिलाकर कुल 504 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### ब्लूमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल का नवां वार्षिकोत्सव मना

**आरा**। ब्लूमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल का नवाँ वार्षिकोत्सव मना। उद्घाटन मुख्य अतिथि आरा नगर निगम की मेयर इंदु देवी ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, गीत, संगीत एवं भाषण की प्रस्तुति की। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देते हैं। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आरा विधानसभा के पूर्व विधायक अनवर आलम, पूर्व उप महापौर सलमा बेगम, जैन कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. शशि कुमार सिंह सहित शहर के कई समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। निदेशक अरशद रिज़वी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारी का विकास विद्यालय की प्राथमिकता है। वहीं प्राचार्य आशिफा निखत ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अरनव, तनु प्रिया, इरीना, आर्य, अरुचि, सोनम, सुहानी, सना, अदिति, आयुषी, प्राची, सोनाली, आराध्या, द्रक्ष, नायरा, अनन्या, सिमरन, शौर्य प्रताप, बदर, शोएब, ज़ैद, अरकम, नवाज़ एवं आदिल सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### 11 फरवरी को रविदास आश्रम में मनाई जाएगी जयंती

**गड़हनी**। 11 फरवरी को रविदास जयंती धूमधाम से बनाने को लेकर रविदास आश्रम नहसी के सदस्यों के द्वारा गांव - गांव में जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है। जयंती को लेकर गड़हनी प्रखंड के रविदास आश्रम नहसी में भव्य शोभा यात्रा एवं जुलूस निकाले जाएंगे। विजय मेहरा ने बताया कि प्रखंड के मंदुरा, सहंगी, आजमनगर, इचरी, श्रीनगर, बलीगांव, रामडीहरा,, बगवां, असलान, पिपरा, दुलापुर गांव में जनसंपर्क किया गया है जिससे जयंती धूमधाम से मनाया जा सके। साथ ही कहा कि जयंती में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत सुखदेव महाराज जी का आगमन हो रहा हैं। इस मौके पर विजय मेहरा, कन्हैया लाल , अनिल प्रकाश साधु जी, उमाशंकर, कुंदन कुमार सहित कई लोग थे।

### पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा का चुनाव में 8 सदस्य निर्विरोध विजयी

**बक्सर**। बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा बक्सर का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न। इस चुनाव में 8 उम्मीदवारों को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा चुनाव नियमावली 2025 में निहित प्रावधानों के तहत पूरी की गई, जहां सभी सदस्य निर्विरोध घोषित हुए। चुनाव के दौरान मुख्य चुनाव पदाधिकारी सह पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार सिंह एवं बिजेंद्र कुमार की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांचोपरांत नामांकन पत्र वैध पाए गए। मौके पर डीएसपी भी मौजूद रहे और प्रक्रिया की निगरानी की। माना जा रहा है कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा बक्सर संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगा व पुलिसकर्मियों के कल्याण से जुड़े मुद्दों को उठाया जाएगा। वहीं उपाध्यक्ष पद पर रचना सिंह, उपाध्यक्ष द्वितीय के रूप में अभिरंजन कुमार, सचिव (मंत्री) पद पर रवींद्र कुमार राम, कोषाध्यक्ष के रूप में विकास कुमार, संयुक्त मंत्री पद पर राजू कुमार, केंद्रीय सदस्य के रूप में विकास यादव तथा अंकेक्षक पद पर मो. इस्लाम अंसारी को निर्वाचित घोषित किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन की एकता को मजबूत करने, पुलिसकर्मियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए सतत प्रयास करने का संकल्प लिया। चुनाव के निर्विरोध संपन्न होने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों ने संतोष व्यक्त किया और नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी।

### जिले में अप्रैल से होगी गेंहू की खरीद

**बक्सर**। जिले में अभी गेहूं की फसल खेतों में लहलहा रहे हैं अधिकतर इलाकों में गेहूं फसल में बालियां भी नहीं आई है। इधर गेहूं खरीद को लेकर विभागीय निर्देश जारी हो चुका है। जिले में एक अप्रैल से गेहूं की अधिप्राप्ति की जाएगी। सरकार के निर्देश पर जिला सहकारिता विभाग ने गेहूं खरीदारी की भी तैयारियां शुरू कर दी है। ताकि निर्धारित समय तक गेहूं खरीद में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो सके। धान अधिप्राप्ति की तर्ज पर गेहूं की भी खरीदारी की जाएगी। जिले में गेहूं की खरीदारी पंचायत स्तर पर पैक्स तथा प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडल के क्रय केंद्रों के माध्यम से की जाएगी। किसानों को गेहूं बेचने के लिए दूर-दराज की मंडियों में भटकना नहीं पड़ेगा। सबसे बड़ी राहत यह है कि गेहूं की बिक्री के 48 घंटे के भीतर ही भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गेहूं खरीदारी की आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई है। ई-सहकारी पोर्टल पर निबंधन की प्रक्रिया शुरूः किसानों के निबंधन के लिए ई-सहकारी पोर्टल पहले ही चालू किया गया है। इच्छुक किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित होकर ई-सहकारी पोर्टल के किसान कॉर्नर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिन किसानों ने पूर्व वर्षों में पोर्टल पर निबंधन कराया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि भूमि विवरण या नामित सदस्य की जानकारी में संशोधन की सुविधा भी पोर्टल पर उपलब्ध है। फिलहाल धान खरीद के लक्ष्य को पूरा करने में विभाग लगा हुआ है, तथा जैसे-जैसे गेहूं खरीद को लेकर मुख्यालय से निर्देश मिलेगा, उसका पालन करते हुए गेहूं खरीद भी तय समय से शुरू की जाएगी।

# एडमिट कार्ड लहराकर डीजे पर झूमे इंटर के स्टूडेंट्स

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। बिहार में इंटर (12वीं) की परीक्षा संपन्न होते ही छात्र-छात्राओं ने लंबी मेहनत और मानसिक दबाव से राहत की सांस ली। महीनों तक चली पढ़ाई, परीक्षा की तैयारी और बोर्ड परीक्षा के तनाव के बाद अब छात्रों के चेहरों पर सुकून और खुशी साफ नजर आने लगी है। इसी खुशी और उत्साह का एक अनोखा नजारा इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह वायरल वीडियो भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड स्थित राम जानकी हाई स्कूल के पास की है। जानकारी के अनुसार, बीते एग्जाम खत्म होने के बाद परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते ही छात्र-छात्राओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि छात्र अपने हाथों में एडमिट कार्ड लहराते हुए सड़क से गुजर रहे एक डीजे वाहन के पीछे-पीछे चल रहे हैं। भोजपुरी गानों की धुन पर जमकर थिरकते नजर आ रहे हैं। किसी के चेहरे पर मुस्कान है, तो कोई दोस्तों के साथ तालियों और ठहाकों के बीच खुशी साझा



करता दिख रहा है।

**छात्रों का बेफिक्र अंदाजः** परीक्षा के दौरान लगातार पढ़ाई, समय का दबाव और अच्छे परिणाम की चिंता छात्रों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होती। ऐसे में परीक्षा खत्म होने के बाद इस तरह का उत्साह और उमंग स्वाभाविक मानी जा रही है। वायरल वीडियो में छात्रों का बेफिक्र अंदाज यह दर्शाता है कि वे परीक्षा के तनाव से पूरी तरह मुक्त होकर इस पल को खुलकर जी रहे हैं।

**एग्जाम के बाद छात्रों को मिली राहतः** सोशल मीडिया पर यह वीडियो सामने आते ही तेजी से वायरल हो गया। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म पर लोग इसे अलग-अलग प्रतिक्रियाओं के साथ साझा कर रहे हैं। कई लोग इसे छात्रों की मेहनत के बाद मिली राहत और खुशी का प्रतीक बता रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसे परीक्षा के बाद का सुकून और युवाओं की ऊर्जा से भरा पल मान रहे हैं। यह वायरल वीडियो न सिर्फ परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों के जश्न को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि कड़ी मेहनत और तनाव के बाद खुशी के ऐसे पल युवाओं के लिए कितने मायने रखते हैं।

## शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के बलुआ बाजार में सोमवार रात बलुआ बाजार में अचानक आग लगी। देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। 6 दुकानें जलकर राख हो गईं। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय सभी दुकानें बंद थीं और दुकानदार अपने-अपने घर जा चुके थे। जिससे किसी तरह की जानहानि नहीं हुई, लेकिन आर्थिक नुकसान ने कई परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। मामला कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र से जुड़ा है।

**कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबूः** देर रात बाजार से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। लोगों ने तत्काल स्थानीय थाना और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही कृष्णगढ़ थाना की पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में घंटों की मेहनत लगी, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी। तब तक कई दुकानें पूरी तरह जल चुकी थी और बाजार का दृश्य भयावह हो गया था।

**दुकानदारों की बढ़ी चिंताः** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग सबसे पहले एक दुकान में लगी और फिर धीरे-धीरे आसपास की दुकानों तक फैल गई। आग की तीव्रता



के कारण दुकानों में रखी सब्जियां, गैस सिलेंडर, फास्ट फूड सामग्री, बर्तन और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए। घटना के बाद से प्रभावित दुकानदारों में मायूसी और चिंता का माहौल है। कई दुकानदारों का कहना है कि यही दुकान उनके परिवार की रोजी-रोटी का एकमात्र साधन थी, जो एक ही रात में खत्म हो गई।

**नुकसान का आकलन किया जा रहा हैः** कृष्णगढ़ थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग से प्रभावित दुकानों में सब्जी, चाट-समोसा और फास्ट फूड की दुकानें शामिल हैं। पीड़ित दुकानदारों से आवेदन मांगा गया है, ताकि नुकसान का आकलन कर आगे की कार्रवाई की जा सके। प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है और आग से हुए नुकसान का विवरण जुटाया जा रहा है।

## 2 चरण में 8 वीं जनगणना, पहला चरण 2 मई से

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। जिले में 8 वीं जनगणना 2 चरणों में कराई जाएगी। इसको लेकर डीएम सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी साहिला ने भारत की जनगणना, 2027 के निमित पूर्व से गठित जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में किया। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य 2 चरणों में सम्पन्न किया जाना है। प्रथम चरण का कार्य मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना जो तिथि 02 मई 2026 से 31 मई 2026 तक सम्पन्न होगी। द्वितीय चरण का कार्य संदर्भ तिथि 01 मार्च 2027, 00:00 बजे को मानते हुए फरवरी 2027 में वास्तविक जनसंख्या की गणना की जायेगी। जनगणना से छुटे हुए परिवार के लिए रिविजनल राउन्ड 02 मार्च 2027 से 05 मार्च 2027 सम्पन्न किया जायेगा। बैठक में प्रशासनिक इकाई नगर निकाय वार्ड, राजस्व ग्राम, प्रखण्ड तथा चार्ज इत्यादि



है। विशेष क्षेत्र, प्रतिबंधित क्षेत्र, मलिन बस्ति,मलिन बस्तियों की जननांकिकी हेतु मलिन बस्ति गणना ब्लॉक का गठन, प्रगणक ब्लॉक की संरचना,चार्ज रजिस्टर तथा सर्किल रजिस्टर की तैयारी इत्यादि के संदर्भ में प्रकाश डालते हुए सभी चार्ज पदाधिकारियों (ग्रामीण तथा नगरीय) को निर्देश दिया। डीएम ने जनगणना 2027 जैसे महत्वपूर्ण कार्य की महत्ता एवं प्रथम बार डिजिटल मोड में जनगणना, 2027 सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता सह जिला जनगणना पदाधिकारी सह संयोजक सदस्य, स्थापना उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सूचना जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला सूचना एवं अन्य हे ।

## धारदार हथियार से मारकर दुकानदार की हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के अगिआंव बाजार चमर टोली में सोमवार को नाली के विवाद को लेकर धारदार हथियार से मारकर एक दुकानदार की हत्या कर दी गई। मारपीट के दौरान मृतक के बेटे समेत तीन लोग जख्मी हो गए। जिनका इलाज पुलिस अभिरक्षा में कराया जा रहा है। घटना अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र की है। मामले की सूचना पर पीरो एएसपी सह एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह और थानाध्यक्ष शैलेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान इंद्रचंद्र राम(56) के तौर पर हुई है। बाजार में जूता-चप्पल की दुकान चलाते थे।

**गांव के लोगों पर हत्या का आरोपः** मृतक के बेटे ने बताया कि रविवार की रात दुकान बंद करके पापा के साथ घर पहुंचा था। कुछ देर बाद बाहर हल्ला होने लगा।



गांव के लोगों ने बताया कि उधर झगड़ा हो रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। हमलोगों ने सोचा कि किसी ने पिया-खाया होगा। इसलिए झगड़ा हुआ है। इसके बाद सुबह दोनों पिता-पुत्र शौच करने के लिए जा रहे थे। तभी गांव के कुछ लोग आए और उन्होंने कहा की तुम्हारा जिनसे झगड़ा हुआ था वे लोग तेरे चाचा को मार रहे हैं। जब वहां पहुंचा तो उनलोगों ने गड़ासी(धारदार) से मारकर पिता इंद्रचंद राम की हत्या कर दी। बीच बचाव करने के दौरान मुझे भी गड़ासी से मारकर जख्मी कर दिया गया। गांव के ही परमानंद और उसके बेटे चंदन पर हत्या और मारपीच करने का आरोप लगाया है।

**नाली में जमा पानी को लेकर विवाद हुआ थाः** जानकारी के अनुसार रविवार की शाम नाली में पानी जाम हो जाने के विवाद को लेकर इंद्रचंद्र राम, उसके पुत्र और दूसरे पक्ष के परमानंद, उसके पुत्र चंदन के बीच मारपीट हुई थी। मारपीट के दौरान एक पक्ष के परमानंद, उसका पुत्र चंदन और दूसरे पक्ष के इंद्रचंद राम का पुत्र जख्मी हो गया था। उसी विवाद को लेकर सोमवार की सुबह परमानंद ने अपने बेटे के साथ मिलकर इंद्रचंद राम की हत्या कर दी।

**पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लियाः** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार में पत्नी मोतीझारो देवी, छह पुत्री मुन्नी देवी, मीना देवी, धनामुनी देवी, टुन्नी देवी, रीना कुमारी, हीरामुनी कुमारी और दो पुत्र धनेस राम, राजेश राम है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## हत्या, हिंसा और बलात्कार के खिलाफ न्याय मार्च को ले आइसा ने बांटा पर्चा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। चुनाव से पहले बढ़ती हत्या, हिंसा और बलात्कार की घटनाओं के विरोध में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) द्वारा न्याय मार्च का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में सोमवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर (पीजी) विभागों एवं महिला छात्रावास में पर्चा वितरण कर छात्र-छात्राओं से 9 फरवरी को पटना चलने की अपील की गई। आइसा ने दावा किया कि इस न्याय मार्च में सैकड़ों छात्र और छात्राएं शामिल होंगे। आइसा के जिला सचिव विकास कुमार ने कहा कि बिहार में हाल ही में नई सरकार बनी है, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही हैं और सरकार खुद को सुशासन की सरकार बताती है। इसके बावजूद राज्य के विभिन्न जिलों से लगातार बलात्कार, हत्या और हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की बच्चियां और महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। सरकार को बढ़ते अपराध और बलात्कार की घटनाओं पर सख्त अंकुश लगाना चाहिए। आइसा नेताओं ने कहा कि जब तक दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होगी और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तब तक ऐसे जनआंदोलन जारी रहेंगे।

## स्नातकोत्तर प्राकृत विभाग के छात्रों की नेट-जेआरएफ में सफलता पर हर्ष

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के स्नातकोत्तर प्राकृत एवं जैनशास्त्र विभाग के छात्रों ने यूजीसी द्वारा आयोजित नेट एवं जेआरएफ परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विश्वविद्यालय और विभाग का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विभाग में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सफल छात्रों का अभिनंदन किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष विभाग के छात्र श्वेता राज ने नेट तथा छात्र आदित्य राम ने जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। बैठक का उद्देश्य सफल छात्रों को सम्मानित करना और कनिष्ठ (जूनियर) विद्यार्थियों को शोध एवं अकादमिक करियर के लिए प्रेरित करना था। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दूधनाथ चौधरी ने कहा कि प्राकृत जैसी प्राचीन और समृद्ध भाषा



में शोध की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने छात्रों की इस सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर अध्ययन, अनुशासन और मूल ग्रंथों का गहन अध्ययन ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर सफल छात्र-छात्राओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। सफल विद्यार्थियों ने अपनी तैयारी की रणनीति साझा करते हुए बताया कि नियमित अभ्यास और विषय की गहरी समझ से ही यह सफलता संभव हो पाई है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी सत्र में नेट एवं जेआरएफ की तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन कार्यशालाओं (वर्कशॉप) का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक छात्र राष्ट्रीय स्तर की इन परीक्षाओं में सफल हो सकें। बैठक में विभाग के प्राध्यापक लोक प्रशासन के डॉ. रमेश सिंह, प्राकृत एवं जैनशास्त्र विभाग के डॉ. अमित कुमार, लोक प्रशासन विभाग के डॉ. रमेश कुमार, राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. चंद्र उर्दू और डॉ. अरमान सहित सभी शोधार्थी और छात्र उपस्थित रहे।

## भोलेनाथ का हुआ तिलक समारोह



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ **महाशिवरात्रि से पहले उमड़ा जनसैलाब, धूमधाम से शुरू हुई शादी की तैयारी, 'हर-हर महादेव' से गूंजा परिसर**

**बक्सर**। बक्सर शहर में महाशिवरात्रि से पहले भगवान भोलेनाथ की शादी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में नर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर, खलासी मोहल्ला में पारंपरिक तिलक समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। इस तिलक समारोह में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी भगवान के दरबार में पहुंचे। माता गौरा की ओर से भगवान भोलेनाथ को तिलक अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा सामग्री, फल, मिठाई और मेवा चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की।

**वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से हुआ तिलकः** मंदिर में मौजूद स्थानीय पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से तिलक की रस्म पूरी कराई। पूरे वातावरण में भक्तिमय संगीत और शंखनाद की गूंज सुनाई देती रही, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। तिलक के बाद अब भगवान भोलेनाथ की हल्दी-मेहंदी की रस्में निभाई जाएंगी। इसके पश्चात 15 फरवरी को शहर के विभिन्न मंदिरों से आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। यह शिव बारात हर साल बक्सर की पहचान बन चुकी है। बारात में सजे-धजे रथ, डीजे, बैंड-बाजा, ढोल-नगाड़े और आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे पूरे साल इस आयोजन का इंतजार करते हैं, जो शहर की सांस्कृतिक एकता और आस्था का प्रतीक है। महाशिवरात्रि से पहले ही बक्सर की गलियां भक्तिमय माहौल में सराबोर हो चुकी हैं और पूरा शहर शिवमय नजर आ रहा है।